सूर्योदय 5:51 सूर्यास्त 7:00

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.2 न्यू | 22.0 अधि |
| धर्मशाला | 19.4 न्यू | 29.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,644.39 |
| निफ्टी | 24,980.65 |
| सोना | 1,00,700 |
| चांदी | 1,17,100 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 20 अगस्त 2025 | 5 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 232, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



मनु भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता कांस्य पदक

पृष्ठ 14 पर

# हिमकेयर पर आर-पार, राजस्व मंत्री का बहिष्कार

## विपक्ष ने 3 बार किया वॉकआउट, सत्ता पक्ष पर तीखे वार, सीएम ने किया पलटवार

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन भी जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष ने एक घंटे के अंदर हिमकेयर, राजस्व मंत्री के बयान और एपीएमसी में नियुक्तियों को लेकर तीन बार वॉकआउट किया। पक्ष-विपक्ष हिमकेयर योजना के सियासी पेंच में उलझकर रह गया। जब सदन में जन-सरोकार के प्रश्न उठाए जा रहे थे, तब पूर्ववर्ती सरकार की इस महत्वाकांक्षी स्वास्थ्य योजना के लंबित भुगतानों का मुद्दा विस्फोटक रूप में सामने आया।

विपक्ष के तीखे सवालों और सरकार के गोलमोल जवाबों के बीच सदन का माहौल गरमा गया। आरोप-प्रत्यारोप की इस गर्मागर्मी के बीच पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के नेतृत्व में समूचा विपक्ष सरकार के असंवेदनशील रवैये का विरोध करते हुए सदन से वॉकआउट कर गया।



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सदन में अपनी सरकार का पक्ष रखते हुए।

विपक्ष के विधायकों ने हिमकेयर योजना के तहत अस्पतालों के लंबित भुगतानों का मुद्दा जोर-शोर से उठाया। जब एक विधायक ने योजना से जुड़ा एक मार्मिक वाकया सुनाया और मुख्यमंत्री व कुछ मंत्री कथित तौर पर मुस्कुराते दिखे, तो विपक्ष का गुस्सा भड़क उठा। वहीं, विपक्ष ने नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी द्वारा की गई टिप्पणी से नाराज होकर मंत्री नेगी से सवाल न पूछने की बात कही और पूरे सदन से उनका बहिष्कार कर दिया। इधर, एपीएमसी में हुई नियुक्तियों में भाई-भतीजावाद का आरोप लगाकर विपक्ष ने सत्ता पक्ष को घेरना चाहा।

### जयराम के सरकार पर गंभीर आरोप



**सदन** से बाहर निकलने के बाद, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने पत्रकारों से बातचीत में सरकार पर तीखे हमले किए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की वर्तमान सरकार ने राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था का 'बेड़ा गर्क' कर दिया है। उन्होंने कहा कि हिमकेयर योजना के तहत अस्पतालों पर 364 करोड़ रुपए से अधिक की देनदारियां बकाया हैं, जिसके कारण मरीज दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। जयराम ने मुख्यमंत्री सुक्खू पर भी निशाना साधते हुए कहा कि सदन में उनकी स्थिति 'हास्यास्पद' हो गई है, क्योंकि उनके अपने मंत्री और विधायक भी उनकी बात नहीं सुन रहे हैं।

### पूर्व सरकार ने योजना पर जरूरत से ज्यादा पैसा खर्चा



**वहीं,** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार ने हिमकेयर योजना को बंद नहीं किया है, बल्कि इसमें सुधार किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकार के कार्यकाल में हिमकेयर योजना में 'बहुत बड़ा घोटाला' हुआ था और योजना का लाभ राजनीतिक लोगों को दिया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकार ने इस योजना पर 1000 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए थे, लेकिन फिर भी अस्पतालों की देनदारियां लंबित थीं। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि उनकी सरकार जनहित के सभी मुद्दों पर गंभीर है और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### मंत्री से प्रश्न न पूछना और बात न रखने देना लोकतंत्र की हत्या: नेगी



**सदन** उस समय गर्मा गया जब राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई। एक साधारण सवाल से शुरू हुई नोकझोंक जल्द ही बड़े राजनीतिक टकराव में बदल गई। दरअसल, प्रश्नकाल के दौरान राजस्व मंत्री ने सराज क्षेत्र में आई आपदा का जिक्र करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर तंज कसा। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि जब जयराम ठाकुर के पैर में कांटा चुभा, तब उन्हें दर्द का अहसास हुआ। मंत्री की इस टिप्पणी ने सदन में हंगामा खड़ा कर दिया। विपक्ष ने इस बयान को अपमानजनक बताते हुए सदन से वॉकआउट कर दिया। वहीं, नेगी ने पत्रकारों से कहा कि जयराम सदन को अपने हिसाब से चलाना चाहते हैं। मंत्री से प्रश्न न पूछना और बात न रखने देना लोकतंत्र की हत्या है।

### साल में चार बार बनेंगे हिमकेयर कार्ड: शांडिल

**स्वास्थ्य** मंत्री धनी राम शांडिल ने हिमकेयर कार्ड से जुड़ी एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने बताया कि अब लाभार्थियों की सुविधा के लिए साल में चार बार हिमकेयर कार्ड बनाए जाएंगे। ये कार्ड मार्च, जून, सितंबर और दिसंबर में जारी किए जाएंगे। आपातकाल की स्थिति में, अस्पतालों के प्रधानाचार्यों, एमएस और अधीक्षकों को भी सालाना 100 पात्र व्यक्तियों के कार्ड बनाने का अधिकार दिया गया है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### अनिश्चितकाल के लिए किन्नर कैलाश यात्रा हुई स्थगित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश के किन्नौर में लगातार हो रही भारी बारिश, भूस्खलन और घने कोहरे के कारण किन्नर कैलाश यात्रा बंद कर दी गई है। जिला मजिस्ट्रेट डॉ. अमित कुमार शर्मा ने आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत यह आदेश जारी किया है, जिसका उद्देश्य तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। यह निर्णय इसलिए लिया गया है क्योंकि हाल ही में हुई घटनाओं में कई लोग घायल हुए हैं, और मौसम विभाग ने अगले 5-7 दिनों तक भी लगातार बारिश का अनुमान लगाया है।

### सीएम सुक्खू के खिलाफ मानहानि केस की सुनवाई 9 सितंबर को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के खिलाफ मानहानि के मुकदमों में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम सामने आया है। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने तीन याचिकाकर्ताओं सुधीर शर्मा, होशियार सिंह और राजिंद्र सिंह को अपनी दलीलें पेश करने के लिए 'अंतिम मौका' दिया है। कोर्ट ने साफ चेतावनी दी है कि अब और समय नहीं दिया जाएगा। न्यायमूर्ति सत्येन वैद्य की अदालत में 18 अगस्त को हुई सुनवाई के दौरान यह फैसला लिया गया। इन तीनों विधायकों ने मुख्यमंत्री पर आरोप लगाया है कि उन्होंने एक राजनीतिक बहस के दौरान उन्हें 'बिके हुए विधायक' कहा था। अब मामले की अगली सुनवाई 9 सितंबर को होगी।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- आपदा से बचाव के लिए मौसम पूर्वानुमानों का विकेंद्रीकरण आवश्यक: अनुराग -पेज 2
- ढलियारा में जमीन धंसने से तीन दुकानें जमींदोज -पेज 5
- कनाडा में स्वतंत्रता दिवस पर दिखी मिंजर मेले की सांस्कृतिक झलक -पेज 6
- सिल्हबुधाणी व तरसवाण में बारिश ने मचाई तबाही -पेज 9
- प्रोटेक टेलिंक्स फार्मा फैक्टरी में पहाड़ से आए मलबे ने मचाई तबाही -पेज 12


# बैनमोर-भट्टाकुफर में भूस्खलन कई सरकारी आवास कराए खाली

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल में मानसून की तबाही जारी है। लगातार हो रही भारी बारिश और भूस्खलन ने पूरे राज्य में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है, लेकिन राजधानी शिमला पर इसका विशेष कहर देखने को मिला है। शहर में कई स्थानों पर भूस्खलन की घटनाओं से लोगों की जान और माल दोनों को खतरा है।

राजधानी के बैनमोर वार्ड में राजभवन क्षेत्र में रात को हुए भारी भूस्खलन के कारण सड़क बंद हो गई है, जिससे आवागमन ठप हो गया। इस भूस्खलन ने आसपास के कई सरकारी आवासों को खतरे में डाल दिया है, जिन्हें अब खाली करवाया जा रहा है। मंगलवार सुबह नगर निगम और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ-साथ महापौर सुरेंद्र चौहान और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मौके का जायजा लिया। इसके अलावा, शिमला के भट्टाकुफर में स्थित प्रसिद्ध फल मंडी में भी पहाड़ी का एक हिस्सा अचानक ढह गया। शिमला के अलावा, राज्य के अन्य हिस्सों में भी बारिश ने भारी नुकसान पहुंचाया है।



सड़क पर गिरा भूस्खलन का मलबा।

# अब कुल्लू की लगघाटी में बादल फटने से तबाही

## छह दुकानें, दो मकान और गोशालाएं बहीं, लोगों ने रात को भागकर बचाई जान

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**कुल्लू।** कुल्लू जिले में पिछले कुछ दिनों से बादल फटने और भारी बारिश के कारण बाढ़ आने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी कड़ी में सोमवार रात जिला मुख्यालय कुल्लू के साथ सटी लगघाटी की चौपाड़सा पंचायत के कड़ौन नाले में बादल फटने की सूचना है। इससे पंचायत के करीब 15 परिवारों की करीब 60 बीघा कृषि योग्य भूमि बह गई है और फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है।

इसके अलावा पंचायत में दो मकान, दो पुलों सहित अन्य करीब 10 और छह दुकानें, दो गऊएं, कई गोशालाएं, एक कैम्पर, एक स्कूटी भी बह गई है। रोपडी-भुट्टी का पुल और सुम्मा का शमशानघाट बह गया है। घाटी की पंचायतों को जोड़ने वाली कुछ सड़कें भी भारी नुकसान होने से बाधित हुई हैं। बादल फटने से भुभू व रुजग, कड़ौन नालों का जलस्तर बढ़ गया, जिससे लगघाटी में तबाही मची। इससे सरवरी खड्डु भी उफान पर है और आसपास के लोगों को खतरा पैदा हो गया है। वहीं, सरवरी खड्डु का जलस्तर बढ़ने से शीशामाटी के साथ लगते चंडीगढ़ क्षेत्र में रात को लोगों ने भागकर जान बचाई।



तबाही का मंजर।

उधर, रूजग और तेलंग में दो पुल बह गए। इससे दुर्गम चार पंचायतों का संपर्क कट गया है। वहीं, लगघाटी में भारी बारिश के चलते भुभू नाला में भारी मलबा और पानी आ गया है जिस कारण सरवरी खड्डु ने भी रौद्र रूप धारण कर लिया है। कड़ौन में बादल फटने से रुजग और भूभू नाले में भारी बाढ़ आने से वहां पर सड़क पर बना पुल टूट कर बह गया है, जिससे घाटी की 4 पंचायतों का संपर्क जिला मुख्यालय से पूरी तरह कट गया है और बिजली और पेयजल आपूर्ति भी बाधित है।

उधर, उपायुक्त ने लोगों से अपील की कि वे मौसम विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा जारी अलर्ट का अनुपालन करें तथा अनावश्यक यात्राओं से बचें। उन्होंने कहा कि लगातार वर्षा के कारण नदी-नालों का जलस्तर बढ़ रहा है, इसलिए लोग इन स्थानों के नजदीक न जाएं। उन्होंने बताया कि सोमवार रात करीब अढ़ाई बजे लग वैली में बादल फटने से सरबरी नाले में अचानक भारी मात्रा में पानी आ गया। इससे भूतनाथ पुल की सड़क को भारी क्षति पहुंची है।

# खतरनाक होती गोबिंदसागर झील

## जिला प्रशासन ने तटीय क्षेत्र किए अलर्ट जोन घोषित

अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**बिलासपुर।** लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने गोबिंदसागर झील के जलस्तर को चिंताजनक स्थिति तक पहुंचा दिया है। प्रशासन की निगाहें अब पूरी तरह इस जलाशय पर टिकी हैं, जहां पानी का स्तर लगातार बढ़ रहा है और तटीय इलाकों में दहशत का माहौल बन गया है। पिछले कुछ दिनों में जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी के बाद प्रशासन ने इसे संभावित खतरे के रूप में चिन्हित कर निगरानी और तैयारी दोनों को युद्धस्तर पर तेज कर दिया है।

सूत्रों के अनुसार, जिला प्रशासन ने संवेदनशील तटीय क्षेत्रों को 'अलर्ट जोन' घोषित किया है। आपदा प्रबंधन की टीमें लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं और किसी भी संभावित निकासी के लिए योजनाएं तैयार की जा रही हैं। पुलिस और राहत दलों को पूरी तरह अलर्ट मोड पर रखा गया है। वहीं, क्षेत्रीय राजस्व विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि वे पंचायत स्तर पर त्वरित रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें और स्थिति का सतत मूल्यांकन करते रहें।

भाखड़ा डैम प्रशासन से प्राप्त आंकड़े भी स्थिति की गंभीरता को उजागर कर रहे हैं। 19 अगस्त को जलस्तर 1658.99 फुट दर्ज किया गया, जो पिछले वर्ष की इसी तारीख से 31 फुट अधिक है। बीबीएमबी अधिकारियों के अनुसार, डैम में वर्तमान में 89,371 क्यूसिक पानी की आवक हो रही है, जबकि टरबाइनों के माध्यम से मात्र 22,864 क्यूसिक पानी निकाला जा रहा है। इस धीमी निकासी का मुख्य कारण जलविद्युत उत्पादन को प्राथमिकता देना है, लेकिन यदि वर्षा का यही क्रम जारी रहा, तो डैम अगले कुछ दिनों में 1680 फुट के सुरक्षित अधिकतम जलस्तर के समीप पहुंच सकता है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों में और बारिश की संभावना जताई है, जिससे हालात और बिगड़ सकते हैं। प्रशासन ने लोगों को स्पष्ट किया है कि अफवाहों से बचें और केवल आधिकारिक स्रोतों से जानकारी लें। साथ ही, झील के आसपास या किसी भी संवेदनशील इलाके में संदिग्ध गतिविधि या खतरे की आशंका हो, तो इसकी जानकारी तुरंत अधिकारियों को दें।

**1658.99** फुट जलस्तर 19 अगस्त तक, जो पिछले साल से 31 फुट अधिक

**1680** फुट तक भाखड़ा बांध का जलस्तर सुरक्षित रखने की कैपेसिटी



लबालब भरी गोबिंदसागर झील।



"स्थिति पर प्रशासन की पैनी नजर बनी हुई है और नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा की जा रही है ताकि किसी भी संभावित आपदा को समय रहते रोका जा सके। भाखड़ा डैम का खतरे का स्तर 1680 फुट है। इसे ध्यान में रखते हुए बीबीएमबी समय-समय पर जल की निकासी कर रहा है। केंद्रीय जल आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार आवश्यक उपाय बीबीएमबी द्वारा किए जा रहे हैं और संबंधित प्रशासनिक अधिकारी एनटीपीसी कोलडैम के संपर्क में लगातार बने हुए हैं। जब भी एनटीपीसी कोलडैम से जल की निकासी की जाती है, उसकी जानकारी नियमित रूप से बीबीएमबी को साझा की जाती है।"

-राहुल कुमार (आईएएस), उपायुक्त, बिलासपुर

### स्थानीय लोग बोले-प्रशासन स्थिति की पारदर्शिता करे साझा

**स्थानीय** लोग प्रशासन से स्थिति की पारदर्शी जानकारी साझा करने की मांग कर रहे हैं। गांवों में अफवाहों का बाजार गर्म है और लोगों में यह चिंता स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है कि अगर जलस्तर और बढ़ा तो राहत और बचाव में देर न हो। स्कूलों, अस्पतालों और सार्वजनिक संस्थानों के पास अतिरिक्त एहतियाती इंतज़ाम किए गए हैं । इस बीच, प्रशासन ने चेतावनी जारी करते हुए नागरिकों से अपील की है कि वे झील के किनारों से दूर रहें और किसी भी आपात स्थिति में जिला नियंत्रण कक्ष या पुलिस को तत्काल सूचित करें। जिला प्रशासन द्वारा ड्रोन और सीसीटीवी के माध्यम से जलस्तर की निगरानी की योजना बनाई गई है।

# हमीरपुर में चंदन चोर गिरोह सक्रिय लगातार दूसरी रात कटर से काटे पेड़

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हमीरपुर में चंदन के पेड़ काटने का सिलसिला थम नहीं रहा। हीरानगर में दो परिवारों के परिसरों से सोमवार मध्यरात्रि चंदन के पेड़ काटकर अज्ञात लोग ले गए। हीरानगर के राजेंद्रपाल सिंह और ओपी अत्री ने बताया कि रात करीब 2 बजे उनके 30 वर्ष पुराने चंदन के पेड़ों को कटर से काटकर नीचे का मोटा हिस्सा चुरा लिया गया। पड़ोसियों ने शोर सुनने पर फोन किया, लेकिन जब तक वे बाहर आए, चोर भाग चुके थे।



राजेंद्रपाल सिंह और ओपी अत्री जिनके पेड़ काटे गए।

उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस से फौरी कार्रवाई की मांग की। इससे पहले रविवार रात को भी एनआईटी हमीरपुर परिसर से तीन पेड़ काटे गए थे। शहर के वार्ड नंबर-10 में एक सप्ताह पहले हुई चोरी की घटना में परिवार ने पुलिस को शिकायत तक नहीं दी थी।

स्थानीय लोगों ने चंदन चोर गिरोह सक्रिय होने पर चिंता जताई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, डीएफओ अंकित कुमार का कहना है कि संबंधित लोगों ने इसे अपनी निजी भूमि का मसला बताया है, लिहाजा पुलिस में उन्होंने शिकायत की है।

# राज्यसभा में वोटर वेरिफिकेशन पर हंगामा

## निशिकांत दुबे बोले- कांग्रेस ने स्पेस मिशन को किया कमजोर

एजेंसी, नई दिल्ली

लोकसभा और राज्यसभा में वोटर वेरिफिकेशन और वोट चोरी को लेकर मंगलवार को भी विपक्ष ने हंगामा किया। सफल स्पेस मिशन पर चर्चा के दौरान लोकसभा में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में रहते हुए अमेरिका, चीन और पाकिस्तान के कहने पर देश के स्पेस मिशन को कमजोर किया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने केरल के प्रसिद्ध इसरो वैज्ञानिक नंबी नारायणन को सीबीआई के जरिए 1994 में गलत तरीके से गिरफ्तार कराया। इस साजिश से भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को बहुत नुकसान हुआ, इसलिए कांग्रेस नहीं चाहती कि इस विषय पर सदन में चर्चा हो। इससे पहले लोकसभा में नारेबाजी के बीच स्पीकर ओम बिरला ने प्रश्नकाल चलाने की कोशिश की। कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कुछ सवालों के जवाब भी दिए, लेकिन हंगामा नहीं रुका। वहीं, राज्यसभा में खान और खनिज संशोधन विधेयक 2025 पारित हुआ। दोनों सदन की कार्यवाही को 20 अगस्त सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।




लोकसभा में मंगलवार को गुवाहाटी में भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) की स्थापना के लिए एक विधेयक पारित कर दिया। इसके लिए केंद्र सरकार 550 करोड़ रुपए की सहायता देगी। भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2025 को निचले सदन में हंगामे के बीच पारित किया गया।

**मुकाबला** रेड्डी गुवाहाटी हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और गोवा के रह चुके हैं पहले लोकायुक्त

# रिटायर्ड जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी विपक्ष के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार

एजेंसी, नई दिल्ली

विपक्षी गठबंधन ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। उनका मुकाबला एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृणन से होगा। 79 साल के रेड्डी गुवाहाटी हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और गोवा के पहले लोकायुक्त रह चुके हैं। वह आंध्र प्रदेश के रहने वाले हैं। साल 2007 में सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त किया गया था। खास बात है कि दोनों उम्मीदवार दक्षिण से हैं। रिटायर जस्टिस रेड्डी आंध्र प्रदेश से, जबकि सीपी राधाकृष्णन तमिलनाडु से हैं। दोनों 21 अगस्त को नामांकन दाखिल करेंगे और 25 अगस्त तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 9 सितंबर को वोटिंग होगी। उसी दिन काउंटिंग भी होगी। (अनंत ज्ञान)



### खड़गे बोले- संविधान बचाने को विपक्ष एकजुट



**प्रेस** कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जब कभी लोकतंत्र और संविधान खतरे में आता है, विपक्ष उसे बचाने के लिए एकजुट हो जाता है। विपक्षी दलों ने एक साझा उम्मीदवार रखने का फैसला किया है, यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है। मुझे खुशी है कि सभी विपक्षी दल एक नाम पर सहमत हुए हैं। यह लोकतंत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

### मोदी ने सीपी राधाकृष्णन को किया सम्मानित



**दिल्ली** में मंगलवार को एनडीए संसदीय दल की बैठक हुई। इसमें पीएम मोदी भी शामिल हुए। मोदी ने बैठक में महाराष्ट्र के राज्यपाल और उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन को बधाई दी और सम्मानित किया। बैठक को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि राधाकृष्णन सरल और सहज व्यक्ति हैं। वे राजनीति में खेल नहीं करेंगे। इस दौरान राधाकृष्णन को एनडीए के सभी सहयोगी दलों के सांसदों से भी मिलवाया गया। बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि पीएम मोदी ने विपक्ष समेत सभी दलों से सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद पर सर्वसम्मति से चुनने की अपील की है। 17 अगस्त को भाजपा संसदीय बोर्ड बैठक के बाद एनडीए की तरफ से राधाकृष्णन के नाम का ऐलान किया गया था। राधाकृष्णन 20 अगस्त को सुबह 11 बजे अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### 13 सितंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** 13 सितंबर को हमीरपुर, बड़सर व नादौन न्यायिक परिसरों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव कुलदीप शर्मा ने बताया कि आपराधिक समझौतायोग्य मामले, एनआई एक्ट, भूमि विवाद, दुर्घटना क्लेम, बिजली-पानी बिल, वेतन, पेंशन, वैवाहिक व श्रम विवादों का निपटारा आपसी सहमति से किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति 8 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं। लोक अदालत में वे मामले भी निपटाए जाएंगे, जो अभी अदालत में दाखिल नहीं हुए हैं। प्री-लोक अदालत में भी सुलह संभव है।

### केसीसी बैंक ने फस्टे में लगाया जागरूकता शिविर

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** कांगड़ा सहकारी बैंक समिति शाखा बड़ा द्वारा उपमंडल नादौन की ग्राम पंचायत फस्टे में समावेशन संतृप्तिकरण अभियान के तहत वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर की अध्यक्षता पंचायत प्रधान तिलक राज ने की। शाखा प्रबंधक चंद्र शेखर व सुरेश कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। लगभग 50 ग्रामीणों ने भाग लिया। बैंक अधिकारियों ने प्रधानमंत्री जन धन योजना, अटल पेंशन योजना, जीवन ज्योति बीमा व जन सुरक्षा बीमा जैसी योजनाओं की जानकारी दी और फार्म भरवाकर लोगों को लाभान्वित भी किया।

### सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के साक्षात्कार 23 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड आरटीए हमीरपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 70 पदों पर भर्ती के लिए 23 अगस्त को सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 19 से 40 वर्ष तक के पुरुष उम्मीदवार भर्ती किए जाएंगे। दसवीं फेल या दसवीं पास अथवा इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवार, जिनकी लंबाई कम से कम 168 सेंटीमीटर और वजन 54 से 95 किलोग्राम के बीच हो, इन पदों के लिए पात्र हैं। चयनित उम्मीदवारों को मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान किए जाएंगे तथा उन्हें 17,500 से लेकर 22 हजार रुपए तक मासिक वेतन एवं अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

### एमबीए व एमसीए की काउंसिलिंग में 52 सीटें आवंटित



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में बीटेक और बी फार्मेसी (लेटरल एंट्री) की काउंसिलिंग 20 और 21 अगस्त को होगी। 20 अगस्त को बी फार्मेसी लेटरल एंट्री में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग के लिए बुलाया है, जबकि बीटेक लेटरल एंट्री की काउंसिलिंग 21 अगस्त को प्रस्तावित है। तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि सभी श्रेणी के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग एक ही दिन प्रस्तावित है। बता दें कि बीटेक और बी फार्मेसी में तीसरे सेमेस्टर में डिप्लोमा पास करने वाले अभ्यर्थियों को मेरिट के आधार पर प्रवेश मिलता है। बीटेक और बी फार्मेसी के तीसरे सेमेस्टर में लेटरल एंट्री के माध्यम से कुल सीटों की दस प्रतिशत सीटें और जो रिक्त सीटें हैं, वह सभी डिप्लोमा की मेरिट के आधार पर भरी जाती हैं। वहीं, तकनीकी विवि में मंगलवार को एमबीए और एमसीए में प्रवेश के लिए दूसरे चरण की काउंसिलिंग हुई, जिसमें एमबीए की 31 और एमसीए की 21 सीटें आवंटित की गईं। इन अभ्यर्थियों को 21 अगस्त तक संबंधित शिक्षण संस्थान में रिपोर्ट करनी होगी।

### लोगों को डिजिटल लेनदेन की दी जानकारी

**संजीव कुमार, अनंत ज्ञान, भोटा।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा भोटा में मंगलवार को पटेरा पंचायत के अंतर्गत पटेरा गांव में नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित वित्तिय साक्षरता एवं डिजिटल लेनदेन के बारे में शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में शाखा प्रबंधक दौलत राम शर्मा व लोगों को बैंक की बचत एवं ऋण योजना के बारे में बताया। जैसे की कि डिजिटल लेनदेन में बरतने वाली सावधानियां व ओटीपी किसी से साझा न करने के लिए भी कहा व प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना व अटल पेंशन योजना के बारे में भी अवगत कराया व ग्रामीणों को किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिए भी प्रेरित किया ताकि वे इन सब सुविधाओं का लाभ उठा सकें। इस कार्यक्रम में भोटा केंद्रीय सहकारी बैक भोटा से राजीव गुप्ता व पचांयत सचिव कृष्णी देवी, आंगनबाड़ी केंद्र की अध्यापिका एवं अंजू कुमारी सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### कल्लर जलाड़ी कॉलेज का शानदार रहा परीक्षा परिणाम

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** डीडीएम साई कॉलेज आफ एजुकेशन कल्लर जलाड़ी में बीएड अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा बीएड के अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम शानदार रहा। डीडीएम साई कॉलेज ऑफ एजुकेशन कल्लर जलाड़ी के सूजल ने 296 अंक लेकर प्रथम स्थान, मनीशा ठाकुर ने 292 अंक लेकर दूसरा स्थान और अंकिता व समृद्धि ने 286 अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। कॉलेज प्रबंधक अधिकारी राजेश कपिल, प्रिंसिपल डॉ. ओम प्रकाश भारद्वाज एवं समस्त स्टाफ ने छात्रों को उनके इस परीक्षा परिणाम पर बधाई दी।

### निर्वाण महोत्सव को लेकर श्रीमद् भागवत कथा आज से

**अनंत ज्ञान, नादौन।** ब्रह्मलीन परम पूज्य मौनी बाबा के 32वें निर्वाण महोत्सव के उपलक्ष्य में पूज्य मौनी बाबा कुटिया फतेहपुर में श्रीमद् भागवत कथा संजीवनी का आयोजन 20 से 27 अगस्त तक किया जा रहा है। जानकारी देते हुए मौनी बाबा आध्यात्मिक ट्रस्ट फतेहपुर के संयोजक नरेश मलोटिया ने बताया कि कथाव्यास के रूप में स्वामी विश्वरूपांनद गिरि महाराज कनखल हरिद्वार वाले उपस्थित रहकर दिव्य कथा को प्रस्तुत करेंगे। उनकी गौरवमयी उपस्थिति में साधक, संत, विद्वानों और भक्तों का समूह उपस्थित रहेगा। उन्होंने बताया कि 24 अगस्त को सायं 3 बजे 'गीतारत्न शिक्षक सम्मान' का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पूरे हिमाचल प्रदेश में गीता के प्रचार-प्रसार में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एक अध्यापक को चयनित करके पूज्य मौनी बाबा आध्यात्मिक ट्रस्ट फतेहपुर द्वारा सम्मानित किया जाएगा ताकि बच्चों में संस्कार, संस्कृति और राष्ट्र प्रेम के प्रति भावनाएं बनी रहें।

# उफ! एनएच के ये खतरनाक हिचकोले

## डेढ़ फुट के गड्ढों ने रोकी रफ्तार, ट्रैफिक वन-वे, कोई करे तो करे क्या?





शिमला-कांगड़ा को जोड़ने वाला नेशनल हाईवे हमीरपुर के कोहली से मटनसिद्ध तक अब खतरनाक रूप धारण कर चुका है, जिससे हर कोई परेशान है।

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** रहम करो एनएचएआई, मुख्य सड़क की तो सुध ले लो। शिमला-कांगड़ा को जोड़ने वाला नेशनल हाईवे हमीरपुर के कोहली से मटनसिद्ध तक अब खतरनाक रूप धारण कर चुका है। कई जगहों पर गड्ढों ने यातायात को वन-वे ट्रैफिक में तब्दील कर दिया है, लेकिन विडंबना यह है कि कोई इसकी सुध नहीं ले रहा।

मरम्मत का काम एनएचएआई के पास है, इसलिए पीडब्ल्यूडी और नेशनल हाईवे के दोनों विभाग भी तमाशा देखने पर मजबूर हैं। कोहली से लेकर मट्टन सिद्ध तक यह सड़क

**गड्ढों से हर कोई हो रहा परेशान**

पहले से ही काफी जर्जर हालत में थी, लेकिन इस बरसात ने तो इसकी तस्वीर ही ऐसी बदल दी है, मानो यहां वाहन किसी खड्ड से होकर गुजर रहे हैं।

दो स्पॉट तो बेहद खतरनाक हो चुके हैं। इनमें एक कोहली का बाजार और दूसरा मट्टन सिद्ध चौक जहां पुराना बस स्टॉप भी है। यहां मोड़ पर तो सड़क मुकम्मल तौर पर उखड़ चुकी है और बरसात के इस मौसम में तो तकरीबन डेढ़ फुट से ज्यादा नीचे के इन गड्ढों में पानी भरे रहने की वजह से वाहन चालकों को अच्छा खासा नुकसान झेलना पड़ रहा है। ट्रैफिक भी इन गड्ढों से बचने के लिए वन-वे में तब्दील हो रहा है। उधर, पीडब्ल्यूडी के ईएनसी नरेंद्र पाल सिंह का कहना है कि इस मामले को नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सुपुर्द कर दिया है और उम्मीद यही है कि जल्द मरम्मत होगी।

**समय पर सड़क की नहीं ली सुध**

**ऐसा** नहीं है कि हमीरपुर को जोड़ने वाली इस महत्वपूर्ण सड़क की नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने मरम्मत नहीं करवाई हो इसका ज्यादा हिस्सा उसने मरम्मत करके सुधार दिया है, लेकिन डेढ़ किलोमीटर का यहां हिस्सा वाहन चालकों के लिए गले की फांस बना हुआ है। इसकी समय पर मरम्मत क्यों नहीं हुई, जिसका वहाना केवल बरसात बनाया जा रहा है लेकिन जब समय था, तब गौर नहीं हुआ। इसीलिए नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के हमीरपुर स्थित प्रोजेक्ट डायरेक्टर विक्रम मीणा कहते हैं कि जैसे ही चार दिन धूप निकलेगी? इस सड़क की हालत सुधार दी जाएगी। अब बरसात कब ऐसा वक्त देगी, इसका इंतजार भी एक पहेली बन गया है।

# आपदा से बचाव के लिए मौसम पूर्वानुमानों का विकेंद्रीकरण आवश्यक : अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने आज संसद में नियम 377 के अंतर्गत कहा कि हिमालयी क्षेत्रों में प्राकृतिक आपदा से बचाव के लिए मौसम के पूर्वानुमानों का विकेंद्रीकरण, जिला स्तरीय संस्थाओं को सशक्त बनाने, अधिक स्वचालित मौसम केंद्र स्थापित करने व ब्लॉक स्तर और ग्राम स्तर पर अलर्ट जारी करने की बात कही है। संसद में नियम 377 के अंतर्गत अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि हाल के हफ्तों में हिमाचल प्रदेश में 14 बादल फटने और 3 अचानक से आई बाढ़ की घटनाएं देखी गईं, जिसके परिणामस्वरूप 78 दुखद मौतें हुईं, व्यापक भूस्खलन हुआ और बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा।



इसी समय 5 अगस्त को बादल फटने से उत्तराखंड के धराली में अचानक आई बाढ़ ने लोगों की जान ले ली और घरों, सड़कों और आजीविका को नष्ट कर दिया। ये घटनाएं अचानक मौसम में चिंताजनक बदलाव को दर्शाती हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) पूर्वानुमान मॉडल 6×6 किमी ग्रिड पर काम करता है, जो पिछले 12×12 किमी से एक महत्वपूर्ण सुधार है, लेकिन हमारे पहाड़ी क्षेत्रों के सूक्ष्म जलवायु परिवर्तनों के लिए अभी भी अपर्याप्त है। हिमालय में, एक तरफ सूखा हो सकता जबकि, दूसरी ओर घाटी में मूसलाधार बारिश हो सकती है। 1 किमी रिजॉल्यूशन या स्टेशन-स्तरीय प्रणालियों जैसे सूक्ष्म-स्तरीय पूर्वानुमानों के बिना, पूर्व चेतावनी और निकासी सीमित रह सकती है। जैसा कि प्रधानमंत्री ने आपदा-रोधी बुनियादी ढांचे पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में जोर दिया था कि लचीलापन हमारी प्रणालियों में अंतर्निहित होना चाहिए और आधुनिक तकनीक जब स्थानीय जानकारी के साथ एकीकृत होती है, तो जान बचा सकती है।

इसी तर्ज पर, हमें पूर्वानुमानों का विकेंद्रीकरण करना होगा, जिला स्तरीय संस्थाओं को सशक्त बनाना होगा, अधिक स्वचालित मौसम केंद्र स्थापित करने होंगे और ब्लॉक स्तर और ग्राम स्तर पर अलर्ट जारी करने होंगे। ये महत्वपूर्ण कदमसंवेदनशील हिमालयी क्षेत्र में जीवन, आजीविका और बुनियादी ढांचे की रक्षा करने में मदद कर सकते हैं।

# पहले चरण की काउंसिलिंग के बाद 99 एमबीबीएस करने वाले छात्रों ने लिया दाखिला

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**



मेडिकल कॉलेज हमीरपुर। (फाइल फोटो)

**हमीरपुर।** नीट की परीक्षा पास करने वाले छात्रों की काउंसिलिंग के आधार पर सीटों का आवंटन किया जा रहा है। एमबीबीएस करने वाले छात्रों को विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में काउंसिलिंग के बाद कॉलेज अलॉट कर दिए हैं। मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में भी एमबीबीएस करने वाले छात्र दाखिला लेने के लिए हमीरपुर पहुंच रहे हैं। मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में दाखिला लेने की प्रक्रिया सोमवार से शुरू कर दी है। मंगलवार तक मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में 99 छात्र दाखिला ले चुके हैं।

बता दें कि जब से डॉ. राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज बना है, अब तक दो एमबीबीएस के बैच पासआउट होकर इंटर्नशिप कर डॉक्टर बन गए हैं। मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में पहले 100 सीटें ही थी, लेकिन अब इनकी संख्या 120 हो गई है। इसमें 102 हिमाचल

**कल तक जारी रहेगी पहले चरण की काउंसिलिंग के दाखिले**

प्रदेश के छात्रों के लिए आरक्षित है और 8 सीटें ऑल इंडिया कोटे के लिए निर्धारित की गई है। इसमें छात्र दाखिला लेने के बाद यहां पर पढ़ाई करेंगे।

अभी तक प्रदेश से 96 छात्रों ने मेडिकल कॉलेज में दाखिला ले लिया है और अब 6 सीटें ही खाली हैं। इसके अलावा ऑल इंडिया कोटे में 3 छात्रों ने ही मेडिकल कॉलेज में दाखिला लिया है। मेडिकल काउंसिल ने दाखिला लेने वाले छात्रों को राहत भी प्रदान की है। पहले चरण की प्रक्रिया 18, 19 अगस्त तक रखी गई थी, लेकिन मौसम खराब रहने की वजह से इसे 21 अगस्त तक बढ़ा दिया गया है। वहीं, ऑल इंडिया कोटे से दाखिला लेने वाले छात्र 22 अगस्त तक दाखिला ले सकते हैं। गौर रहे कि मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में छात्रों की संख्या तो बढ़ी है, लेकिन पुराने अस्पताल में सुविधाएं कम पड़ रही हैं, क्योंकि मेडिकल कॉलेज में एक बिस्तर पर दो-दो मरीजों को अपना इलाज करवाना पड़ रहा है। जब तक मेडिकल कॉलेज हमीरपुर को नए भवन में शिफ्ट नहीं किया जाता, तब तक परेशानी रहेगी और छात्रों को इसी भीड़ में अपनी पढ़ाई करनी पड़ेगी।

मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के प्राचार्य डॉ. रमेश भारती ने बताया कि पहले चरण की काउंसिलिंग के बाद दाखिले शुरू हो गए हैं। अभी तक 99 छात्रों ने दाखिला ले लिया है। पहले चरण की काउंसिलिंग के बाद दाखिले 21 अगस्त तक जारी रहेंगे। उन्होंने बताया कि इसके बाद दाखिले का दूसरा चरण शुरू किया जाएगा।

## हिम अकादमी स्कूल में प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल में इंट्रा स्कूल साइंस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन शहीद भगत सिंह हॉल में हुआ, जहां युवा प्रतिभागियों के मस्तिष्क युद्ध को लेकर उत्साह और उत्सुकता का माहौल था। क्विज में पांच ऊर्जावान टीमों ने भाग लिया। टीम ए अरित एवं सभ्य महाजन, टीम बी शनाया एवं अथर्व, टीम सी भव्यता एवं वैष्णवी, टीम डी सात्विक एवं तितिक्षा, टीम ई आधृत एवं अक्षज रहे। कार्यक्रम का संचालन क्विज मास्टर नरेश कुमार ने किया। निर्णायक मंडल में मनीषा मारवाह (शैक्षणिक समन्वयक), शैली और शालिनी शामिल रहीं, जिन्होंने प्रतियोगिता को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखा। कठिन और रोचक चरणों के बाद परिणाम इस प्रकार रहे विजेता टीम बी (शनाया एवं अथर्व) प्रथम उपविजेता टीम ई (आधृत एवं अक्षज) द्वितीय उपविजेता टीम डी (सात्विक एवं तितिक्षा) रही। यह क्विज केवल वैज्ञानिक प्रतिभा का उत्सव ही नहीं था, बल्कि इसने छात्रों में आलोचनात्मक चिंतन, समस्या-समाधान और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को भी प्रोत्साहित किया।

## पेंशनर्स संघ भोरंज ने खंड इकाई सदस्य की मौत पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम आंचल पेंशनर्स संघ भोरंज खंड इकाई सदस्य सेवानिवृत्त लैब सहायक बलवीर सिंह, निवासी धन्वी, तहसील भोरंज, जिला हमीरपुर के आकस्मिक निधन पर संघ संस्थापक बीडी शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष योग राज शर्मा, हमीरपुर जिला प्रधान केसी गौतम, जिला महासचिव शंभू राम जसवाल, भोरंज खंड प्रधान वचित्र सिंह ठाकुर, प्रदेश वरिष्ठ उपप्रधान लेख राम कौशल, खंड महासचिव राज कुमार पटियाल, कोषाध्यक्ष शशि शर्मा द्वारा गहरा दुख प्रकट किया गया।

शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि शोक संतप्त परिवार को इस सदमे से उभरने की शक्ति मिले।

# बड़सर क्षेत्र के साथ हो रहा है सौतेला व्यवहार : लखनपाल

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** विधानसभा के मानसून सत्र में बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने आयुष संस्थानों की बदहाली को लेकर कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बड़सर क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं, जिसकी पुष्टि खुद सरकार ने प्रश्न संख्या 1272 के उत्तर में की है। उत्तर में बताया गया कि बड़सर क्षेत्र में 15 आयुष संस्थान (14 आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र और 1 आयुर्वेदिक अस्पताल) वर्षों से स्टाफ की भारी कमी से जूझ रहे हैं। कई चिकित्सकीय और सहायक पद वर्षों से खाली हैं, जिन्हें भरने की दिशा में सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया।



विधायक ने आरोप लगाया कि प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में नई घोषणाएं और भर्तियां हो रही हैं, लेकिन बड़सर की अनदेखी हो रही है। उन्होंने पूछा कि क्या बड़सर की जनता ने कांग्रेस को वोट नहीं दिया? यदि दिया है तो उनके साथ भेदभाव क्यों?

उन्होंने बताया कि आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र दखयोडा, जोड़े अंब और कलवाल में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पद रिक्त हैं। वहीं, बिझड़ी आयुर्वेदिक चिकित्सालय में सफाई कर्मचारी तक नहीं है। इससे मरीजों को इलाज और दवाइयों के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है।

विधायक ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही रिक्त पद नहीं भरे गए तो भाजपा जनता के साथ मिलकर आंदोलन करेगी। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया कि वह उन संस्थानों को भी सुचारु रूप से नहीं चला पा रही, जो भाजपा सरकार के समय खोले गए थे।

# जिले के 1,21,934 बच्चों व युवाओं को दी जाएगी कृमिनाशक दवा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत 21 अगस्त को हमीरपुर जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों और शिक्षण संस्थानों में एक से 19 साल तक के सभी बच्चों, किशोरों और नवयुवाओं को कृमिनाशक दवाई एल्बेंडाजोल एवं विटामिन-ए की दवाई दी जाएगी। इस विशेष अभियान की तैयारियों और स्वास्थ्य विभाग के अन्य टीकाकरण एवं प्रतिरक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त अमरजीत सिंह ने कहा कि किन्हीं कारणों से 21 अगस्त को छूटे बच्चों एवं युवाओं को 28 अगस्त को कृमिनाशक दवा दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों और आशा वर्करों के साथ-साथ शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास, पंचायती राज तथा अन्य संबंधित विभागों की भूमिका भी काफी महत्वपूर्ण है। इसलिए, सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए इस अभियान को पूर्णतः सफल बनाएं।



विशेष अभियान की तैयारियों और टीकाकरण व कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक करते डीसी।

**आंगनबाड़ी और शिक्षण संस्थानों में कल दी जाएगी एल्बेंडाजोल : उपायुक्त**

उपायुक्त ने बताया कि जिले में एक से 19 साल तक के लगभग 1,21,934 बच्चों एवं युवाओं को इसमें कवर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चे के पेट में कृमि होने पर उसका शारीरिक विकास प्रभावित हो सकता है और वह अनीमिया जैसी बीमारी की चपेट में भी आ सकता है। इसलिए, 19 वर्ष तक के हर बच्चे एवं युवा के लिए कृमिनाशक दवाई बहुत ही जरूरी है। उपायुक्त ने कहा कि प्रवासी बच्चे और किन्हीं कारणों से स्कूल छोड़ चुके बच्चे भी इस अभियान में विशेष रूप से कवर होने चाहिएं।

जिले में स्वास्थ्य विभाग के अन्य प्रतिरक्षण एवं टीकाकरण कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि कई गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए छोटे बच्चों को अलग-अलग समय पर कुल 12 प्रकार की वैक्सीन दी रही हैं और जिले में इसकी कवरेज की प्रतिशतता काफी अच्छी है। जिले में 99.7 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी भी अस्पतालों में ही हो रही है। उपायुक्त ने कहा कि गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच और बच्चों की वैक्सीनेशन की ऑनलाइन मॉनिटरिंग के लिए प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम-2 (आरसीएच-2) आरंभ किया जा रहा है। इसमें सभी गर्भवती महिलाओं को वेब पोर्टल पर पंजीकृत किया जाएगा और इनके स्वास्थ्य की जांच से लेकर बच्चों के टीकाकरण तक के शेडयूल की ऑनलाइन निगरानी की जाएगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बच्चों की गंभीर बीमारियों का इलाज एवं सर्जरी निशुल्क की जाती है। छोटे बच्चों के कटे होंठ की प्लास्टिक सर्जरी और अन्य बड़े ऑपरेशन भी मुफ्त किए जाते हैं। जिले में हाल ही में 4 बच्चों की निशुल्क सर्जरी की गई है।

बैठक में सीएमओ डॉ. प्रवीण चौधरी और जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय अत्री ने विभिन्न कृमि मुक्ति दिवस और अन्य प्रतिरक्षण कार्यक्रमों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सभी बीएमओ और अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

# घुसपैठियों का कांग्रेस और उसके सहयोगी कर रहे बचाव : भाजपा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भाजपा ने कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर उनके निराधार वोट चोरी के आरोपों को लेकर तीखा हमला बोला। संयुक्त बयान में जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर और महामंत्री अजय रिंटू व राजेश सहगल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एक बार फिर अपनी पुरानी आदत पर लौट आई है कि जब भी उसे हार का आभास होता है, वह रोना-धोना शुरू कर देती है। भाजपा नेताओं ने याद दिलाया कि यह वही कांग्रेस है जो 2024 के आम चुनाव के नतीजों के बाद मिठाइयां बांट रही थी और पटाखे फोड़ रही थी।

कांग्रेसी नेता उस समय 99 सीटें जीतने और भाजपा को 250 से नीचे रखने का दावा कर फूले नहीं समा रहे थे। उन्होंने कहा कि तब वोट चोरी कहा थी। जब वे तेलंगाना और कर्नाटक में जीते थे, तो चुनाव आयोग उनके लिए लोकतंत्र का मंदिर था, लेकिन जैसे ही महाराष्ट्र के बाद उनका पतन स्पष्ट हुआ, वे उन्हीं संस्थानों को गाली देने लगे जिनके लिए उनके मुंह से कभी कोई बुरे शब्द नहीं निकलते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसकी सबसे करीबी सहयोगी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) फर्जी मतदाताओं के गोरख धंधे में गले तक डूबी हुई है और मतदाता सूचियों के चल रहे पुनरीक्षण अभियान से फर्जी मतदाताओं के बाहर होने से घबराई हुई है।

इंडी गठबंधन बिहार में अपनी अपमानजनक हार का पूर्वानुमान लगा चुका है और हताशा में अपने डूबते जहाज को बचाने के लिए इसके सभी नेता झूठ का सहारा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों को लोकतांत्रिक संस्थाओं का अपमान करना बंद करना चाहिए और जमीनी हकीकत को स्वीकार करना चाहिए क्योंकि भारत के लोगों को उन पर कोई भरोसा नहीं रहा है।

**आयोजन** दो दिवसीय राज्य स्तरीय योगासन चैंपियनशिप प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न

# निधि व यशोवर्धन ने चार इवेंट में जीता गोल्ड मेडल

**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** दो दिवसीय छठी राज्य स्तरीय योगासन चैंपियनशिप करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी में संपन्न हो गई। इस कार्यक्रम में करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर संजीव कुमार शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशीष शर्मा ने किया था।

हिमाचल प्रदेश योगासन खेल संघ ने छठी स्टेट योगासन खेल चैंपियनशिप 2025 को करवाने की जिम्मेदारी इस वर्ष हमीरपुर जिले को दी थी। जिला योगासन खेल संघ हमीरपुर की अध्यक्ष स्वाति जार शर्मा ने इस प्रतियोगिता को आयोजित करवाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता में कंपटीशन डायरेक्टर की भूमिका भी निभाई। ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी अजय शर्मा ने बताया की इस प्रतियोगिता में 10 इवेंट का कंपटीशन हुआ।



योगासन चैंपियनशिप प्रतियोगिता का हमीरपुर जिला रहा ओवरऑल चैंपियन।

इसमें ट्रेडिशनल योगासन, फारवर्ड बेंड, बैक बेंड, लेग बैलेंस, हैंड बैलेंस, ट्विस्टिंग बॉडी, स्पाइन इंडिविजुअल, आर्टिस्टिक योगासन सिंगल, आर्टिस्टिक योगासन पेयर और रिदमिक पेयर में बच्चों ने भाग लिया। जिन प्रतिभागीयों ने अपने-अपने इवेंट में गोल्ड मेडल जीते हैं, वे 11 सितंबर से शुरू होने जा रहे राष्ट्रीय स्तर के योगासन चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ जाएंगे।

हमीरपुर जिले की निधि डोगरा व यशोवर्धन अत्री ने एक बार फिर अपने चार इवेंट में गोल्ड मेडल जीते हैं, जो कि बेस्ट प्लेयर रहे हैं। इस प्रतियोगिता में जिला हमीरपुर ओवरऑल विजेता रहा। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश योगासन खेल संघ के राज्य सचिव डॉ. विवेक सूद व ज्वाइंट सेक्रेटरी एवं नोडल ऑफिसर विनोद कुमार ने अपने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के अंत में जिला योगासन खेल संघ हमीरपुर की अध्यक्ष एवं इस प्रतियोगिता की कंपटीशन डायरेक्टर स्वाति जार शर्मा ने उपस्थित मेहमानों का धन्यवाद किया तथा विजेता खिलाड़ियों को आने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में जाने के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का समापन शिक्षकों और दर्शकों की सराहना के साथ हुआ, जिसने इसे वर्ष 2025 की एक स्मरणीय शैक्षणिक उपलब्धि बना दिया।

# युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए सरकार ने उठाए कड़े कदम : रूबल

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

हिमाचल प्रदेश नशा निवारण बोर्ड के सदस्य रूबल सिंह ठाकुर ने पटेरा पंचायत का दौरा किया, जिसमें पटेरा पंचायत की प्रधान कृष्णा देवी एवं उपप्रधान कुलदीप चंद ठाकुर भी उपस्थित रहे। रूबल सिंह ठाकुर ने कहा कि हमें आने वाली भविष्य की पीढ़ी को चिट्टे जैसे भयानक अभिशाप से बचने की जरूरत है, जिसके लिए हर एक गांव वासी को इसके दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी होना आवश्यक है।

रूबल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की सरकार सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में नशाखोरों के प्रति जो अभियान छेड़ा हुआ है, उसमें भरपूर सफलता मिल रही है इसके तहत कई नशाखोर अभी तक सलाखों के पीछे पहुंच चुके हैं और बाकियों की तैयारी पूरी जोरों पर है। ठाकुर ने कहा कि यह हमारा कर्तव्य है कि बड़सर

**बड़सर के युवाओं को नशे से बचाना हमारा कर्तव्य**

विधानसभा क्षेत्र के युवाओं को इस चिट्टे से बचा के रखना है, तभी हमारा समाज और हमारा आने वाले युवा अपनी दशा और दिशा सही कर सकता है।

इस मौके पर स्थानीय पंचायत की महिला मंडलों की महिलाएं भी उपस्थित रहीं। रूबल सिंह ठाकुर ने कहा कि महिला मंडल उजान 1 एवं उजान 2 की महिला मंडलों को 20-20 हजार रुपए उन्होंने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से स्वीकृत कर लिए हैं, जो जल्द ही सामग्री खरीदने के लिए उन्हें उपलब्ध हो जाएंगे। इस मौके पर वार्ड पंच सरवन कटोच, विनय कटोच, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता झंगन सिंह सहित कई गणमान्य व लोग मौजूद रहे।

# राजभवन बनाम सुक्खू सरकार में 'शक्ति संग्राम'

## विधानसभा ने राज्यपाल के प्रस्ताव को किया खारिज, कुलपतियों की नियुक्ति के विवाद में आया नया मोड़

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल में आजकल सिर्फ मानसून की बारिश नहीं, बल्कि संवैधानिक टकराव की चिंगारियां भी सुलग रही हैं। यह कोई साधारण राजनीतिक लड़ाई नहीं, बल्कि राजभवन और चुनी हुई सरकार के बीच का एक ऐसा शक्ति-संग्राम है, जो प्रदेश के भविष्य को लेकर कई राजनीतिक घटनाक्रम को जन्म देगा।

कुलपति नियुक्तियों को लेकर शुरू हुआ यह विवाद अब विधानसभा के गलियारों से निकलकर सीधे अदालत के दरवाजे तक जा पहुंचा है और हर गुजरते दिन के साथ यह और भी गहरा होता जा रहा है।

इस लड़ाई की सबसे ताजा और निर्णायक कड़ी तब सामने आई। जब विधानसभा ने राज्यपाल के उस प्रस्ताव को ध्वनिमत से खारिज कर दिया, जिसमें उन्हें कृषि विश्वविद्यालय के कुलपतियों की सीधी नियुक्ति का अधिकार देने की बात थी। इस कदम ने एक तरह से राज्य सरकार की स्थिति को मजबूत किया है और साफ कर दिया है कि वह अपने अधिकारों को लेकर पीछे हटने वाली नहीं है।

### हाईकोर्ट ने राजभवन की अधिसूचना पर लगाई रोक

**राज्यपाल** के दफ्तर से जारी हुई कुलपति भर्ती की अधिसूचना पर उच्च न्यायालय द्वारा लगाई गई रोक ने इस संवैधानिक टकराव को और भी गरमा दिया है। एक तरफ जहां राज्यपाल का कहना है कि 1986 के अधिनियम के तहत उन्हें ही नियुक्ति का अधिकार है, वहीं राज्य सरकार का तर्क है कि वे सिर्फ कैबिनेट की सलाह से काम कर सकते हैं। यह कानूनी और संवैधानिक दांव-पेंच अब एक ऐसी जटिल गुत्थी बन गए हैं, जिसका हल सिर्फ अदालत ही निकाल सकती है।

### कुलपति नियुक्ति अध्यादेश बिना चर्चा के पास

**सत्र** के दौरान हिमाचल प्रदेश एग्रीकल्चर और हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी संशोधन विधेयक 2023 को भी पारित किया गया। विपक्ष की गैर-मौजूदगी में बिना किसी चर्चा के पास हुए इस विधेयक के बाद, अब कुलपति की नियुक्ति के लिए राज्यपाल के नॉमिनी की आवश्यकता नहीं होगी। यह वही विधेयक है, जिस पर सरकार और राजभवन पहले आमने-सामने आ चुके हैं। हाईकोर्ट ने भी इस मामले में स्टे लगा रखा है, लेकिन अब संशोधित विधेयक के पास होने के बाद सरकार अपने हिसाब से कुलपति की नियुक्ति कर पाएगी।

### दूसरे राज्यों में भी गूंज रहे ऐसे ही कई विवाद

**यह** लड़ाई सिर्फ हिमाचल तक सीमित नहीं है। केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में भी इसी तरह के मुद्दे सामने आ चुके हैं, जहां राज्यपाल और राज्य सरकार के बीच विश्वविद्यालयों के नियंत्रण को लेकर खींचतान जारी है। यह दिखाता है कि भारत के संघीय ढांचे में राज्यपाल की भूमिका को लेकर एक व्यापक बहस छिड़ी हुई है।

## मानसून सत्र की झलकियां...



दूसरे दिन की कार्यवाही का संचालन आरंभ करने से पूर्व सदस्यों का अभिवादन स्वीकार करते विस अध्यक्ष।



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के साथ मानसून सत्र में हिस्सा लेने जाते भाजपा विधायक दल के सदस्य।



भाजपा विधायक त्रिलोक जम्वाल और बिक्रम ठाकुर।



सदन की ओर जाते लोनिवि मंत्री विक्रमादित्य।



भाजपा विधायक रणधीर शर्मा और इंद्रदत्त लखनपाल।



सदन में जाते आशीष कुमार और सुधीर शर्मा।

# आपदा पर जयराम व मुकेश आमने-सामने

- जयराम बोले-सरकार ने हिम केयर योजना का 364 करोड़ का बकाया रोक रखा
- अग्निहोत्री बोले- सरकार ने नेता प्रतिपक्ष के सुझावों को भी दी प्राथमिकता
- सत्र के दूसरे दिन सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच हुई तीखी बहस

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र का दूसरा दिन भी हंगामेदार रहा। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली, जो आखिरकार विपक्ष के वॉकआउट के साथ समाप्त हुई। आपदा राहत, एपीएमसी में नियुक्तियां और हिम-केयर योजना जैसे कई मुद्दों पर सरकार और विपक्ष आमने-सामने आए।

सत्र के पहले दिन की तरह ही, दूसरे दिन भी आपदा राहत का मुद्दा छाया रहा। डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने आपदा के दौरान सरकार की सक्रियता का बचाव करते हुए कहा कि यह पहली सरकार है, जिसने नेता प्रतिपक्ष के सुझावों को भी प्राथमिकता दी।

उन्होंने कहा, 'आपदा के बाद अधिकारियों को साफ निर्देश दिए गए थे कि वे जयराम ठाकुर के आदेशों का भी पालन करें।' इस पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने पलटवार करते हुए





आरोप लगाया कि आपदा के बावजूद सरकार ने हिम-केयर योजना का 364 करोड़ रुपए का बकाया रोक रखा है।

उन्होंने कहा कि सरकार केवल मौखिक आश्वासन दे रही है, जबकि जमीनी हकीकत अलग है। जवाब से असंतुष्ट होकर विपक्ष ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

### एपीएमसी की नियुक्तियों पर मचा बवाल

**विधानसभा** में कृषि उपज मंडी समिति के चेयरमैन की नियुक्तियों को लेकर भी हंगामा हुआ। आनी के विधायक लोकेंद्र सिंह के सवाल के जवाब में कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार ने बताया कि राज्य की 10 में से 9 एपीएमसी में चेयरमैन नियुक्त किए गए हैं। इन नियुक्तियों पर 31 जुलाई तक 33 लाख रुपए से अधिक का खर्च हुआ है। इस खुलासे के बाद विपक्ष ने इन नियुक्तियों को लेकर सवाल उठाए और सरकार पर 'भाई-भतीजावाद' का आरोप लगाया।

## 'जीरो एनरोलमेंट' स्कूलों को बंद करने का फैसला बीजेपी की देन: रोहित ठाकुर



**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने विपक्ष के आरोपों का जोरदार खंडन किया। उन्होंने नैना देवी के विधायक रणधीर शर्मा द्वारा 'जीरो एनरोलमेंट' (शून्य नामांकन) वाले स्कूलों को बंद और मर्ज करने के फैसले पर उठाए गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि यह निर्णय उनकी सरकार का नहीं, बल्कि पिछली बीजेपी सरकार की शिक्षा नीति के तहत लिया गया था। रणधीर शर्मा ने सवाल किया था कि जिन स्कूलों में एक भी छात्र नहीं है, उन्हें बंद करने का फैसला क्यों लिया गया, जिस पर शिक्षा मंत्री ने स्पष्टीकरण दिया।

उन्होंने कहा कि यह फैसला पिछली सरकार द्वारा लिया गया था, जिसमें स्कूलों को तर्कसंगत बनाने और संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने का लक्ष्य था। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस तरह के स्कूलों को बंद करने का मुख्य उद्देश्य उन स्कूलों के संसाधनों और शिक्षकों को उन जगहों पर स्थानांतरित करना है जहा उनकी वास्तव में आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार का ध्यान शिक्षा प्रणाली में सुधार लाने पर है, और इसके लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

# माताओं-बहनों के मंगलसूत्र बिकवा रही सुक्खू सरकार : जयराम

- लाखों का बीमा होने के बावजूद लोग दर-दर भटकने को मजबूर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि व्यवस्था परिवर्तन का नारा देकर सुक्खू सरकार माताओं-बहनों के कंगन और मंगलसूत्र बिकवा रही है। अगर सरकार का यही व्यवस्था परिवर्तन है तो मुख्यमंत्री से मैं कहना चाहता हूं कि ऐसा व्यवस्था परिवर्तन प्रदेश को नहीं चाहिए।

हिम केयर के तहत 5 लाख रुपए तक के इलाज का बीमा खरीद कर भी प्रदेश के लोग इलाज के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। इस सरकार की नाकामी की वजह से कोई बेटा अपनी मां के कंगन गिरवी रखकर उनका इलाज करवा रहा है, तो कोई व्यक्ति अपनी दादी के मंगलसूत्र को गिरवी रखने पर मजबूर है। जब यह मुद्दा सरकार के ध्यान में लाया जाता है, तो सरकार उस पर कार्रवाई करने के बजाय हंसी ठिठोली करती है और बेशर्मी दिखाती है। यह सरकार झूठ बोलती है और विधानसभा के अंदर भी इस बात का आश्वासन तक नहीं दे सकती कि लोगों को हिम केयर के तहत नियमानुसार इलाज मिलेगा। सरकार द्वारा आश्वासन न दिए जाने पर भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल ने सदन से वॉक आउट किया।

### लोगों को परेशान नहीं होने देंगे

**सरकार** कान खोलकर सुन ले, इस तरीके से हम प्रदेश के लोगों को परेशान नहीं होने देंगे। लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे। मित्र मंडली को खुश करने के लिए प्रदेश के साथ मनमानी नहीं करने देंगे और प्रदेश के हितों के साथ खिलवाड़ नहीं करने देंगे।

### झूठी गारंटियों के नाम पर लिया जनादेश

**जयराम** ठाकुर ने कहा कि सरकार का इससे बेशर्म चेहरा हो ही नहीं सकता। सरकार स्वयं न तो ऐसी घटनाओं का संज्ञान लेती है और न ही विपक्ष और मीडिया द्वारा संज्ञान में लाए जाने पर कोई कार्रवाई करती है। यह सरकार झूठी गारंटियों के नाम पर जनादेश को हथियाकर सत्ता में आई थी और अब झूठे प्रचार, झूठे विज्ञापनों और झूठे आश्वासनों के दम पर इसे चलाना चाहती है।

# सीएम सुक्खू का बिजली बिल 3.76 लाख

**अनंत ज्ञान, शिमला**

प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के सरकारी आवास 'ओक ओवर' का एक साल का बिजली बिल लाखों में आया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, सीएम के आवास का बिजली बिल 3.76 लाख रुपए से अधिक रहा, जिसका भुगतान सरकारी खजाने से किया गया है। इतना ही नहीं, कैबिनेट मंत्रियों के बिलों को भी जोड़ा जाए तो यह कुल रकम 17.95 लाख रुपए के करीब पहुंच जाती है।

### आरएस बाली ने सीएम से दोगुनी बिजली की खर्च

**इस** खबर का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि मुख्यमंत्री से भी ज्यादा बिजली हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने खर्च की है। उनके सरकारी आवास का एक साल का बिल 6.78 लाख रुपए से अधिक आया है, जो सीएम के बिल से लगभग दोगुना है। ये सभी आंकड़े हिमाचल विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सामने आए। भाजपा विधायक सुधीर शर्मा और केवल सिंह पठानिया ने बिजली सबसिडी से जुड़ी एक योजना पर सवाल पूछा था, जिसके जवाब में यह जानकारी दी गई।

### मंत्रियों के बिजली बिल का ब्यौरा



- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू : 3,76,174 रुपए
- उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री : 1,85,480 रुपए
- स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल : 1,48,723 रुपए
- लोक निर्माण विभाग के मंत्री विक्रमादित्य सिंह : 1,29,459 रुपए।
- पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह : 98,631 रुपए
- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी : 76,155 रुपए
- कृषि मंत्री चंद्र कुमार : 44,278 रुपए
- उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान : 29,863 रुपए
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर : 28,224 रुपए।



सत्र आरंभ होने से पूर्व हिमाचल प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री चंद्र कुमार विधानसभा अध्यक्ष से उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार भेंट करते हुए।

# विस अध्यक्ष ने लोकतंत्र की पाठशाला में बताए राजनीति के गुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने शैलेडे पब्लिक स्कूल शिमला के छात्रों से संवाद किया। ये छात्र विधानसभा की कार्यवाही देखने के लिए आए थे। अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने छात्रों से लोकतंत्र और विधानसभा के कामकाज से जुड़े कई सवाल पूछे, जिनका बच्चों ने पूरे उत्साह से जवाब दिया। उन्होंने छात्रों से पूछा कि 'विधानसभा क्या है?' और 'विधायक कहां से चुने जाते हैं?', जिसका बच्चों ने विस्तार से उत्तर दिया। पठानिया ने भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और युवाओं का देश बताया। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं को इसके सर्वांगीण विकास में अपना योगदान देना चाहिए।



विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया स्कूली बच्चों से मुलाकात करते हुए।

# रोजगार और देनदारियों पर तीखी बहस

**अनंत ज्ञान, शिमला**

विधानसभा का मानसून सत्र आज कई अहम मुद्दों पर चर्चा का केंद्र बना। एक तरफ जहां युवाओं के लिए पटवारी भर्ती की घोषणा से राहत मिली, वहीं दूसरी ओर बेरोजगारी के बढ़ते आंकड़े, लंबित सरकारी देनदारियां और किसानों के भुगतान में देरी पर सरकार को विपक्ष के तीखे सवालों का सामना करना पड़ा।

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने विधानसभा में जानकारी दी कि राजस्व विभाग में 874 पटवारियों के पद जल्द भरे जाएंगे। कार्मिक और वित्त विभाग ने इन पदों के लिए नियमों को मंजूरी दे दी है और अब इसे विधि विभाग के पास भेजा गया है। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि पिछले तीन सालों में बेरोजगारी दर में 1.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

लोक निर्माण विभाग और कृषि विभाग से संबंधित देनदारियों पर भी खूब बहस हुई। विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि 30 नवंबर 2022 तक विभाग के 2,421 कामों की 642.38 करोड़ रुपये की देनदारियां लंबित हैं, जिसमें से केवल 10.21 करोड़ ही आवंटित किए गए हैं।

# कांग्रेस नेत्री रजनी पाटिल 21 से शिमला दौरे पर

**अनंत ज्ञान, शिमला**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सदस्य व हिमाचल प्रदेश मामलों की प्रभारी, रजनी पाटिल, 21 अगस्त से 23 अगस्त तक शिमला के दौरे पर आ रही हैं। इस दौरान वे पार्टी नेताओं, अग्रणी संगठनों के प्रमुखों और अन्य कार्यकर्ताओं के साथ कई महत्वपूर्ण बैठकें करेंगी। उनका यह दौरा मुख्य रूप से 22 अगस्त को होने वाली 'वोट चोर, कुर्सी छोड़' अभियान की रैली में भाग लेने के लिए हो रहा है।



रजनी पाटिल 21 अगस्त की शाम 7 बजे शिमला पहुंचेंगी और तुरंत कांग्रेस विधायक दल की बैठक में हिस्सा लेंगी। 22 अगस्त को सुबह 10 बजे, वे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में कांग्रेस के सभी प्रमुख संगठनों के नेताओं से मिलेंगी। दोपहर 12 बजे, रैली में भाग लेंगी।

### रैली में कार्यकर्ताओं से भाग लेने की अपील


**प्रदेश** अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने सभी पार्टी सदस्यों से इस महत्वपूर्ण रैली में भाग लेने और केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ इस अभियान में अपना योगदान देने का आह्वान किया है। 23 अगस्त को, रजनी पाटिल मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और अन्य वरिष्ठ नेताओं से अलग-अलग मुलाकात करने के बाद दोपहर 2 बजे चंडीगढ़ के लिए रवाना हो जाएंगी।

**बदलाव** | सीएम सुक्खू का ऐलान, नए नियम के तहत तैयार होगी बीपीएल की सूची

# जरूरतमंद परिवारों को मिलेगा योजनाओं का लाभ

**अनंत ज्ञान, शिमला**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों के लिए एक बड़ा और ऐतिहासिक फैसला लिया गया है।



मुख्यमंत्री सुक्खू ने विधानसभा के मॉनसून सत्र में ऐलान किया है कि अब बीपीएल परिवारों के दायरे को बढ़ाया जाएगा, जिससे कई जरूरतमंद परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल पाएगा। इस नए नियम के तहत, उन परिवारों को भी इस सूची में शामिल किया जाएगा जिन्हें अभी तक अनदेखा किया जा रहा था।

### आवास योजना के लाभार्थियों को भी मिलेगा बीपीएल का दर्जा

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में अब उन परिवारों को भी बीपीएल सूची में शामिल किया जाएगा, जिन्हें केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना और राज्य सरकार की मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पक्के घर बनाने के लिए वित्तीय सहायता मिली है। यह फैसला उन परिवारों के लिए एक बड़ी राहत है, जिनकी सालाना आय 50,000 से कम है और जो आवास मिलने के बाद भी अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ नहीं ले पा रहे थे। सरकार का यह कदम यह सुनिश्चित करेगा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को हर संभव सहायता मिले।

### ये श्रेणियां भी होंगी बीपीएल में शामिल

**ग्रामीण** विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने नए नियम के बारे में और जानकारी दी। सरकार ने बीपीएल सूची में कुछ और श्रेणियों को भी शामिल करने का निर्णय लिया है। 27 वर्ष तक की आयु के अनाथ बच्चों, ऐसे परिवार जिनकी मुखिया कोई महिला हो और 25 से 59 वर्ष की आयु के बीच कोई वयस्क पुरुष सदस्य न हो, उन्हें भी बीपीएल परिवार की श्रेणी में लाया जाएगा। 40 फीसदी से अधिक दिव्यांग, कैंसर रोगियों, डायलिसिस करवाने वाले या अन्य लाइलाज बीमारियों से पीड़ित लोगों को भी अब बीपीएल सूची में शामिल किया जाएगा।

### लाखों परिवारों को मिलेगा फायदा

**यह** फैसला इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह सालों पुराने नियमों में बदलाव लाएगा। केंद्र ने हिमाचल के लिए वर्ष 2007 में बीपीएल परिवारों का एक लक्ष्य निर्धारित किया था, जिसके बाद 2002-03 में सर्वेक्षण हुआ था। नए सर्वेक्षण के बाद इस संख्या में काफी वृद्धि होने की उम्मीद है।

# कांग्रेस सरकार की लापरवाही से किसान परेशान : राजीव बिंदल

**अनंत ज्ञान, शिमला**



हिमाचल प्रदेश में 15 अगस्त का महत्वपूर्ण दिन बीत जाने के बाद भी सेब संग्रह केंद्र बंद पड़े हैं, जिससे सेब उत्पादक किसान और बागवान बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। इस गंभीर स्थिति पर चिंता जताते हुए, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कांग्रेस सरकार की लापरवाही पर सवाल उठाया है।

उन्होंने आरोप लगाया है कि सरकार की इस अनदेखी से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसी के मद्देनजर, भाजपा ने इस मुद्दे को उठाने और किसानों की आवाज बनने का फैसला किया है। इस समस्या की गहराई से जांच करने और बागवानों को हो रहे नुकसान का आकलन करने के लिए भाजपा ने एक जांच समिति का गठन किया है। यह समिति, जिसका नेतृत्व पूर्व मंत्री और प्रदेश उपाध्यक्ष गोविंद ठाकुर करेंगे, सेब उत्पादक क्षेत्रों का दौरा करेगी और विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेगी।

इस रिपोर्ट के आधार पर भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलेगी और किसानों के हक की लड़ाई लड़ेगी। समिति में कई महत्वपूर्ण सदस्य शामिल हैं, जैसे विधायक बलवीर वर्मा, प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा और संदीपनी भारद्वाज। इसके अलावा, महासू, किन्नौर, मंडी, सुंदरनगर और कुल्लू के जिलाध्यक्षों सहित पूर्व एपीएमसी चेयरमैन नरेश शर्मा भी इस टीम का हिस्सा होंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### सतपाल बने टीजीटी कला संघ लंबागांव के प्रधान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला।** राजकीय प्रशिक्षित कला स्नातक संघ की खंड स्तरीय बैठक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पपलाह में हुई। बैठक की अध्यक्षता पर्यवेक्षक कुलवीर सिंह ने की। बैठक में संगठन को सशक्त बनाने और शैक्षणिक गतिविधियों को प्रभावशाली बनाने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर त्रैवार्षिक चुनाव कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सतपाल परिहार को प्रधान, राकेश कुमार उपप्रधान, दिनेश कुमार सचिव, सरदीप कुमार कोषाध्यक्ष, दीपक कटोच प्रेस सचिव, अंशुल वालिया सलाहकार, सुदर्शना महिला प्रधान और स्वर्णा को महिला उपप्रधान चुना गया। उपस्थित सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

### अमन चौहान ने भारत को दिलाया गोल्ड मेडल



**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** नेपाल में 15 से 17 अगस्त तक आयोजित एशियन पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में अमन चौहान ने अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर देश, प्रदेश और जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के लंबागांव गांव का नाम रोशन किया। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत सहित नेपाल, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका और बांग्लादेश के खिलाड़ियों ने भाग लिया। अमन चौहान अब तक जिला और राज्य स्तर पर कुल 20 स्वर्ण, 8 रजत व 2 कांस्य पदक जीत चुके हैं। अमन के पिता हिमाचल पुलिस विभाग में कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी जीत का श्रेय अपने कोच जीवन कुमार को दिया। अमन की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है और उन्हें बधाइयों का तांता लगा हुआ है।

### एनएसएस स्वयंसेवियों ने लिया परेड में भाग

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. हरजिंद्र सिंह के नेतृत्व छात्र-छात्राओं ने 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर जयसिंहपुर ग्राउंड में आयोजित भव्य परेड में भाग लेकर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर जयसिंहपुर प्रशासन ने महाविद्यालय परिवार को स्मृति चिह्न और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। स्मृति चिह्न और सर्टिफिकेट महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. अरुण चंद्र को सौंपा गया।

### खत्री सभा पपरोला ने की कार्रवाई की मांग

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** खत्री सभा पपरोला ने 14 अगस्त को कुलदीप सोनी के ऊपर लगाए गए झूठे अरोपों का पटाक्षेप हो जाने के बाद बैठक का आयोजन किया। इस मौके पर सभा के सभी सदस्यों ने एकजुट होकर इस मामले में मुख्य संलिप्त राकेश उर्फ फांदी के लिए पुलिस से कार्रवाई की मांग की। सभा के वरिष्ठ सदस्य राज कुमार कौड़ा, मुनीश आनंद, गगन वैद्य, शेर चंद कौड़ा, घनश्याम विज, तरूण, जतिन मोंटू या अन्य सदस्यों ने इस मामले को कड़ी कारवाई की मांग की है।

### रैली से नशा मुक्त भारत का दिया संदेश




**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय महाविद्यालय शिवनगर द्वारा मंगलवार को एड्स जागरूकता एवं नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत रैली और एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाहट में किया गया। रैली महाविद्यालय से लाहट स्कूल तक निकाली गई, जिसका नेतृत्व प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह और रेड रिबन क्लब की संयोजक डॉ. नीतिका शर्मा ने किया। लाहट विद्यालय में कार्यशाला के दौरान पीयर एजुकेटर्स ने एड्स के कारण, उपचार, वैक्सीनेशन और हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता फ्लायर्स भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में प्रो. राजेश कुमार, प्रो. विवेकानंद शर्मा, डॉ. योगेश पाण्डेय सहित कई स्वयंसेवी शामिल रहे।

### नगरोटा सूरियां में हड्डी रोगों का विशेष कैंप 24 को

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** नगरोटा सूरियां गुरुद्वारा साहिब में 24 अगस्त को सुबह 11 बजे से समर अस्पताल जसूर के सौजन्य से मेडिकल कैंप लगाया जा रहा है। गुरुद्वारा साहब कमेटी के प्रधान हरभजन सिंह सोहल ने बताया कि समर अस्पताल से हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अमरदीप सिंह तथा महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. पल्लवी रंजन विशेष रूप से कैंप में पहुंच रहे हैं। कैंप में निशुल्क हड्डियों के कैल्शियम की जांच तथा अन्य मेडिकल टेस्ट व मुफ्त दवाइयां वितरित की जाएंगी। सभी जरूरतमंद लोगों से आग्रह है कि वे इस मेडिकल कैंप का लाभ उठाएं। मरीजों से आग्रह है कि वे अपने साथ पुराने एक्सरे रिपोर्ट्स लेकर आएं।

### किसानों को दी जाइका सब्जी उद्यानों की जानकारी



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (एचपीसीडीपी चरण-2) के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र कांगड़ा में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जिला परियोजना प्रबंधन इकाई पालमपुर द्वारा कृषक विकास संघों के प्रबंधन पर केंद्रित था। इसमें देहरा और शाहपुर की 14 उप-परियोजनाओं से लगभग 40 किसानों ने भाग लिया। विषय विशेषज्ञ डॉ. रजनीश शर्मा ने किसानों को परियोजना की गतिविधियों, मूल्य प्राप्ति कार्यक्रम और जाइका सब्जी उद्यानों की जानकारी दी। वैज्ञानिक डॉ. दीप कुमार, कृषि अधिकारी अभिनंदन और मार्केटिंग अधिकारी निकेत शर्मा ने सुझाव साझा किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला परियोजना प्रबंधक डॉ. योगिंदर पाल ने कहा कि जाइका परियोजना प्रदेश के किसानों के लिए आजीविका सुधार और आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार बन रही है।


## सीयू के ज्योलॉजी विभाग के हेड ऑफ द डिपार्टमेंट डॉ. अंबरीश महाजन ने जताई आशंका

# सतर्क रहें, अभी आ सकता है बड़ा भूकंप

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला व आसपास के क्षेत्रों में सोमवार रात को आया भूकंप आगामी समय में भूकंप आने की चेतावनी है। भूकंप का केंद्र मैक्लोडगंज और खनियारा के बीच था। भूकंप के झटके ने अलार्म दिया है कि सतर्क हो जाओ, बड़ा भूकंप आ सकता है। अभी तो 4 मैगनीच्यूड का भूकंप आया है, यही मैगनीच्यूड एक या दो फीसदी अधिक होता तो धर्मशाला में नुकसान को कोई नहीं रोक सकता। यह बात केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के ज्योलॉजी विभाग के हेड ऑफ द डिपार्टमेंट डॉ. अंबरीश कुमार महाजन ने कही। उन्होंने कहा कि कांगड़ा में भूकंप आना नई बात नहीं है। वर्ष 1968, 1970 और 1986 तक धर्मशाला में 5 मैगनीच्यूड के भूकंप आए, लेकिन 1986 के बाद धर्मशाला में कोई भूकंप नहीं आया, इसका मतलब है कि यहां पर बहुत सा जमाव हो चुका है।

**मैक्लोडगंज खनियारा के बीच रहा भूकंप का केंद्र**






प्रो. अंबरीश महाजन।

### बेरोकटोक धड़ाधड़ हो रहे निर्माण

**डॉ.** महाजन ने बताया कि पूर्व में जिला कांगड़ा में डीसी रही मनीषा श्रीधर ने आदेश जारी किए थे कि यहां पर जो भी निर्माण होगा, उस पर मोहर प्रो. अंबरीश महाजन लगाएंगे। इसके बिना टीसीपी उसे स्वीकृति नहीं दे सकता, जिसके चलते मैंने वर्ष 1998 तक यहां बहुमंजिला निर्माण नहीं होने दिया। केवल उन्हें ही अनुमति दी गई, जिन्होंने निर्माण में आवश्यक चीजों का ध्यान रखा। वर्तमान में निर्माण बिना रोकटोक धड़ाधड़ निर्माण हो रहे हैं।

### कैरिंग कैपेसिटी से ज्यादा निर्माण

**डॉ.** महाजन ने कहा कि मैक्लोडगंज एरिया में कैरिंग कैपेसिटी से ज्यादा बहुमंजिला भवन निर्माण हो रहे हैं। इस एरिया में भूकंप आने के कई कारण हैं और यदि आता है तो नुकसान को कोई नहीं रोक सकता।

### धर्मशाला और जोशीमठ में दो भिन्नताएं

**डॉ.** महाजन के अनुसार जोशीमठ और धर्मशाला में दो भिन्नताएं हैं, जोशीमठ में जो दरारें आई थी, उनमें पानी बहुत जमा हो चुका था, क्योंकि सीवरेज सिस्टम नहीं था। मैक्लोडगंज से धर्मशाला तक ड्रेनेज सिस्टम, सीवरेज सिस्टम नहीं होगा, दलाईलामा निवास स्थल एरिया में सीवरेज नहीं होगा तो हो सकता है कि आने वाले समय में गमरू भी नीचे आ जाए और धर्मशाला की बहुत बड़ी डिवारस्ट्रेशन हो सकती है, जिसके चलते मकान टूटेंगे।

### धराली में नदी किनारे हुए थे निर्माण

**महाजन** ने कहा कि उत्तराखंड के धराली में क्या हुआ कि लोगों ने संकरी नदी को अपनी तरफ से मोड़ लिया, नदी के किनारों पर निर्माण कर दिए गए। 1978 में वहां आपदा आई थी, कुछ समय तक आपदा नहीं आई तो लोग निश्चिंत हो गए कि अब आपदा नहीं आएगी।

### पहले दो-दो माह नहीं रुकती थी बारिशें

पुरानी यादों को ताजा करते हुए डॉ. महाजन ने कहा कि बरसात तो 60 और 70 के दशक में होती थी, दो-दो महीने बारिशें थमती ही नहीं थी, उस दौर के मुकाबले बरसात बहुत कम हो रही है। वर्तमान में कई शहरों में पानी एकत्रित हो रहा है, क्योंकि ड्रेनेज सिस्टम नहीं है, तो पानी कहां जाएगा। भूमि धंसना आम बात नहीं है, ड्रेनेज सिस्टम न होने की वजह से भूमि धंसती है।

### बादल फटने की घटनाएं बढ़ी

**डॉ.** महाजन ने कहा कि वर्ष 2023 में कांगड़ा, चंबा और मंडी में बरसात में बहुत नुकसान हुआ था। इस बार बादल फटने की घटनाएं ज्यादा सामने आई। धर्मशाला की मनूणी खड्ड बादल फटने की दृष्टि से सुटेवल मानी जाती है, ऐसे में बादल फटने पर नीचे का एरिया डैमेज होगा ही होगा।

## जिले में भूकंप सुरक्षा एवं तैयारी को लेकर विशेष निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भूकंप की दृष्टि से कांगड़ा जिला की भौगोलिक संवेदनशीलता को देखते हुए जिला प्रशासन ने सभी संस्थानों एवं विभागों को भूकंप सुरक्षा और आपदा प्रबंधन संबंधी तैयारियों को तुरंत मजबूत करने के निर्देश जारी किए हैं। जिला दंडाधिकारी हेमराज बैरवा ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि सभी संस्थान ड्रॉप, कवर और होल्ड अभ्यास को 2 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से पूरा करें तथा उसकी रिपोर्ट और तस्वीरें मोबाइल नंबर 94594-85243 पर भेजें। इसके अतिरिक्त सभी संस्थानों को एक सप्ताह के भीतर अपनी परिसंपत्तियों, महत्वपूर्ण भवनों व लाइफ लाइन इंफ्रास्ट्रक्चर का सुरक्षा ऑडिट करने को कहा गया है, ताकि संभावित जोखिमों और संरचनात्मक कमियों की पहचान की जा सके। प्रशासन ने आपातकालीन संचार प्रोटोकॉल अपडेट करने, निकासी योजना का अभ्यास करने, प्राथमिक उपचार, अग्नि सुरक्षा, बचाव उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और सुरक्षित एकत्रीकरण स्थलों की पहचान कर स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण देने के निर्देश भी दिए हैं। जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से प्रत्येक सदस्य को भूकंप के दौरान की जाने वाली सुरक्षा प्रक्रियाओं की जानकारी देना भी अनिवार्य किया गया है।

**सभी संस्थान आपातकालीन संचार प्रोटोकोल करें अपडेट : डीसी**

## प्रदेश में आपदा का वैज्ञानिक अध्ययन करवाए सरकार: मनजीत

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**



**पालमपुर।** हिमाचल प्रदेश में गत 3 वर्षों से लगातार आ रही प्राकृतिक आपदाओं के कारण प्रदेश में हजारों लोगों की जान जा चुकी है तथा कई हजार लोग बेघर हो चुके हैं, जिसके कारण अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान हुआ है। इसकी भरपाई करने में कई वर्ष लग जाएंगे।

किसान नेता एवं समाजसेवी मनजीत डोगरा ने कहा कि प्रदेश में लगातार आ रही प्राकृतिक आपदाओं के कारणों का वैज्ञानिक अध्ययन होना आवश्यक है, ताकि मुख्य रूप में जो कारक सामने आए उनके अनुरूप ही भविष्य की विकासात्मक योजनाएं बनाई जाए। प्रदेश के जलवायु परिवर्तन के लिए जिम्मेदार तमाम कारकों को चिन्हित कर उनके रोकथाम के लिए ठोस तथा कठोर कानून बनाया जाए। इन कानूनों का पालन शक्ति से लागू किया जाए। मनजीत ने कहा कि हिमालय क्षेत्र का परिस्थितिकीय परितंत्र का चक्र पिछले कुछ दशकों से विघटित हुआ है, जिसके लिए प्रदेश में ढांचागत विकास के निर्माण का जो मॉडल अपनाया गया है तथा वन नीति और निर्माण कार्यों की पुन: समीक्षा जरूरी है। हिमालय क्षेत्र में प्राकृति को संतुलित नहीं किया तो इसका प्रभाव आने वाले वर्षों में और भी गंभीर होगा, जिसके प्रभाव न केवल हिमाचल प्रदेश बल्कि देश के मैदानी क्षेत्र में भी देखने को मिलेंगे।

## भूकंप के झटकों से मकान में आई दरारें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांगड़ा जिला में सोमवार रात आए भूकंप के झटके से एक कच्चे मकान में दरारें आ गई हैं। सूचना मिलने पर मंगलवार को प्रशासन ने पटवारी को भेजकर नुकसान का आकलन करवाया है।



भूकंप के कारण घिरथोली गांव के कच्चे मकान में आई दरारें।

वहीं, प्रभावित परिवार ने प्रशासन ने मकान की मरम्मत के लिए आर्थिक मदद मुहैया करवाने की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार घिरथोली निवासी राकेश कुमार के मकान में भूकंप के चलते दरारें पड़ गई हैं। राकेश का कहना है कि कच्चे मकान में जगह-जगह पड़ी दरारों के चलते उनकी चिंता बढ़ गई है। बरसात के मौसम में दरारें पड़ने के चलते इस घर में ठहरना जोखिम भरा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन किया गया है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। राकेश के परिवार में पत्नी व दो बच्चे हैं। उन्होंने मकान की मरम्मत के लिए प्रशासन से आर्थिक मदद मुहैया करवाने का आग्रह किया है। उधर, तहसीलदार धर्मशाला गिरिराज ठाकुर का कहना है कि सूचना मिलने पर मकान का निरीक्षण कर नुकसान की रिपोर्ट तैयार की जा रही है।




## स्वास्थ्य जांच से बीमारियों पर पाया जा सकता काबू : प्रो. बंसल

### सीयू के शाहपुर परिसर में स्वास्थ्य संरक्षण, जागरूकता पर लगाया शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**केंद्रीय** विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के शाहपुर परिसर में स्वास्थ्य संरक्षण और जागरूकता के लिए दो दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें काफी संख्या में विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया और स्वास्थ्य की जांच करवाई।

स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने किया। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग हिमाचल प्रदेश के जिला स्वास्थ अधिकारी, जिला कांगड़ा, डॉ. राजेश कुमार सूद एवं डॉ. अनुराग शर्मा, चिकित्सा अधिकारी, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के सहयोग से हुआ। कुलपति ने कहा कि समुदाय के समग्र विकास, स्वास्थ्य की सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है। वर्तमान समय में तनाव, असंतुलित खानपान और गतिहीन जीवनशैली से अनेक बीमारियां उत्पन्न हो रही हैं, जिन्हें नियमित जांच और समय पर जागरूकता से रोका जा सकता है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस पहल को स्वास्थ्य जांच एवं निक्ष्य शिविर अभियान के तहत आयोजित किया तथा भविष्य में भी ऐसे और अधिक स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन का आश्वासन दिया गया, जिससे अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। वहीं, स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में एक सार्थक योगदान दिया जा सके। कुलपति ने भविष्य में जनसंपर्क अभियान को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य मोबाइल वैन को संचालित करने के लिए भी आश्वासन दिया।



सीयू के शाहपुर परिसर में दो दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

## गरली की अरुंधति शिमला से करेगी डॉक्टरी की पढ़ाई

### नीट परीक्षा में 531 अंक, स्टेट रैंक 68वां हासिल किया



अरुंधति ने नीट परीक्षा में 531 अंक हासिल कर चमकाया गुरनवाड़ गांव का नाम।

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गरली।** हिमाचल प्रदेश का कांगड़ा जिले एक बार फिर शिक्षा की रोशनी से जगमगा उठा है।

गरली के गुरनवाड़ गांव की मेधावी बेटी अरुंधति कौशल ने नीट परीक्षा में 531 अंक अर्जित कर स्टेट रैंक 68वां हासिल किया है। इस उपलब्धि के दम पर अरुंधति को प्रदेश के सबसे प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला में एमबीबीएस की पढ़ाई का अवसर मिला है।

अरुंधति कौशल की शुरुआती शिक्षा सरस्वती विद्या मंदिर, गरली से हुई। बचपन से ही पढ़ाई में अव्वल रहने वाली अरुंधती ने निरंतर मेहनत और लगन से यह साबित कर दिया कि ग्रामीण पृष्ठभूमि की बेटियां भी बड़े सपनों को पूरा कर सकती हैं।

## ग्रीनलैंड स्कूल सूरजपुर के छात्रों ने झटके सात गोल्ड

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल सूरजपुर के छात्रों ने इंटर स्कूल स्केटिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया। रोलर हॉक्स इंडिया की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में 20 स्कूलों के 700 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। ग्रीनलैंड स्कूल से 32 छात्रों ने हिस्सा लिया, जिनमें से सात ने गोल्ड, दस ने सिल्वर और पंद्रह ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर कुल मिलाकर सबसे अधिक पदक प्राप्त किए। गोल्ड मेडल विजेताओं में हर्षित, प्रणव, दिव्यांश, प्रियांशु, ध्रुव, यश्मीत और नमन शामिल रहे। प्रधानाचार्य अनुमीत कौर ने सभी विजेताओं को बधाई दी और अन्य छात्रों को भी खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। चेयरमैन डॉ. रणवीर सिंह ने कहा कि खेल छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और ग्रीनलैंड स्कूल शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी समान महत्व देता है।

## पीएम जीवन ज्योति बीमा बना शोकग्रस्त परिवार का सहारा



ग्रामीण बैंक ने महिला की मौत के बाद बेटे संदीप को सौंपा 2 लाख रुपए का चेक।

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** नगर परिषद बैजनाथ की निवासी फीक देवी की मौत के बाद प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा उनके परिवार का सहारा बनी है। हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक की बैजनाथ शाखा की प्रबंधक मधु ने फीक देवी की मौत के बाद बेटे संदीप कुमार को 2 लाख रुपए की क्लेम राशि का चेक सौंपा।

जानकारी के अनुसार फीक देवी की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। फीक देवी ने ग्रामीण बैंक की शाखा बैजनाथ से अपने खाते में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत बीमा करवाया हुआ था। फीक देवी की मौत के बाद पारिवारिक सदस्यों ने बैंक प्रबंधन से संपर्क किया तथा बैंक प्रबंधन ने कागजी प्रक्रिया निपटने के बाद फीक देवी के बेटे संदीप कुमार को 2 लाख का चेक सौंप दिया गया। उधर हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा बैजनाथ की प्रबंधक मधु ने कहा कि सभी बैंक ग्राहकों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा तथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ लेना चाहिए। मात्र रुपए 20 के वार्षिक शुल्क में बीमा धारक की हादसे में मौत के बाद परिवार के दो लाख की राशि दी जाती है। इस मौके पर बैंक के सहायक प्रबंधक अम्बन भंडारी, अक्षय राणा व कार्यालय सहायक मीना कुमारी आदि मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** जीजीडीएसडी कॉलेज राजपुर में मनाया सात दिवसीय 'एंटी रैगिंग सप्ताह'

## पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में महक प्रथम

**वाद-विवाद प्रतियोगिता में दीपाली कटोच ने मारी बाजी**

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**गोस्वामी** गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज (जीजीडीएसडी) राजपुर में 12 से 18 अगस्त तक एंटी रैगिंग सप्ताह का आयोजन किया गया। यूजीसी दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को रैगिंग के दुष्परिणामों से अवगत कराना और सम्मानजनक वातावरण सुनिश्चित करना था।

सप्ताहभर चली गतिविधियों में पोस्टर मेकिंग, वाद-विवाद, स्लोगन लेखन, लोगो डिजाइन और लघु फिल्म निर्माण प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। विद्यार्थियों ने रचनात्मकता का परिचय देते हुए रैगिंग विरोधी संदेशों को विभिन्न माध्यमों से प्रस्तुत किया। पुरस्कार वितरण समारोह में विजेताओं को प्रमाण पत्र दिए गए। कॉलेज निदेशक एवं प्राचार्य ने रैगिंग के विरुद्ध सख्त नीति की पुष्टि की। सांस्कृतिक समन्वयक अरविंद कुमार ने मंच संचालन किया और समन्वयक सुमन कुमार सहित निर्णायकों ने प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन किया। वहीं, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, और तृतीय स्थान क्रमशः महक शर्मा, अमिशा संदल, स्नेहा, वाद-विवाद प्रतियोगिता में दीपाली कटोच, जहान्वी सुगा, कनिष्का, लोगो डिजाइन प्रतियोगिता में रागिनी, साहिल, शैलजा राणा, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में दीपाली कटोच, खुशबू, गुंजन और लघु वीडियो निर्माण प्रतियोगिता बीसीए, बीबीए, बीएससी (मेडिकल) विभाग ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए।



गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज में 'एंटी रैगिंग सप्ताह' का आयोजन किया गया।

## विद्यार्थियों को फार्मेसी क्षेत्र में करियर की संभावनाओं की दी जानकारी



कथोग स्थित लॉरेट फार्मेसी कॉलेज में व्याख्यान का आयोजन।

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

**कथोग** स्थित लॉरेट फार्मेसी कॉलेज में नए सत्र के दूसरे दिन प्रोफेसरों ने प्रेरणादायी व्याख्यान दिए। इस मौके पर संस्थान के प्रबंधक एवं निदेशक डॉ. रण सिंह, प्राचार्य एवं निदेशक डॉ. एमएस आशावत मौजूद रहे।

लॉरेट फार्मेसी कॉलेज में नए सत्र के दूसरे दिन की शुरुआत उत्साहपूर्ण माहौल में हुई। कॉलेज के प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों का स्वागत किया और विभिन्न विषयों पर प्रेरणादायी व्याख्यान दिए। प्रोफेसरों ने विद्यार्थियों को फार्मेसी क्षेत्र में उपलब्ध नई तकनीकों, शोध कार्य और करियर की संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्हें पढ़ाई के साथ अनुसंधान और नवाचार की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज में संचालित वुमन सेल व विभिन्न क्लबों की गतिविधियों की जानकारी दी गई, ताकि विद्यार्थी सह-पाठयक्रम गतिविधियों से जुड़कर व्यक्तित्व का समग्र विकास कर सकें।

# ढलियारा में जमीन धंसने से तीन दुकानें जमींदोज

## कम्प्रेसर, टायर और लाखों रुपए का कीमती सामान मलबे में दबा

**शिवम शर्मा, अनंत ज्ञान**

**परागपुर।** ढलियारा के समीप बगली क्षेत्र में मंगलवार दोपहर को अचानक जमीन के धंसने से एनएच-503 पर तीन दुकानें खाई में समा गईं। इस भयावह हादसे ने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया। सुनील कुमार की 22 साल पुरानी टायर पंचर की दुकान भी पूरी तरह जमींदोज हो गई, जिसमें नया कम्प्रेसर, टायर और लाखों रुपए का कीमती सामान मलबे में दब गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, देखते-ही-देखते तीनों दुकानें जमीन में धंस गईं।


ढलियारा के समीप बगली क्षेत्र में मंगलवार दोपहर को जमीन के धंसने से एनएच-503 पर तीन दुकानें खाई में समां गईं।

गनीमत यह रही कि घटना के समय दुकानों में कोई भी व्यक्ति व दुकानदार नहीं था, वरना बड़ा जानी नुकसान हो सकता था। जानकारी के अनुसार, तीन में से दो दुकानें सुनील कुमार की थीं, जबकि तीसरी एक कन्फैक्शनरी की थी जो कुछ दिन पहले ही खाली हुई थी। घटना की जानकारी मिलते ही बगली पंचायत प्रधान, हल्का पटवारी और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। ग्रामीणों ने बताया कि लगातार बारिश के चलते क्षेत्र की मिट्टी कमजोर हो चुकी है, जिससे भूस्खलन हुआ। प्रशासन का कहना है कि प्रभावित दुकानदारों को हरसंभव राहत दी जाएगी और राजस्व विभाग नुकसान का विस्तृत ब्यौरा तैयार कर रहा है।

## तड़ा के पास सड़क क्षतिग्रस्त, बड़े वाहनों के लिए बंद

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ-दियोल सड़क में तड़ा के पास सड़क का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण यह सड़क बड़े वाहनों के लिए बंद कर दी गई है। लोक निर्माण विभाग बीड़ के सहायक अभियंता ने कहा कि बैजनाथ-दियोल फटाहर सड़क तड़ा के पास आरडी 3/470से 3/486 पर सुरक्षा दीवार गिरने से आगामी आदेशों तक भारी वाहनों स्कूल बसों के लिए बंद रहेगी। अब बैजनाथ से धरेड ,दियोल, सराजड़ा, फटाहर,करनार्थु की तरफ आने जाने वाले बड़े वाहन को वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करना पड़ेगा।

# बिना अनुमति पोस्टर और होर्डिंग लगाने पर होगी कार्रवाई

## प्रतिदिन के हिसाब से वसूला जाएगा 5 हजार रुपए जुर्माना

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने की दिशा में प्रयासरत नगर निगम धर्मशाला ने बिना अनुमति होर्डिंग व पोस्टर लगाने वालों पर कार्रवाई का निर्णय लिया है, जिसके तहत बिना अनुमति होर्डिंग व पोस्टर लगाने वालों से 5 हजार रुपए जुर्माना प्रतिदिन के हिसाब से वसूला जाएगा।

**▶ शहर में होर्डिंग के लिए जल्द उपलब्ध होंगी 16 साइट्स**

लोगों को अपने ब्रांड के प्रचार में दिक्कत न हो, उसके लिए शहर में जल्द 16 होर्डिंग साइटस उपलब्ध करवाई जाएंगी। पहले शहर में छह होर्डिंग साइट्स थी, जिसमें इजाफा करते हुए दस साइट्स और तैयार की जा रही हैं। इनमें से कुछ अभी अंडर प्रोसेस हैं, कुछ ही दिनों में शहर में सोलह होर्डिंग साइट्स हो जाएंगी। गौरतलब है कि पहले लोग जहां मन करता था होर्डिंग लगा देते थे, पूछने पर बताया जाता था कि चिन्हित होर्डिंग साइट्स उपलब्ध नहीं है, जबकि अब जल्द लोगों को प्रचार-प्रसार के लिए साइट्स उपलब्ध हो जाएंगी। शहर में डिजिटल प्रचार के लिए शहर में 9 जगहों पर स्क्रीन लगाए गए हैं, जिन्हें स्मार्ट सिटी ऑपरेट करता है। जो भी शहर में अपने ब्रांड का प्रचार करवाना चाहते हैं, वे होर्डिंग साइट व डिजिटल माध्यम से प्रचार सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।



"बिना अनुमति होर्डिंग व पोस्टर बैनर लगाने पर प्रतिदिन के हिसाब से 5 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया जाएगा। शहर में सरकारी संपत्तियों पर पोस्टर चस्पां कर देते हैं, ऐसा करने वालों के चालान किए जाएंगे और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर कार्रवाई की जाएगी।
**-जफर इकबाल, कमिश्नर, नगर निगम धर्मशाला।**"

## न्यूज ब्रीफ

### काउंसिलिंग में 110 अभ्यर्थियों ने लिया भाग

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** आईटीआई शाहपुर के प्रधानाचार्य इंजीनियर चैन सिंह राणा ने बताया कि मंगलवार को स्पॉट काउंसिलिंग एडमिशन 55 प्रतिशत से 70 फीसदी तक शांतिपूर्वक सफल रही। विभिन्न ट्रेडस के लिए 110 अभ्यर्थियों ने भाग लिया तथा 73 अभ्यर्थियों ने ट्रेड चुनने में रुचि दिखाई। संस्थान के समूह अनुदेशक प्रदीप कुमार ने बताया कि 20 अगस्त को 55 फीसदी के नीचे तक के अभ्यर्थी काउंसिलिंग एडमिशन में भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थी को आधार कार्ड, दसवीं, 12वीं तथा अन्य डॉक्यूमेंट लेकर आईटीआई शाहपुर में आना होगा।

### गौतम बने प्रदेश कुश्ती संघ के उपप्रधान



**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, देहरा।** गौतम सुराना को प्रदेश भारतीय कुश्ती संघ का उपप्रधान बनाया गया है। गौतम का कहना कि वह जिम्मेदारी का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। गौतम नियुक्ति पर संघ के कार्यकारिणी सदस्य मनोज शर्मा ने बताया कि कुछ दिन पहले घुमारवीं में संघ की बैठक हुई थी, जिसमें राष्ट्रीय महासचिव गौरव सचदेवा की मौजूदगी में सुरेश कुमार को प्रदेश अध्यक्ष और दिनेश ठाकुर को महासचिव बनाया गया था। उधर, गौतम ने अपनी नियुक्ति के लिए गौरव सचदेवा, सुरेश कुमार और दिनेश ठाकुर समेत सभी पदाधिकारियों का आभार जताया है।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** सिविल अस्पताल बैजनाथ में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। लगभग 200 कार्यकर्ताओं को खंड स्वास्थ्य पर्यवेक्षक रवि सयाल ने 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल गोली तथा 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए सिरप पिलाने के महत्व पर जानकारी दी। 21 अगस्त को क्षेत्र के 15,000 से अधिक बच्चों को सरकारी, गैर-सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में यह टीकाकरण किया जाएगा। इस पहल से बच्चों में कृमि संक्रमण और खून की कमी को दूर करने तथा पोषण स्तर सुधारने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर एसटीएस रोहित ठाकुर ने टीबी मुक्त हिमाचल अभियान 2025 की भी जानकारी दी।

### यादेश ने संभाला एसएचओ बैजनाथ का कार्यभार



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ के नए थाना प्रभारी यादेश ठाकुर ने मंगलवार को कार्यभार संभल लिया है। नवनियुक्त थाना प्रभारी यादेश ठाकुर ने कहा कि नशा तस्करों असमाजिक तत्वों के विरुद्ध नकेल कसना उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा। नवनियुक्त थाना प्रभारी से आज ब्लॉक युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अतुल चौधरी तथा महामंत्री कार्तिक राणा ने अपने साथियों सहित औपचारिक भेंट की तथा शहर में बढ़ रही चोरियों के विरुद्ध उचित कदम को कहा तथा थाना प्रभारी को हर संभव सहयोग की बात कही।

### उचित मूल्य की दुकान के लिए करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला नियंत्रक, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने नगर निगम पालमपुर के तहत सिम्बल गांव (वार्ड नं. 13) में एक नई उचित मूल्य की दुकान (राशन डिपो) खोलने के लिए पात्र व्यक्तियों, पंजीकृत संस्थाओं एवं स्वयं सहायता समूहों से आवेदन मांगे हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 9 सितंबर निर्धारित की गई है। प्राथमिकता ग्राम पंचायत, महिला मंडल, सहकारी सभाएं, विकलांगजन, शहीद परिजन, एकल नारी, शिक्षित बेरोजगार एवं बीपीएल परिवारों को दी जाएगी।

## मीरथल-घियाला मार्ग पर बस का शाफ्ट टूटा, सभी यात्री सुरक्षित



**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**पठानकोट।** पठानकोट जिले के मीरथल से घियाला के गुड़ा कलां जा रही रोडवेज बस का नांगल भूर के पास शाफ्ट टूट गया, लेकिन चालक कृपाल सिंह की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया। उस समय बस धीमी गति से चल रही थी, जिससे 50 से अधिक यात्री सुरक्षित रहे। बस में अधिकांश छात्र सवार थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि मीरथल से नांगल भूर तक सड़क की हालत बहुत खराब है, जिससे बसें अकसर खराब हो जाती हैं। हालांकि बड़ी बस भेजी गई है, पर सड़क खराबी और बस की दयनीय स्थिति बनी हुई है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि यह बस बिना बीमा के चल रही है, जबकि आम वाहनों के लिए कड़ाई से नियम लागू होते हैं। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क की तुरंत मरम्मत की जाए और केवल बीमा वाली सुरक्षित बसें ही चलाई जाएं, ताकि यात्रियों की जान जोखिम में न पड़े।

## रैगिंग का अर्थ शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करना

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** राजकीय महाविद्यालय मझीण में एंटी रैगिंग कमेटी के सौजन्य से प्राचार्य डॉ. चंदन भारद्वाज के मार्गदर्शन में रैगिंग पर एक जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया गया। प्रो. आरती गुप्ता ने विद्यार्थियों को रैगिंग की परिभाषा, इसके प्रकार, प्रभाव तथा इससे निपटने के उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों को बताया कि रैगिंग का अर्थ नए विद्यार्थियों को शारीरिक, मानसिक अथवा भावनात्मक रूप से प्रताड़ित करना है। यह न केवल मानवीय गरिमा का उल्लंघन है, बल्कि एक दंडनीय अपराध भी है। छात्रों को बताया गया कि रैगिंग के प्रकार मौखिक रैगिंग, शारीरिक रैगिंग, मानसिक उत्पीड़न एवं साइबर रैगिंग आदि हैं। ये सभी रूप नए विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को तोड़ते हैं और उनके व्यक्तित्व विकास में बाधा उत्पन्न करते हैं। उन्हें यह भी स्पष्ट किया कि रैगिंग का प्रभाव जूनियर्स पर अत्यंत नकारात्मक पड़ता है। इससे उनमें भय, अवसाद, आत्मसम्मान की हानि तथा कभी-कभी पढ़ाई छोड़ने जैसी स्थितियां उत्पन्न हो जाती हैं। रैगिंग जैसी बुराई पर नियंत्रण के लिए विद्यार्थियों में जागरूकता, कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई, मित्रतापूर्ण वातावरण का निर्माण तथा पारस्परिक सम्मान की भावना का विकास आवश्यक है।

## सूद सभा पालमपुर ने सिविल अस्पताल की हर्बल वाटिका में लगाए औषधीय पौधे


पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया।

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**सूद** सभा पालमपुर ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लगातार पांचवीं बार पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस दौरान सिविल अस्पताल पालमपुर की हर्बल वाटिका में औषधीय एवं हर्बल पौधों का रोपण किया गया। अस्पताल के एमएस डॉ. तिलक भागड़ा ने पौधरोपण अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई और अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ सहित अन्य कर्मचारियों के साथ मिलकर पौधे लगाए। डॉ. भागड़ा ने कहा कि सूद सभा का यह प्रयास सराहनीय और प्रेरणादायी है। पौधरोपण से न केवल पर्यावरण स्वच्छ और सुरक्षित बनेगा, बल्कि अस्पताल का वातावरण भी और अधिक शुद्ध एवं हरा-भरा होगा। उन्होंने बताया कि हर्बल गार्डन पहले से ही अस्पताल की पहचान बन चुका है और नए लगाए गए औषधीय पौधे इसकी शोभा में और वृद्धि करेंगे।

## हैप्पी बर्थडे


ढारू के रचित चौधरी को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## भूकंप सुरक्षा एवं तैयारी को लेकर निर्देश जारी

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** कांगड़ा में आए भूकंप को लेकर जिले की भौगोलिक संवेदनशीलता को देखते हुए जिला एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने सभी संस्थानों एवं विभागों को भूकंप सुरक्षा और आपदा प्रबंधन संबंधी तैयारियों को तुरंत मजबूत करने के निर्देश जारी किए हैं। एसडीएम ने कहा कि उपमंडल कांगड़ा के समस्त संस्थान 20 अगस्त सुबह 11 बजे समयबद्ध ढंग से ड्रॉप, कवर और होल्ड भूकंप सुरक्षा का अभ्यास करें। सभी स्टाफ, विद्यार्थी एवं कर्मचारी भी इस अभ्यास को करें। इस संबंध में की गई गतिविधियों की रिपोर्ट एवं तस्वीरें उपमंडल आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मोबाइल नंबर 9459908236, 9816116000 पर भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी संस्थान अपनी संवेदनशील परिसंपत्तियों, महत्वपूर्ण भवनों एवं लाइफ लाइन इन्फ्रास्ट्रक्चर का त्वरित सुरक्षा ऑडिट करें, ताकि जोखिमों एवं कमियों की पहचान की जा सके। इसके साथ ही भूकंप सुरक्षा से संबंधित भवनों की समीक्षा कर किसी भी संरचनात्मक कमी को रिपोर्ट किया जाए।

**▶ आज भूकंप सुरक्षा पर समस्त संस्थानों में होगी रिहर्सल**

## बीड़ में 154 ग्राम चरस के साथ युवक किया गिरफ्तार


पुलिस टीम के साथ 154 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया आरोपी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला** कांगड़ा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के अंतर्गत सोमवार रात को पुलिस थाना बीड़ की ओर से गश्त के दौरान विजय कुमार (35) पुत्र टेकचंद निवासी गांव पोलिंग डाकघर स्वाड़ तहसील मुल्थान के कब्जे से 154 ग्राम चरस बरामद करने में सफलता हासिल की है। उक्त आरोपी के खिलाफ थाना बीड़ में मामला दर्ज किया गया तथा आगामी कार्रवाई जारी है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने पुष्टि करते हुए बताया कि भविष्य में भी जिला कांगड़ा पुलिस का नशे के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

जिला कांगड़ा पुलिस जनता से अपील करती है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरन्त नजदीकी पुलिस स्टेशन को दें। नशे के खिलाफ इस लड़ाई में पुलिस का साथ दें और अपने क्षेत्र को नशामुक्त बनाने में सहयोग करें।

## केसीसीबी में आए बुजुर्ग को आया हार्ट अटैक

### बैंक अधिकारी ने दिया सीपीआर तो बुजुर्ग को आया होश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**कांगड़ा** केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित की शाखा में पैसे निकलवाने पहुंचे बुजुर्ग को हार्ट अटैक आ गया, जिस पर बैंक स्टाफ ने बुजुर्ग को सीपीआर देकर उनकी जान बचाई।

मामला बैंक की चड़ी शाखा का है, जहां गत दिवस दंजू राम पुत्र किर्कू राम निवासी डढंब तहसील शाहपुर अपने पोते के साथ कैश निकालने के लिए सुबह दस बजे पहुंचे थे। बैंक पहुंचकर बुजुर्ग बेंच पर बैठे ही थे कि उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। उन्होंने साथ आए पाते से पानी पीने का इशारा किया और इसी बीच उन्हें हार्ट अटैक आ गया तथा बेहोश हो गए। इस पर बैंक अधिकारी पंकज धीमान और माल्विंदर सिंह, बुजुर्ग की ओर दौड़े तथा उन्हें बेंच पर लेटा दिया। बैंक अधिकारी पंकज धीमान ने देखा कि बुजुर्ग को हार्ट अटैक पड़ा है, जिस पर उन्होंने बुजुर्ग को सीपीआर दिया। लगातार कुछ समय तक सीपीआर देने के बाद बुजुर्ग को होश आया। होश में आने बाद तबीयत में सुधार होने पर बुजुर्ग दंजू राम ने बैंक के समस्त स्टाफ का धन्यवाद किया।

## पठानकोट में बाल श्रम व बाल भिक्षावृत्ति रोकने के लिए छापेमारी

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

सामाजिक सुरक्षा एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार, जिला बाल संरक्षण अधिकारी रेणु बाला के नेतृत्व में पठानकोट जिले में बाल श्रम और बाल भिक्षावृत्ति रोकने के लिए व्यापक छापेमारी की गई। टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में जाकर दुकानदारों से संवाद कर 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से काम न करवाने की चेतावनी दी। रेणु बाला ने कहा कि बाल श्रम में लिप्त पाए जाने वाले दुकानदारों व संस्थाओं के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही बाल भिक्षावृत्ति करवाने वालों की सूचना जिला सुरक्षा अधिकारी कार्यालय को देने का आग्रह किया गया है, ताकि इस समस्या को जड़ से खत्म किया जा सके।


दुकानदारों को जागरूक करते टीम के सदस्य।

इस अभियान में श्रम प्रवर्तन अधिकारी नवदीप सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पीएलवी विनोद कुमार, बाल संरक्षण विभाग के इंद्रजीत सिंह, सिमरन, एएसआई गुरनाम सिंह व एएसआई मंगल सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**बैठक** | प्रशासन अलर्ट, हर 12 घंटे में 6 हजार क्यूसेक बढ़ेगा डिस्चार्ज

# पौंग डैम से 75 हजार क्यूसेक पानी छोड़ने की तैयारी

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

**बीबीएमबी** प्रशासन ने अगले 24 घंटों में महाराणा प्रताप सागर झील पौंग डैम से 75 हजार क्यूसेक पानी ब्यास नदी में छोड़ने की तैयारी कर ली है। हालांकि, पानी की निकासी एकदम से नहीं होगी, बल्कि हर 12 घंटे बाद छोड़े जाने वाले पानी की मात्रा में 6 हजार क्यूसेक की बढ़ोतरी की जाएगी।


एसडीएम विश्रुत भारती ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ की आपात बैठक।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम फतेहपुर विश्रुत भारती ने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की आपात बैठक बुलाई। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि ब्यास नदी के 50 मीटर दायरे में बसे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जाए। साथ ही राहत एवं बचाव दलों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने अपनी टीम के साथ मंड क्षेत्र की पंचायत रियाली का दौरा किया। इस दौरान 32 अपंग लोगों की पहचान की गई, जिन्हें आपदा की स्थिति में सबसे पहले सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की योजना बनाई गई है। प्रशासन ने गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को भी प्राथमिकता से सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने का निर्णय लिया है। प्रशासन ने दाना मंडी रियाली और राधा स्वामी सत्संग भवन बड़ूखर में राहत शिविर स्थापित किए हैं। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया गया है कि यहां रह रहे लोगों का नियमित मेडिकल चेकअप किया जाए। चूंकि इलाके के ज्यादातर लोग पशुपालक हैं, इसलिए पशुपालन विभाग को पशुओं के चारे की पर्याप्त व्यवस्था करने को कहा गया है।

### प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा, जाना लोगों का दर्द

**आपात** बैठक के बाद एसडीएम विश्रुत भारती ने अपनी टीम के साथ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने पंचायत रियाली और ब्यास नदी किनारे बसे इलाकों का जायजा लिया और ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि पानी का स्तर लगातार बढ़ने से उनके घर और खेत डूबने के खतरे में हैं।

# सफाई की पर्ची काटेगा निगम, मेला कमेटी करेगी दुकानों का आवंटन

## नगर निगम ने रखा मेला आयोजन का प्रस्ताव, कमेटी सदस्यों ने किया विरोध

**▶ मेला कमेटी की बैठक में लिए महत्वपूर्ण निर्णय**

**▶ एसडीएम ने दिए सुचारु व्यवस्था के निर्देश**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**मैक्लोडगंज** मेला कमेटी की बैठक अध्यक्ष दिनेश कपूर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम की ओर से मेला आयोजन का प्रस्ताव रखा गया, जिस पर कमेटी सदस्यों ने विरोध जताया।

साथ ही यह निर्णय लिया गया कि नगर निगम सफाई के लिए पर्ची काटेगा, जबकि मेले के लिए दुकानों का आवंटन मेला कमेटी ही करेगी। बैठक में नगर निगम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित मेला कमेटी सदस्य मौजूद रहे। बैठक में तय किया गया कि मेले में दंगल एवं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन मेला कमेटी द्वारा ही किया जाएगा। एसडीएम धर्मशाला मोहित रत्न ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि मेले की व्यवस्था को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। इनमें प्रमुख रूप से मेले स्थल की सफाई व्यवस्था, अतिरिक्त बिजली व पानी की सुविधा, सुरक्षा की दृष्टि से गश्त व्यवस्था रहेगी।


मैक्लोडगंज मेला कमेटी की बैठक अध्यक्ष दिनेश कपूर की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

### दुकानों का आवंटन 30 को

**यह** भी निर्णय लिया गया कि दुकानों का आवंटन 30 अगस्त को किया जाएगा। उससे पूर्व नगर निगम द्वारा नालियों की सफाई तथा झाड़ियों की कटाई-छंटाई का कार्य पूरा किया जाएगा। यातायात व्यवस्था के लिए टैक्सियों की पार्किंग के लिए स्मार्ट सिटी पार्किंग एवं मैक्लोडगंज पार्किंग स्थल का उपयोग किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रों ने जानी हिमाचल की सांस्कृतिक विरासत



**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान, सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय धामी, सोलह मील (शिमला) में हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत विषय पर तीन दिवसीय वार्षिक व्याख्यान श्रृंखला 18 से 20 अगस्त तक आयोजित की गई। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक और सांस्कृतिक नेतृत्व विकसित करना था। पहले दिन श्रीनिवास जोशी (सेवानिवृत्त आईएएस) और डॉ. सत्य नारायण स्नेही (हिंदी प्राध्यापक, ठियोग) ने विषय विशेषज्ञ के रूप में भाग लिया। डॉ. स्नेही ने 'लोक जीवन और लोक संस्कृति', जबकि श्री जोशी ने 'संस्कृति व भाषा' पर व्याख्यान दिया। प्राचार्य डॉ. जनेश कपूर ने वक्ताओं का सम्मान किया। कार्यक्रम में शिक्षक और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### सुन्नी में निरंकारियों ने लगाए 70 पौधे



**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** संत निरंकारी मंडल, दिल्ली ब्रांच सुन्नी ने सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अहम कदम उठाया। सुन्नी में वननेस की भावना के तहत विभिन्न प्रजातियों के 70 पौधे रोपे गए। संत निरंकारी सत्संग ब्रांच सुन्नी के मुखी हेम प्रकाश शास्त्री ने बताया कि मिशन द्वारा पूरे देश में यह पौधरोपण लगातार तीसरे वर्ष किया जा रहा है। स्थानीय ब्रांच अगले पांच वर्षों तक पौधों के संरक्षण का कार्य करेगी। इस अभियान में लगभग 50 अनुयायियों ने भाग लिया।

### पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में रेणुका ने मारी बाजी



**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में रेड रिबन क्लब द्वारा एचआईवी एवं एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संयोजिका डॉ. ज्योति और प्रो. धर्मेंद्र ने विद्यार्थियों को एचआईवी/एड्स के लक्षण, कारण और बचाव के वैज्ञानिक पहलुओं से अवगत करवाया। कार्यक्रम में भाषण, पोस्टर मेकिंग और शपथ ग्रहण जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। भाषण प्रतियोगिता में सानवी प्रथम और योगिता द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि पोस्टर मेकिंग में रेणुका ने पहला और बुपेश ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने रचनात्मकता के साथ सामाजिक जिम्मेदारी भी निभाई। अंत में सभी ने शपथ ली कि वे एड्स के प्रति जागरूक रहेंगे और समाज को भी जागरूक करेंगे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# बच्चों को कल दी जाएगी कृमिनाशक दवा

## शिमला जिला प्रशासन का लक्ष्य 2.2 लाख से अधिक बच्चों को कवर करना

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** बच्चों के समुचित पोषण और स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए शिमला जिला प्रशासन एक महत्वपूर्ण पहल कर रहा है। डीसी अनुपम कश्यप ने बताया कि 21 अगस्त को जिले के सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल (कृमिनाशक दवा) की खुराक दी जाएगी। साथ ही 1 से 5 वर्ष के बच्चों को विटामिन-ए भी दिया जाएगा।

डीसी ने कहा कि बच्चों का पोषण और स्वास्थ्य प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला व बाल विकास विभागों को समन्वय से काम करने के निर्देश दिए गए हैं। यह घोषणा राष्ट्रीय डी-वार्मिंग दिवस और विटामिन-ए अभियान के पहले चरण की तैयारियों की समीक्षा बैठक में की गई, जिसमें सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

अभियान के तहत 1 से 5 वर्ष के बच्चों को एल्बेंडाजोल और विटामिन-ए की खुराक आंगनबाड़ी केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्ले स्कूलों में दी जाएगी। वहीं, 5 से 19 वर्ष के बच्चों को केवल एल्बेंडाजोल की खुराक स्कूलों में प्रदान की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य बच्चों के पोषण स्तर में सुधार और एनीमिया की रोकथाम है। शिमला जिले के कुल 2,22,687 बच्चों को कवर करने का लक्ष्य है। इसमें 2105 सरकारी, 450 निजी स्कूल और 2154 आंगनबाड़ी केंद्र शामिल हैं। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण और जागरूकता सामग्री का वितरण पहले ही किया जा चुका है।



### जागरूकता गतिविधियों को दी जाए प्राथमिकता

**उपायुक्त** ने अधिकारियों को दवाओं की समय पर उपलब्धता और लॉजिस्टिक्स सुनिश्चित करने के साथ जागरूकता गतिविधियों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह अभियान बच्चों के स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### खुराक की मात्रा

1 से 2 वर्ष के बच्चों को 2 मिलीलीटर विटामिन-ए सिरप दिया जाएगा, जिसके 5 मिनट बाद आधी गोली एल्बेंडाजोल दी जाएगी। 2 से 5 वर्ष के बच्चों को 2 मिलीलीटर विटामिन-ए के साथ पूरी गोली एल्बेंडाजोल दी जाएगी। 5 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों को केवल एल्बेंडाजोल की एक गोली दी जाएगी।

# गुम्मा-बाघी सड़क की बदहाली से आम लोग और सेब बागवान परेशान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**कोटखाई** क्षेत्र की जीवनरेखा मानी जाने वाली गुम्मा-बाघी सड़क की स्थिति अत्यंत खराब हो चुकी है, जिससे यहां के निवासियों को भारी असुविधा हो रही है। हजारों लोग, छात्र और सेब बागवान रोजाना इस सड़क का उपयोग करते हैं।

सड़क कई स्थानों पर टूट चुकी है और गड्ढे खतरनाक स्थिति उत्पन्न कर रहे हैं। महीनों से सड़क पर मलबा पड़ा हुआ है, जिसे हटाने के लिए कोई कार्रवाई नहीं हुई है। भाजपा जिला सचिव अशोक जस्टा ने सड़क की खराब स्थिति पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि सड़क की बदहाली से सेब बागवानों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। ट्रक और वाहन बार-बार खराब हो रहे हैं, जिससे फसल मंडियों तक समय पर नहीं पहुंच पा रही और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार जल्द मरम्मत और सफाई का काम नहीं शुरू करती, तो वे जनता के साथ सड़क पर आंदोलन करेंगे।



गुम्मा-बाघी सड़क की खस्ताहाल स्थिति का दृश्य।

**मरम्मत न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी**

## सर्वपल्ली राधाकृष्णन प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षुओं ने किया बेहतरीन प्रदर्शन



आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान

**बीएड सत्र के चौथे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत**

**रामपुर बुशहर।** सर्वपल्ली राधाकृष्णन बीएड/एमएड प्रशिक्षण संस्थान नोगली के बीएड सत्र 2023-25 के चौथे सेमेस्टर परीक्षा परिणाम हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा घोषित हुए। इस वर्ष भी संस्थान का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। चौथे सेमेस्टर में शीतल शर्मा ने 85.71 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम, सिमरन चौहान 83.71 फीसदी अंक लेकर द्वितीय और नेहा ने 82.86 फीसदी अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुल मिलाकर 10 प्रशिक्षुओं ने 80 फीसदी से अधिक अंक हासिल किए, जबकि 180 छात्र-छात्राओं ने 70 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्या डॉ. सीमा भारद्वाज ने प्रशिक्षुओं और शिक्षकों को बधाई दी। संस्थापक अध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार शर्मा ने सभी के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में अधिक सफलता की उम्मीद जताई। डॉ. शर्मा ने बताया कि जल्द ग्रामीण क्षेत्रों में नए शिक्षा कोर्स भी शुरू किए जाएंगे।

## सिकंदर ने टीबी नियंत्रण के प्रयासों पर मांगी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने संसद में क्षय रोग (टीबी) उन्मूलन को लेकर राज्य सरकार की रणनीति पर सवाल उठाए। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री से टीबी की पहचान, मृत्यु दर कम करने और संक्रमण रोकने के उपायों की विस्तृत जानकारी मांगी।

**एनटीईपी के तहत हिमाचल में चल रहे जागरूकता और जांच अभियान**

जवाब में राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बताया कि 'राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम' के तहत हिमाचल सहित देशभर में अज्ञात मामलों की पहचान, स्क्रीनिंग और त्वरित जांच जैसे प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मिशन टीबी मुक्त भारत में हिमाचल की सक्रिय भागीदारी है और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, स्कूलों, आंगनबाड़ी व स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से समुदाय को जागरूक कर इलाज सुनिश्चित किया जा रहा है।

# खतरनाक पेड़ों को तुरंत हटाने के आदेश

## भूस्खलन व पेड़ गिरने की घटनाओं पर प्रशासन सख्त, एसडीएम को कार्रवाई के आदेश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**शिमला** में लगातार हो रही भारी बारिश और भूस्खलन की घटनाओं को देखते हुए प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है। शिमला के डीसी ने जिले के सभी उपमंडल मजिस्ट्रेटों को सीआरपीसी की धारा 133 के तहत तुरंत खतरनाक पेड़ों को हटाने के निर्देश दिए हैं। यह निर्णय लोगों की जान-माल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

इस मानसून सीजन में शिमला के कई क्षेत्रों में भूस्खलन, पेड़ों के गिरने और बाढ़ की घटनाएं सामने आई हैं। इससे यातायात बाधित हुआ है और संपत्ति को भी भारी नुकसान पहुंचा है। हाल ही में रामचंद्र चौक के पास हुए भूस्खलन के कारण 35 से 40 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करना पड़ा, जबकि छोटा शिमला में एक विशाल देवदार का पेड़ गिरने से सड़क पर आवाजाही बाधित हो गई थी। प्रशासन ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे संवेदनशील क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर, वन विभाग और नगर निगम के साथ समन्वय बनाकर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। ऐसे पेड़ों को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित किया जाए, जो आबादी के लिए सीधा खतरा बन सकते हैं, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को टाला जा सके।



### कमजोर पेड़ों की जानकारी तुरंत दें: डीसी

डीसी ने आम जनता से भी अपील की है कि अगर उनके आसपास कोई कमजोर या गिरने की आशंका वाला पेड़ हो, तो उसकी सूचना तत्काल स्थानीय प्रशासन या संबंधित विभाग को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

### छात्र नमन को पेंशनर्स शहरी इकाई की मदद

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बिलासपुर पेंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन (शहरी इकाई) ने डियारा सेक्टर के छात्र नमन कंडेरा को उसकी शिक्षा के लिए 2100 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। नमन ने 10वीं में 638 अंक हासिल किए हैं। उसके पिता का निधन हो चुका है और मां बच्चों की शिक्षा का दायित्व निभा रही हैं।

### डीएवी नयना देवी में वैदिक संस्कृति सप्ताह संपन्न

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल श्री नयना देवी में श्रावणी पर्व के उपलक्ष्य में वैदिक संस्कृति प्रचार सप्ताह का आयोजन किया गया। हवन यज्ञ के साथ बच्चों को महर्षि दयानंद सरस्वती के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी गई।

### व्यापार मंडल अधिवेशन की तैयारियां जोरों पर

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बिलासपुर व्यापार मंडल का वार्षिक अधिवेशन 24 अगस्त को आयोजित होगा। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी मुख्य अतिथि होंगे। विधायकों को निमंत्रण भेजा गया है और अधिवेशन में समाजसेवियों और वरिष्ठ व्यापारियों को सम्मानित किया जाएगा।

### वरिष्ठ नागरिक सभा की बैठक कल

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** वरिष्ठ नागरिक सभा बिलासपुर की मासिक बैठक 21 अगस्त को सुबह 11 बजे रौड़ा सेक्टर में आयोजित होगी। अध्यक्षता डॉ. जेएन मिश्रा करेंगे। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

### सरकार जल्द करे पेंशनर्स को एरियर जारी

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संघ के चैन सिंह सुमन ने कुछ पूर्व पदाधिकारियों पर संगठन को तोड़ने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वर्तमान नेतृत्व एकजुट है और पेंशनर्स की मांगों को मजबूती से उठा रहा है। सरकार से 2016-22 के पेंशनर्स का एरियर जारी करने की मांग की गई है।

### अक्षिता प्लांट केयर प्रतियोगिता में प्रथम

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** नवालोक आदर्श विद्यालय खनसरा में ईको क्लब की ओर से आयोजित 'प्लांट केयर एंड डेकोरेशन' प्रतियोगिता में 10वीं की अक्षिता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बच्चों ने घर पर सजावटी पौधे तैयार कर उन्हें स्कूल में प्रदर्शित किया।

### मंत्री हर्षवर्धन के बयान की आलोचना : महेंद्र

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा से जूझ रहे हजारों परिवारों की पीड़ा को लेकर सियासत गरमा गई है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान के हालिया बयान की कड़ी आलोचना करते हुए इसे आपदा पीड़ितों का अपमान करार दिया है। मानसून सत्र के दौरान संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने विपक्ष द्वारा आपदा पर चर्चा की मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि अगर आपदा पर चर्चा नहीं करेंगे तो कोई आसमान नहीं टूट पड़ेगा। इस बयान को लेकर भाजपा ने सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया है। महेंद्र धर्माणी ने कहा कि प्रदेश वर्तमान में भीषण आपदा की मार झेल रहा है। हजारों परिवारों के सिर से छत छिन गई है, कई लोगों ने अपनी रोज़ी-रोटी खो दी है और सैकड़ों परिवार अब भी राहत और पुनर्वास की बाट जोह रहे हैं।

## मां श्री दुर्गा लंगर समिति ने रिलीफ फंड में दिए 2 लाख



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** मां श्री दुर्गा लंगर समिति ने मंगलवार को उपायुक्त राहुल कुमार को मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 2 लाख 1 हजार रुपए का चेक भेंट किया। यह सहयोग आपदा प्रभावित लोगों की मदद के लिए दिया गया है। समिति के अध्यक्ष ललित डोगरा के नेतृत्व में प्रधान गंगाराम, सचिव भूपेंद्र टाडू, प्यारे लाल शर्मा, विपुल हांडा और सुनील टाडू इस अवसर पर उपस्थित रहे। डीसी ने समिति के सदस्यों का आभार जताया।

# पेंशन न मिलने पर भड़के सेवानिवृत्त कर्मचारी

## प्रदेश परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच ने सरकार के रवैये पर जताया रोष

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**हिमाचल** परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच ने पेंशनर्स की मांगों के प्रति सरकार के रवैये पर गहरा रोष जताया है। संगठन का कहना है कि पेंशनर लंबे समय से अपने हक के लिए आवाज उठा रहे हैं। उनकी लंबित मांगें पूरी करना तो दूर, उन्हें समय पर पेंशन तक नहीं मिल रही है। अगस्त माह आधे से अधिक बीत चुका है, लेकिन उन्हें जुलाई की पेंशन अभी तक नहीं मिल पाई है। इससे प्रदेश सरकार की संवेदनहीनता साफ तौर पर उजागर हो पाई है।

मंगलवार को संगठन के जिला अध्यक्ष प्रेमलाल ठाकुर की अध्यक्षता में शहर के डियारा सेक्टर स्थित जिला मार्केटिंग कमेटी भवन में आयोजित बैठक में कहा कि एचआरटीसी के पेंशनर लगातार अनदेखी का शिकार हो रहे हैं। मेडिकल बिलों का भुगतान तो दूर, उन्हें देय वित्तीय लाभों की अदायगी भी नहीं की जा रही है। इससे उन्हें अत्याधिक आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रही-सही कसर पेंशन का भुगतान नियमित रूप से नहीं होने से पूरी हो रही है। जुलाई की पेंशन को लेकर उनका इंतजार अभी तक भी जारी है। बैठक में निर्णय लिया कि जनजागरण अभियान चलाने के साथ जिला स्तर पर धरने-प्रदर्शन किए जाएंगे। अगली बैठक घुमारवीं में आयोजित की जाएगी। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष श्याम राणा, महासचिव किशोरीलाल शर्मा, कोषाध्यक्ष पवन चंदेल व प्रेस सचिव मोहम्मद अमीन खान आदि सदस्यों ने भाग लिया।



संगठन के जिला अध्यक्ष प्रेमलाल की अध्यक्षता में हुई बैठक।

### भगेड़ में आज मनाई जाएगी राजीव गांधी की जयंती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री राजीव गांधी की जयंती 20 अगस्त को बिलासपुर जिला के भगेड़ गांव में स्थित मानसिक, सामाजिक और शारीरिक रूप से कमजोर बच्चों के बीच फल वितरण कर मनाई जाएगी। इस अवसर पर राजीव गांधी पंचायती राज संगठन, जिला बिलासपुर द्वारा एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा हमेशा समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के साथ खड़ी रही है। संगठन समय-समय पर अनाथालयों, वृद्धाश्रमों और सामाजिक सेवा से जुड़े विभिन्न संस्थानों के साथ मिलकर कार्यक्रम आयोजित करता रहा है।

## 15 दिन में खाली पद नहीं भरे तो होगा आंदोलन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** तकनीकी शिक्षा मंत्री की गृह विधानसभा घुमारवीं में सरकारी विभाग अफसरों की कमी से जूझ रहे हैं। राजस्व विभाग और जलशक्ति विभाग जैसे सीधे जनता से जुड़े विभागों के अधिकारी महीनों से अनुपस्थित हैं। तहसील कार्यालय में जून से तहसीलदार और मार्च से नायब तहसीलदार का पद रिक्त है। कार्यभार अन्य अधिकारियों को सौंपा गया है, लेकिन उनकी उपस्थिति नाममात्र की है, जिससे प्रमाण पत्र व इंतकाल जैसे कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

**भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष देशराज शर्मा ने दी चेतावनी**

जलशक्ति विभाग में भी एक्सईएन का पद एक वर्ष से खाली पड़ा है, जिससे पेयजल योजनाएं और निर्माण कार्य अधर में हैं। भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष देशराज शर्मा ने सरकार की नाकामी बताते हुए चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों में पद नहीं भरे गए तो आंदोलन होगा, जिसकी जिम्मेदारी मंत्री व सरकार की होगी।

### बाघछाल पुल के पास भूस्खलन से मार्ग बंद



**अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** भारी बारिश के कारण सोमवार रात को बाघछाल पुल के समीप मरोतन की ओर जाने वाले मार्ग पर भारी भूस्खलन हुआ, जिससे सड़क पर बड़े-बड़े पत्थर और मलबा गिर गया। इसके चलते यह मुख्य मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। यातायात पूर्णतः ठप हो गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की। विभागीय टीम जेसीबी और अन्य मशीनरी के साथ मौके पर पहुंची और मलबा हटाने का कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है। उम्मीद है कि मार्ग को शीघ्र आंशिक रूप से खोल दिया जाएगा, ताकि आवश्यक यातायात बहाल हो सके। धनी पंचायत के उपप्रधान मुकेश कुमार, सलवाड़ पंचायत के प्रधान कांशीराम, उपप्रधान रणजीत सिंह और स्थानीय नेता कर्म सिंह ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्यों की निगरानी की और अधिकारियों का धन्यवाद किया। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि मार्ग पूरी तरह सुरक्षित होने तक अनावश्यक यात्रा न करें।

### स्वयंसेवियों को प्रशस्ति पत्र देकर नवाजा



**अनंत ज्ञान, बरठीं (बिलासपुर)।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बडगांव में मंगलवार को प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा 'कमाल का कैंप -2025' में भाग लेने वाले स्वयंसेवियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला समन्वयक ममता चंदेल ने बताया कि इस राष्ट्रव्यापी शिक्षा अभियान में बिलासपुर के 705 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। कैंप के दौरान कक्षा 5 से 8 तक के बच्चों के साथ एक माह तक पढ़ना, लिखना और गणित सिखाने की गतिविधियां चलाई गईं। पाठशाला की छात्राओं पूजा, शगुन, रुचिता, एंजल, काजल और तमन्ना को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

### किसानों को बैंकिंग सहायता दिलाने पर चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के निदेशक एवं पूर्व राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन के प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा ने भाग लिया। उन्होंने संगठन को सशक्त बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को सुझाव दिए और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में सहकारी बैंक की योजनाओं और किसानों को बैंकिंग सहायता दिलाने पर चर्चा हुई। सुनील शर्मा ने कहा कि वह आम जनता और किसानों को लाभ दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस मौके पर हीरापाल सिंह, जगदीश संख्यान, सतीश शर्मा, नंदलाल वर्मा और जीतराम सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### बच्चों को कल खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल दवा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** डीसी राहुल कुमार ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर 21 अगस्त को जिले के 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी। इसके लिए आंगनबाड़ी केंद्रों, निजी व सरकारी स्कूलों, आईटीआई और कॉलेजों में विशेष अभियान चलाया जाएगा। 1 से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए सिरप भी पिलाई जाएगी। स्कूल से बाहर रहने वाले बच्चों को आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से दवा दी जाएगी। छूटे हुए बच्चों को 28 अगस्त को मॉप-अप राउंड में कवर किया जाएगा।

### सहकारी सभा की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर की दि ओम ग्राम सेवा सहकारी सभा (अपर खैरिया) की कार्यप्रणाली को लेकर सदस्य तेज प्रताप पांडेय ने गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सभा की स्थापना 2005 में अव्यवस्थित ढंग से की गई और सचिव का चयन पारदर्शी नहीं रहा। वर्षों से बैठकें केवल कागजों तक सीमित रहीं और लेखा-जोखा व वेतन भुगतान में अनियमितताएं उजागर हुईं। कंप्यूटर व फर्नीचर जैसे संसाधनों को बिना सदस्यों की जानकारी मृत घोषित कर दान कर दिया गया। पांडेय ने बताया कि विभागीय अधिकारियों को बार-बार सूचित करने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो वे न्यायिक हस्तक्षेप पर विचार करेंगे।

# कनाडा में स्वतंत्रता दिवस पर दिखी मिंजर मेले की सांस्कृतिक झलक



हिमाचल कल्चर एसोसिएशन ऑफ कनाडा ने हिमाचल की विरासत को दिया अंतरराष्ट्रीय मंच।

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

**भारतीय** वाणिज्य दूतावास, कनाडा के तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस का भव्य आयोजन 17 अगस्त को डाउनटाउन टोरंटो में बड़े हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में किया गया। इस अवसर पर हिमाचल कल्चर एसोसिएशन ऑफ कनाडा (हिमकैन) ने अपनी झांकी के माध्यम से हिमाचल प्रदेश की प्राचीन धरोहर और सांस्कृतिक पहचान अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला को प्रस्तुत किया।

वहीं, देवी-देवताओं की झांकी को पारंपरिक स्वरूप में प्रदर्शित किया गया और उनके स्वागत के लिए हिमाचली ढोल और वाद्ययंत्रों का प्रयोग किया गया। इस प्रस्तुति ने न केवल भारतीय मूल के लोगों को अपने गांव और संस्कृति की याद दिलाई, बल्कि कनाडाई दर्शकों को भी भारत की विविधता और परंपराओं से परिचित कराया।

हिमाचल कल्चर एसोसिएशन ऑफ कनाडा के अध्यक्ष दिलीप कुमार और उनकी पूरी टीम का विशेष योगदान रहा। दिलीप कुमार एक अत्यंत शांत, विनम्र, मेहनती, ईमानदार, दूरदर्शी और समर्पित व्यक्तित्व हैं और कनाडा में एक सफल रियल्टर भी हैं। इस अवसर पर सद्भावना संस्था के संस्थापक एवं महासचिव सुनील कुमार ठाकुर ने बताया कि उनकी संस्था लंबे समय से हिमाचल प्रदेश में विधवाओं, अनाथ बच्चों, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण के कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। अब वे कनाडा में बस गए हैं, लेकिन आज भी अपने गृह जिले और समाज की सेवा के लिए उतने ही समर्पित और केंद्रित हैं।

## जलेला गांव में दयनीय हालत में जिंदगी काट रही बुजुर्ग महिला



कच्चे घर में पड़ी दरारें, जो कभी भी गिर सकता है।

**राकेश चंदेल, अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र की नकराना पंचायत के जलेला गांव की एक बेसहारा बुजुर्ग महिला इन दिनों बेहद दयनीय हालात में जिंदगी काट रही है। महिला ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि उनके पति का काफी पहले देहांत हो चुका है और अब दोनों बेटे भी इस दुनिया में नहीं रहे। ऐसे में वह अकेली पड़ चुकी है और उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। महिला ने कहा कि न पंचायत प्रधान और न ही कोई अन्य प्रतिनिधि उनका हाल पूछने आया।

प्रशासन व सरकार ने भी उनकी पीड़ा की अनदेखी की है। कच्चे मकान में गहरी दरारें पड़ चुकी हैं और कभी भी मकान गिरने का खतरा बना हुआ है। आज तक किसी तरह की सरकारी मदद नहीं मिली और अब उनके पास सिर्फ भगवान का ही सहारा है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को तुरंत इस महिला की मदद के लिए आगे आना चाहिए, ताकि उनका जीवन सुरक्षित हो सके।

# कुठेड स्कूल के प्रांगण से महिला का नग्न शव बरामद

## पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जांच शुरू की, जल्द होगा पोस्टमार्टम

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**जिला** चंबा में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। तहसील मुख्यालय चुवाड़ी के समीप स्थित पंचायत कुडनू के राजकीय प्राथमिक स्कूल कुठेड के प्रांगण में एक महिला का नग्न अवस्था में शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। यह घटना सुबह तब पता चली, जब स्थानीय लोग रास्ते से गुजर रहे थे और उन्होंने नग्न अवस्था में महिला का शव पड़ा देखा। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मृतक महिला की पहचान कमला देवी, पत्नी मघर सिंह, निवासी गांव कुठेड के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और साक्ष्यों को इकट्ठा करना शुरू कर दिया है।



फॉरेंसिक टीम भी गहनता से मामले की जांच कर रही है। मृतक महिला कमला देवी हाल ही में जलशक्ति विभाग से सेवानिवृत्त हुई थीं। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। थाना प्रभारी रमन चौधरी ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वाड को मौके पर बुलाया गया है। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर गहनता से जांच शुरू कर दी है। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

**मृतका जलशक्ति विभाग से हाल ही में हुई थीं सेवानिवृत्त**

# मणिमहेश यात्रा पर अलर्ट

## प्रशासन ने जारी की आपदा सुरक्षा एडवाइजरी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**भारी बारिश और भूस्खलन की आशंका, यात्रियों से सतर्क रहने की अपील**

**यात्रा के दौरान साथ रखें टॉर्च, रेनकोट, पीने का पानी जरूरी समान**

मानसून-2025 के दौरान हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के चलते जिला प्रशासन चंबा ने मणिमहेश यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों को सतर्क किया है।

प्रशासन ने अपील की है कि यात्रा के दौरान पूरी सावधानी बरती जाए, क्योंकि लगातार बारिश के कारण भूस्खलन और नदियों-नालों में जलस्तर अचानक बढ़ने की आशंका बनी हुई है। प्रशासन द्वारा जारी किए गए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश अत्यधिक वर्षा की स्थिति में यात्री सुरक्षित स्थानों पर रुकें और मौसम सामान्य होने के बाद ही यात्रा पुनः शुरू करें। नदियों, नालों और खड्डों के नज़दीक जाने से परहेज करें। प्रशासन और मौसम विभाग द्वारा समय-समय पर जारी चेतावनियों और मौसम बुलेटिन को अवश्य सुनें (रेडियो/टीवी/मोबाइल)। केवल निर्धारित पैदल मार्ग का ही उपयोग करें, अनधिकृत और खतरनाक रास्तों से बचें। यात्रा के दौरान टॉर्च, रेनकोट, पीने का पानी, हल्का भोजन और मजबूत जूते अवश्य साथ रखें।

अत्यधिक वर्षा के दौरान प्रशासन द्वारा चिन्हित सुरक्षित स्थानो डल झील, गौरीकुंड, सुंदरासी और धंछो में विश्राम और भोजन की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। ग्राम पंचायतों के प्रधानों, उपप्रधानों, स्वयंसेवी संगठनों, ट्रैकर्स और स्थानीय निवासियों से अनुरोध किया गया है कि इस चेतावनी को अधिक से अधिक यात्रियों तक पहुंचाने में सहयोग करें।

# होली-गौरीकुंड हेलि सेवा को डीजीसीए की हरी झंडी का इंतजार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

मणिमहेश यात्रा के दौरान होली से गौरीकुंड के लिए प्रस्तावित हेलि टैक्सी सेवा के निरीक्षण के लिए डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) की टीम मंगलवार को होली पहुंची। टीम ने यहां हेली सेवा प्रदान करने वाली कंपनियों के दस्तावेजों की गहन जांच की और होली हेलिपैड पर उनके द्वारा रखे गए उपकरणों और इंफ्रास्ट्रक्चर का निरीक्षण किया। टीम ने हेली टैक्सी सेवा के लिए निर्धारित मानकों व सुरक्षा उपायों की भी समीक्षा की।

इसके बाद डीजीसीए टीम ने होली से गौरीकुंड के लिए परीक्षण उड़ान भरी, लेकिन गौरीकुंड क्षेत्र में खराब मौसम के कारण हेलिकॉप्टर को बीच रास्ते से ही होली हेलिपैड पर वापस लौटना पड़ा। अब डीजीसीए टीम दोबारा परीक्षण उड़ान भरेगी, जिसके सफल रहने पर ही होली से गौरीकुंड के लिए हेलि टैक्सी सेवा को अंतिम अनुमति दी जाएगी। प्रशासन को उम्मीद है कि बुधवार तक इस सेवा को औपचारिक रूप से शुरू किया जा सकेगा।



**मौसम बना रुकावट**

**मणिमहेश** यात्रा के लिए भरमौर से हेलि सेवा 9 अगस्त से शुरू होनी थी, जबकि होली से 15 अगस्त से उड़ानों की योजना थी, लेकिन लगातार खराब मौसम के चलते अब तक भरमौर से भी अपेक्षा के अनुसार उड़ानें नहीं हो पाईं। जानकारी के अनुसार अब तक भरमौर से गौरीकुंड के लिए केवल लगभग 50 उड़ानें ही संचालित हो सकी हैं। प्रशासन और हेली सेवा प्रदाता कंपनियां मौसम में सुधार की प्रतीक्षा कर रही है, ताकि यात्रियों को निर्बाध सेवाएं मिल सकें।

# बारिश से गुआं स्कूल के प्रांगण का डंगा गिरा, बच्चों के लिए बना खतरा



**अनंत ज्ञान, धरवाला**

शिक्षा खंड गैहरा के अंतर्गत आने वाली राजकीय प्राथमिक पाठशाला गुआं के प्रभारी राजकुमार ने बताया कि पिछले कई दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण स्कूल के प्रांगण का मुख्य डंगा नीचे गिर चुका है।

स्कूल प्रभारी राजकुमार ने बताया कि प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा पांचवीं तक 56 बच्चे यहां शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। स्कूल का मुख्य प्रांगण वह स्थान है, जहां सुबह की प्रार्थना सभा भी करवाई जाती है। राजकुमार ने बताया कि डंगा गिरने से खतरा पैदा हो गया है। इससे अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल भेजने में कतराने लगे हैं। साथ ही, यहां से गुजरने वाले राहगीरों के लिए भी यह स्थिति जोखिमपूर्ण बनी हुई है। विद्यालय प्रभारी ने प्रशासन से अतिशीघ्र डंगा लगाने की गुहार लगाई है, ताकि किसी भी प्रकार का जान-माल का नुकसान न हो और बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित न हो।

# राजेश ने स्ट्रॉन्गमैन इंडिया में जीता सिल्वर

## चुराह के खिलाड़ी का भारत को अंतरराष्ट्रीय मंच पर रिप्रेजेंट करना है सपना

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश के सुंदरनगर में 16 और 17 अगस्त 2025 को आयोजित स्ट्रॉन्गमैन इंडिया ओपन चैंपियनशिप में चुराह-चंबा के जांबाज बेटे राजेश ठाकुर ने अपनी ताकत और जज्बे का शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। देशभर से आए प्रतिभागियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद राजेश ने बेहतरीन प्रदर्शन कर दर्शकों और निर्णायकों दोनों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की क्षमता परखने के लिए मॉन्स्टर डंबल, लॉग लिफ्ट और एलेक्स डेडलिफ्ट जैसी कठिन स्पर्धाएं रखी गई थीं।



राजेश ने हर इवेंट में संतुलन, शक्ति और तकनीक का शानदार समन्वय दिखाया और अंत तक मज़बूत दावेदारी बनाए रखी। राजेश की इस सफलता के पीछे रणभूमि जिम के कोच सुभाष की अहम भूमिका रही, जिन्होंने उन्हें प्रशिक्षण के साथ मानसिक मजबूती भी प्रदान की। इसके साथ ही अमृतसर के समाजसेवी मंजीत सिंह ने राजेश को आर्थिक रूप से सहयोग कर उनके सपनों को उड़ान दी। उन्होंने कहा कि यह मेडल सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि मेरे कोच, परिवार, प्रायोजक और उन सभी लोगों का है, जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया। मेरा सपना है कि मैं एक दिन भारत का प्रतिनिधित्व करूं और विश्व मंच पर तिरंगा लहराऊं।

**क्षेत्र में खुशी की लहर, युवाओं की प्रेरणा बने राजेश**

**राजेश** की जीत की खबर मिलते ही चुराह और चंबा क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। परिजन, रिश्तेदार और स्थानीय लोग गर्व से गदगद हैं। राजेश अब युवाओं के लिए एक प्रेरणा बन चुके हैं और फिटनेस व खेल के प्रति जागरूकता का प्रतीक भी।


**प्रदेश का नया गौरव**

**राजेश** ठाकुर ने साबित कर दिया कि सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद अगर जज्बा हो तो पहाड़ों से भी प्रतिभा निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर छा सकती है। उनकी यह उपलब्धि न सिर्फ चुराह-चंबा बल्कि पूरे हिमाचल का मान बढ़ाने वाली है।

# खेतों में खोया पिता का सपना, बेटी ने अखाड़े में उगाई सफलता की फसल

**हाशू शेख, अनंत ज्ञान**

**चुराह।** खेतों में पसीना बहाकर परिवार का पालन-पोषण करने वाले पिता रमजान का पहलवान बनने का अधूरा सपना अब उनकी बेटी गुलजारो अखाड़े में उतरकर पूरा कर रही है। चुराह उपमंडल की टिकरीगढ़ पंचायत के रमजान को आर्थिक हालात ने अखाड़े से दूर कर दिया था, लेकिन गुलजारो ने वही मशाल थामी और अखाड़े में अपनी मेहनत से सफलता की फसल उगाई, जिसकी वजह से वह आज नेशनल स्तर तक पहुंच चुकी हैं। 20 अगस्त से रांची में शुरू होने वाली राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में गुलजारो 53 किग्रा भार वर्ग (ओपन वर्ग) में दमखम दिखाएंगी। दसवीं कक्षा में पढ़ाई के दौरान जब गुलजारो ने पहली बार लड़कियों को अखाड़े में उतरते देखा, तो पिता का सपना उनके भीतर भी जाग उठा। उसी दिन उन्होंने ठाना कि चाहे कितनी भी मुश्किलें आएं, अखाड़े में अपनी पहचान बनानी है। 12वीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद गुलजारो ने



जिला स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक का सफर तय किया। गुलजारो ने बताया कि गरीबी ने उन्हें रोका नहीं, बल्कि और मजबूत बनाया। पिता ने हर कदम पर मार्गदर्शन दिया, अध्यापकों और परिवार ने भी हौसला बढ़ाया। खेतीबाड़ी करने वाले पिता रमजान आज अपनी बेटी को अखाड़े में देखकर गर्व महसूस कर रहे हैं। गुलजारो कहती हैं कि अब उनका अगला सपना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराना है, जिसके लिए वह कड़ी मेहनत कर रही हैं।

# भूस्खलन रोकने के लिए ठोस कदम जरूरी : नवनीत चौफला

## राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता व समाजसेवी ने चेताया, कहा- टिकाऊ विकास ही भविष्य की सुरक्षा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

हिमाचल प्रदेश में लगातार बढ़ते भूस्खलनों और अंधाधुंध विकास कार्यों को लेकर राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता, बहादुरी सम्मान प्राप्त समाजसेवी नवनीत चौफला ने गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब समय आ गया है जब हमें पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ विकास की ओर ठोस कदम बढ़ाने होंगे, नहीं तो आने वाली पीढ़ियां भारी संकट में होंगी।



चौफला ने कहा कि मूक डंपिंग (बिना चिन्हित स्थलों पर मलबा फेंकना) और बिना पर्यावरणीय मूल्यांकन के निर्माण कार्यों ने पर्वतीय भू-संरचना को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। परिणामस्वरूप, हर वर्ष भारी वर्षा के दौरान दर्जनों स्थानों पर भूस्खलन और सड़कें धंसने की घटनाएं सामने आती हैं। प्रदेश सरकार से मांग की कि पर्यावरण अभियंताओं की नियुक्ति शीघ्र की जाए। इन अभियंताओं को हर विकास परियोजना की योजना और निगरानी में शामिल किया जाए। जमीन पर प्रभावी कार्यवाही को प्राथमिकता दी जाए, केवल फाइलों में योजनाएँ बनाकर नहीं।

### भूस्खलन रोकने के लिए चौफला के सुझाव

वन संरक्षण और पौधरोपण- पेड़ मिट्टी को बांधने में सहायक होते हैं और कटाव रोकते हैं।
टेरेसिंग और रिटेनिंग वॉल्स- ढलानों को स्थिर रखने में उपयोगी।
निर्माण गतिविधियों पर नियंत्रण- होटल, सड़क और खनन जैसी परियोजनाओं को ईआईए (पर्यावरण प्रभाव आकलन) के बाद ही अनुमति मिले।
सुदृढ़ जल निकासी प्रणाली- वर्षा जल का प्रबंधन आवश्यक ताकि वह मिट्टी को क्षति न पहुंचाए।
स्थानीय समुदाय की भागीदारी - ग्रामीणों को आपदा प्रबंधन में प्रशिक्षित कर सक्रिय भूमिका दी जाए।
विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन - प्रत्येक परियोजना में पारिस्थितिकी को प्राथमिकता दी जाए।

### राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता चौफला का संदेश

**यह** केवल पर्यावरण का नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व का प्रश्न है। यदि हमने अब भी नहीं संभाला, तो भविष्य खतरे में है। टिकाऊ विकास की ओर सभी को एकजुट होकर कदम बढ़ाना होगा।

# किहार अस्पताल में स्थायी स्टाफ की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने शुरू किया अनशन

**अनंत ज्ञान, चंबा**

ग्राम पंचायत किहार के उपप्रधान बिकी ठाकुर ने सिविल अस्पताल किहार की समस्याओं को लेकर भूख हड़ताल शुरू कर दी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब तक अस्पताल में स्थायी डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति नहीं की जाती, तब तक अनशन जारी रहेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार ने सिविल अस्पताल किहार का लोकार्पण तो कर दिया, लेकिन यहां न डॉक्टर हैं और न ही पैरामेडिकल स्टाफ। मौजूदा समय में अस्पताल में केवल उधारी के डॉक्टर (अस्थायी ड्यूटी पर भेजे गए डॉक्टर) मरीजों का उपचार कर रहे हैं। 50 बेड की क्षमता वाले इस अस्पताल में केवल पांच बेड ही आंशिक रूप से तैयार हैं, और गंभीर मरीजों को तुरंत चंबा रेफर कर दिया जाता है। लोगों ने पहले कई बार सरकार से मांग की थी कि इस अस्पताल को पूर्ण रूप से क्रियाशील बनाया जाए, लेकिन हर बार उनकी मांगें अनसुनी रह गईं। मजबूर होकर अब स्थानीय लोगों को भूख हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा है। बिकी ठाकुर ने कहा कि यदि सरकार ने जल्द स्थायी स्टाफ की नियुक्ति नहीं की, तो यह आंदोलन और तेज किया जाएगा। स्थानीय जनता ने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री से अपील की है कि वे इस गंभीर समस्या पर तुरंत ध्यान दें, अन्यथा लोगों में बढ़ रहा आक्रोश किसी बड़े आंदोलन का रूप ले सकता है।



### सूडोकु नवताल- 7527

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7526 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

# जोगिंद्रनगर में 157 ग्राम चरस के साथ 2 गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

पुलिस चौकी बस्सी की टीम ने लूणी खड्ड, हार चौक के समीप नाकाबंदी के दौरान दो व्यक्तियों को चरस के साथ गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम ने जब बाइक की तलाशी ली, तो सीट के नीचे रखे बैग से 157 ग्राम चरस बरामद हुई। दोनों आरोपियों की पहचान ज्योति प्रकाश (42) और विजय कुमार (33) निवासी गांव चुल्ला, तहसील लडभड़ोल, जिला मंडी के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना पुलिस थाना जोगिंद्रनगर में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20, 25 व 29 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसमें आरोपी ज्योती को पुलिस ने दूसरी बार गिरफ्तार किया है।

अनंत Classifieds

**बेदखली सूचना**

**मैं आत्मा राम,** सुपुत्र स्वर्गीय श्री खैंन्हो निवासी गांव द्रबला, डाकघर ओहरा, तहसील सलूणी, जिला चंबा (हिमाचल प्रदेश) यह घोषणा करता हूं कि मेरा बेटा रामलाल और उसका परिवार मेरे कहने से बाहर है। अतः मैं उन्हें अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके साथ लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

# छात्राओं ने डीसी को भेंट की चंबा कढ़ाई की सुंदर कृति

## समग्र शिक्षा के तहत छात्रावासों में बालिकाएं सीख रहीं हैं क्राफ्ट व स्किल वर्क

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**समग्र** शिक्षा के अंतर्गत जिला कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) के को-ऑर्डिनेटर डॉ. कविता बिजलवान ने जिलाधीश चंबा मुकेश रेपस्वाल को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छात्रावास करियां की बालिकाओं द्वारा बनाई गई चंबा कढ़ाई की कृति भेंट की। ज्ञात रहे कि करियां छात्रावास में बालिकाओं को चंबा कढ़ाई का कार्य पार्ट-टाइम अध्यापिका नसीम अख्तर द्वारा सिखाया जाता है। इस अवसर पर पार्ट-टाइम टीचर नसीम अख्तर तथा महिला हॉस्टल की वार्डन रोहिणी शर्मा भी उपस्थित रहीं। जिलाधीश ने बालिकाओं द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। डॉ. कविता बिजलवान ने बताया कि चंबा जिले में ग्यारह कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छात्रावास संचालित हैं, जिनमें कुल 804 बालिकाओं को छात्रावास की सुविधा दी जा रही है। इन छात्रावासों में बालिकाओं को रहने, खाने, ठहरने सहित समस्त आवश्यक सुविधाएं समग्र शिक्षा के अंतर्गत प्रदान की जाती हैं। छात्रावास में बालिकाओं को पढ़ाई के साथ-साथ क्राफ्ट वर्क भी सिखाया जाता है। इसमें वे विभिन्न प्रकार के सामान तैयार करती हैं, जैसे जूट के बैग, चंबा कढ़ाई के रुमाल, सिलाई, क्रोशिया से बना सामान, वॉल पेंटिंग, वॉल हैंगिंग, कुशन आदि। उन्होंने बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ इन व्यावहारिक कौशलों का अभ्यास बालिकाओं के व्यवहारिक जीवन में सहायक होता है और इससे उनमें कार्य करने की रुचि भी बढ़ती है। इसके अतिरिक्त, जिला चंबा में संचालित छात्रावासों की बालिकाओं द्वारा बनाए गए सामान की प्रदर्शनी अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले में भी लगाई गई थी, जिसे सभी ने बहुत सराहा था। यह प्रदर्शनी प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती है।




जिलाधीश चंबा को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छात्रावास करियां की बालिकाओं द्वारा चंबा कढ़ाई की कृति भेंट करते हुए।

**804 बालिकाओं को मिल रही छात्रावास सुविधा, हर साल लगती है हुनर प्रदर्शनी**

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एंव नायव तहसीलदार जयसिंहपुर जिला कांगड़ा।**
ईश्तहार राजपत्र / मुशत्री मुनादी चस्पानगी
तारीख पेशी 18/09/2025
**कृष्ण कुमार पुत्र दीवान सिंह निवासी महाल कोसरी खास (पट्ट) मौजा कोसरी तहसील जयसिंहपुर जिला कांगडा हि.प्र.।**
**वनाम**
आम जनता महाल कोसरी खास (पट्ट) मौजा कोसरी तहसील जयसिंहपुर जिला कांगडा हि.प्र.।
**विषय- बाबत मकबूल उल खबरी का इन्तकाल तस्दीक करने बारे।**
प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र पेश करके प्रार्थना की है कि उनके चाचा श्री वचित्र सिंह पुत्र राम दित्ता निवासी महाल कोसरी खास (पट्ट) डा. कोसरी तहसील जयसिंहपुर जिला कांगडा हि.प्र. सन 1940 से लापता है। जो आज दिन तक बावजूद तलाश के उनके जीवित या मृतक होने का कोई भी सबूत प्राप्त न हुआ है। उनकी भूमि महाल कोसरी खास तहसील जयसिंहपुर के कागजात माल में दर्ज है। प्रार्थी उस भूमि का इन्तकाल मुकफूल उल खबरी के माध्यम से उनके जायज वारसान के नाम तस्दीक करवाना चाहता हैं। इस बारे प्रार्थीया का प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः अब इश्तहार द्वारा सर्वसाधारण व श्री जगदीश राम को सूचित किया जाता है कि इस बारे किसी व्यक्ति को कोई उज्जर व एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन दिनांक 18.09.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में दोपहर 02:00 बजे हाजिर होकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। बाद गुजरने मयाद कोई भी उज्जर व एतराज काबिले समायत न होगा तथा प्रार्थना पत्र का निपटारा नियमानुसार कर दिया जायेगा।
ये ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से आज दिनांक 18.08.2025 को जारी किया गया।
**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी तहसील जयसिंहपुर हि.प्र.**

# अनंत ज्ञान

## आज का पंचांग

बुधवार, 20 अगस्त 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** भाद्रपद, **तिथि** द्वादशी (14:01) : **नक्षत्र** पुनर्वसू (24:26), **पक्षः** कृष्ण, **योग :** सिद्धि (18:10), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (कोई नहीं)। **राहुकाल** (12:23-14:00)।

**विशेष दिन**

- 20 अगस्त बछ बारस आज।
- 20 अगस्त गौ पूजन आज।
- 20 अगस्त प्रदोष व्रत आज।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेषः** व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृषः** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मिथुनः** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। उतावलेपन से बचें। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा।

**कर्क:** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है।

**सिंहः** दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ।

**कन्याः** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी।

**तुलाः** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिकः** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

**धनुः** धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**मकरः** परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय संभव।

**कुंभः** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेंगी।

**मीनः** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी।

उच्च विचार वाले व्यक्ति को लोगों की सोच से ज्यादा सच्चाई की परवाह करनी चाहिए। -अरस्तु

## संपादकीय

# टोल टैक्स पर लूट

आम तौर पर लोग अक्सर यह सवाल उठाते रहते हैं कि जब उन्हें घंटों जाम में फंसा रहना पड़ता है, तब वे आखिर टोल टैक्स क्यों दें? लोग इस तरह बिना सुविधा टोल टैक्स वसूली को लूट कहते हैं। यह सवाल अब केवल आम नागरिकों की नाराजगी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से पूछा कि यदि 65 किलोमीटर लंबे राजमार्ग को पार करने में 12 घंटे लग जाते हैं, तो आखिर किसी वाहन चालक से 150 रुपए टोल टैक्स देने को कैसे कहा जा सकता है? यह टिप्पणी केवल केरल के त्रिशूर जिले की समस्या तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश में मौजूद उस विकट स्थिति को दर्शाती है जहां नागरिक सुविधा के नाम पर पैसा तो देते हैं, मगर उन्हें उसी स्तर की राहत और सेवाएं नहीं मिलतीं। सुप्रीम कोर्ट एनएचएआई और गुरुवायूर इंफ्रास्ट्रक्चर की याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें केरल हाईकोर्ट की ओर से पलियेक्करा टोल प्लाजा पर शुल्क संग्रह रोकने के आदेश को चुनौती दी गई थी। कोर्ट को बताया गया कि सप्ताहांत में इस मार्ग पर इतना भारी जाम लगता है कि लोगों को घंटों एक ही स्थान पर रेंगना पड़ता है।

अदालत ने बेहद सख्त शब्दों में कहा कि जब वाहन चालक को अपेक्षित सुविधा ही नहीं मिल रही, तो टोल टैक्स लेना सरासर अनुचित है। यह स्थिति और समस्या केवल केरल तक सीमित नहीं है। दिल्ली-एनसीआर से लेकर महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, गुजरात और हिमाचल तक कई राज्यों में राजमार्गों और फोरलेन पर जाम की समस्या आम हो गई है। टोल प्लाजा पर लंबी-लंबी कतारें अक्सर वाहन चालकों के धैर्य की परीक्षा लेती हैं। सरकार और एजेंसियां राजस्व वसूली में तो सक्रिय रहती हैं, लेकिन यात्री सुविधा को प्राथमिकता नहीं दी जाती। टोल टैक्स मूल रूप से सड़कों के निर्माण, रखरखाव और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए लिया जाता है। यह व्यवस्था इसलिए लागू की गई थी, ताकि जनता को स्तरीय सड़कें, तेज और सुरक्षित यात्रा तथा सुविधाजनक परिवहन उपलब्ध हो सके, लेकिन वास्तविकता यह है कि कई जगहों पर टोल प्लाजा पर लगने वाला समय सड़क पर मिलने वाली रफ्तार से कहीं अधिक हो जाता है।

लोगों को कोई आपत्ति नहीं होती यदि वे अच्छा मार्ग, पर्याप्त सुरक्षा, स्वच्छता, प्राथमिक चिकित्सा और बिना रुकावट का सफर पाते हैं, मगर जब टोल देने के बाद भी उन्हें वही पुराने गड्ढों, लंबे जाम और अव्यवस्थित यातायात झेलना पड़े, तो यह व्यवस्था उनकी नजर में छलावे से कम नहीं लगती। लंबे समय तक टोल प्लाजा पर या राजमार्गों पर जाम में फंसने का असर केवल यात्रियों की जेब पर नहीं पड़ता, बल्कि पर्यावरण और स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। गाड़ियों का लगातार इंजन चालू रहना ईंधन की बर्बादी और प्रदूषण को बढ़ाता है। इससे कार्बन उत्सर्जन बढ़ता है और वायु गुणवत्ता बिगड़ती है। दूसरी ओर, यात्री मानसिक तनाव और शारीरिक थकान से गुजरते हैं। सोचिए, जब कोई व्यक्ति महंगी कार या ट्रक का ईंधन खर्च कर रहा है और फिर भी उसे मंजिल तक पहुंचने में दोगुना-तिगुना समय लग रहा है, तो यह स्थिति कितनी असहनीय होती होगी।

सरकार ने जाम कम करने के लिए फास्टैग जैसी तकनीकी व्यवस्था लागू की है। इससे टोल प्लाजा पर रुकने का समय कुछ हद तक कम हुआ है, लेकिन समस्या का मूल समाधान नहीं हो पाया। कई जगह नेटवर्क की समस्या, मशीन खराबी या बैलेंस न होने जैसी दिक्कतें सामने आती हैं। इसके अलावा, जब हाईवे स्वयं ही भीड़भाड़ से भरे रहते हैं या निर्माण कार्य चलते रहते हैं, तब फास्टैग भी समाधान नहीं बन पाता। यात्री आखिरकार वही परेशानी झेलते हैं, जिसके लिए सुप्रीम कोर्ट ने एनएचएआई को कठघरे में खड़ा किया है। यह कटु सत्य है कि सरकारें और टोल कंपनियां राजस्व वसूली में कभी पीछे नहीं रहतीं। करोड़ों-अरबों की राशि हर महीने टोल से आती है, लेकिन उस अनुपात में सड़क की गुणवत्ता, सुरक्षा मानक और यात्री सुविधाओं पर खर्च नहीं होता। आवश्यक है कि टोल वसूली और सेवा गुणवत्ता को सीधे-सीधे जोड़ा जाए।

जब तक यात्रियों को निर्बाध यात्रा और आवश्यक सुविधाएं नहीं मिलतीं, तब तक टोल वसूलना अन्याय ही कहा जाएगा। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी इस संदर्भ में एक ऐतिहासिक संकेत है कि अब जवाबदेही तय करनी होगी। भारतीय संविधान नागरिकों को जीवन और गरिमा से जीने का अधिकार देता है। इसमें यात्रा के दौरान सुविधा, सुरक्षा और स्वास्थ्य भी शामिल हैं। यदि सरकार और उसकी एजेंसियां केवल कर और शुल्क वसूली तक सीमित हो जाएं और सेवा देने में विफल रहें, तो यह मौलिक अधिकारों के हनन जैसा है। सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप इसी दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। अदालत ने जो कहा है, वह पूरे देश के करोड़ों वाहन चालकों की आवाज है। जरूरत इस बात की है कि इसे केवल एक मामले तक सीमित न रखा जाए, बल्कि व्यापक नीति बनाकर सभी राज्यों और राजमार्गों पर लागू किया जाए। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भारत के नौवें प्रधानमंत्री

**राजीव** गांधी भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के पुत्र और भारत के नौवें प्रधानमंत्री थे। उनका पूरा नाम राजीव रत्न गांधी था। राजीव गांधी भारत की कांग्रेस (इ) पार्टी के अग्रणी महासचिव थे और अपनी मां की हत्या के बाद भारत के प्रधानमंत्री (1984-1989) बने। 40 साल की उम्र में देश के सबसे युवा और नौवें प्रधानमंत्री होने का गौरव हासिल करने वाले राजीव गांधी 'आधुनिक भारत के शिल्पकार' कहे जा सकते हैं। वह पहले ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने देश में तकनीक के प्रयोग को प्राथमिकता देकर कंप्यूटर के व्यापक प्रयोग पर जोर डाला। भारत में कंप्यूटर को स्थापित करने के लिए उन्हें कई विरोधों और आरोपों को भी झेलना पड़ा, लेकिन अब वह देश की ताकत बन चुके कंप्यूटर क्रांति के जनक के रूप में भी जाने जाते हैं। राजीव गांधी देश के युवाओं में काफी लोकप्रिय नेता थे। उनका भाषण सुनने के लिए लोग काफी इंतजार भी करते थे। राजीव देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री थे। उन्होंने अपने प्रधानमंत्रित्व काल में कई ऐसे फैसले लिए जिसका असर देश के विकास पर देखने को मिला। ■



राजीव गांधी
जन्म : 20 अगस्त, 1944
मृत्यु : 21 मई, 1991



कविता

## पर्वत का विलाप

अशोक सिंह गुलेरिया, हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश

*पहाड़ खोदे, सुरंगें बनाई, लालच ने धरती की लय भुलाई।*
*नदियां रोईं, टूटे बांध,*
*प्रकृति का क्रोध हुआ प्रचंड आघात।*

*पेड़ों का सहारा जब छीन लिया,*
*धरती का संतुलन भी तोड़ दिया।*
*अब हर मोड़ पे मलबा बिखरा,*
*मानव का लोभ ही संकट निकला।*

*पहाड़ों की गोद में चीखें गूंजें, जलधाराएं प्रलय बनकर टूटें।*
*सुनो! ये चेतावनी है प्रकृति की पुकार,*
*संभलो इंसान, वरना होगा विनाश अपार।*

*धरती को उसका स्वरूप लौटाओ,*
*प्रकृति संग जीवन का सुर सजाओ।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# विकसित भारत के लिए मोदी के सुधारों का 'ब्रह्मास्त्र'


स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 12वां भाषण अभूतपूर्व, दूरदर्शी और ऐतिहासिक महत्व का था। इसमें उन्होंने विकसित भारत के लक्ष्य को पाने के लिए जिस प्रकार के सुधारों का खाका प्रस्तुत किया, वह 1.4 अरब भारतीयों के जीवन को नई दिशा देगा। वैश्विक अस्थिरता और युद्ध की आहटों के बीच भी भारत आज सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है। मोदी का विजन यह साफ करता है कि भारत अपनी जड़ों से शक्ति लेकर आधुनिक महाशक्ति में बदलने की ओर अग्रसर है। डिजिटल और तकनीकी क्षेत्र में भारत की उपलब्धियां अभूतपूर्व हैं। यूपीआई आज दुनिया के आधे से अधिक रीयल-टाइम डिजिटल लेनदेन का आधार है। बरसात तक देश की पहली मेड-इन-इंडिया चिप लॉन्च होगी।



हरदीप एस पुरी
केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री

यह कदम केवल तकनीकी आत्मनिर्भरता का प्रतीक नहीं होगा, बल्कि भारत को वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था में अग्रणी बनाएगा। ऐसे समय में जब सेमीकंडक्टर किसी भी राष्ट्र की रणनीतिक शक्ति तय करते हैं, भारत का यह कदम डिजिटल स्वराज और भविष्य की सुरक्षा का संदेश देता है। ऊर्जा सुरक्षा दशकों से भारत की सबसे बड़ी कमजोरी रही है। लंबे समय तक 'नो गो' क्षेत्रों और नीतिगत झिझक के कारण देश आयात पर निर्भर रहा। मोदी सरकार ने इस स्थिति को बदलते हुए इन क्षेत्रों को 99 प्रतिशत तक घटाया और लाखों वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को अन्वेषण के लिए खोल दिया। लाल किले से प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय गहरे जल अन्वेषण मिशन की घोषणा की। इसके तहत बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में 40 कुओं की ड्रिलिंग का लक्ष्य रखा गया है। अनुमान है कि इससे 600-1200 एमएमटी तक तेल और गैस भंडार खोजे जा सकते हैं।

सरकार का लक्ष्य 2032 तक घरेलू उत्पादन को तीन गुना बढ़ाकर 85 मिलियन टन करना और राष्ट्रीय भंडार को दोगुना करना है। ऊर्जा संक्रमण में भी भारत आज विश्व में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। 2025 तक स्वच्छ ऊर्जा का 50 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया जाएगा। इथेनॉल मिश्रण, हरित हाइड्रोजन, सीबीजी और एलएनजी जैसे उपाय नई औद्योगिक संरचना तैयार कर रहे हैं। असैन्य परमाणु ऊर्जा में निजी क्षेत्र की भागीदारी की अनुमति और दस नए रिएक्टरों का निर्माण इस दिशा में क्रांतिकारी कदम है। इससे भारत शताब्दी वर्ष तक परमाणु क्षमता को दस गुना बढ़ा सकेगा। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन की भी घोषणा की।





इसके तहत लिथियम, दुर्लभ मृदा तत्व, निकल और कोबाल्ट जैसे खनिजों की खोज और प्रसंस्करण चल रहा है। 1200 से अधिक स्थलों पर अन्वेषण कार्य जारी है, ताकि नवीकरणीय ऊर्जा, ईवी उद्योग और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता सुनिश्चित हो सके। यह कदम भारत को बाहरी अवरोधों और आपूर्ति श्रृंखला की अनिश्चितताओं से मुक्त करेगा। भाषण का एक बड़ा हिस्सा राष्ट्रीय सुरक्षा को समर्पित रहा।

हाल ही में सफल 'ऑपरेशन सिंदूर' ने भारत की सैन्य शक्ति और तत्परता का प्रमाण दिया। सिंधु जल संधि को स्थगित करना भी संप्रभुता का साहसिक दावा है। मिशन सुदर्शन चक्र भारत के सभ्यतागत प्रतीकों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने का संदेश देता है। बहुस्तरीय सुरक्षा कवच से भारत के प्रमुख संस्थान साइबर और भौतिक दोनों तरह के खतरों से सुरक्षित होंगे। प्रधानमंत्री ने भारतीय वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को चुनौती दी है कि वे लड़ाकू विमानों के इंजन देश में ही बनाएं। आर्थिक सुधारों में आयकर अधिनियम 1961 को बदलने की ऐतिहासिक पहल शामिल है। नया कानून 280 अनावश्यक धाराओं को समाप्त करेगा और आम करदाताओं को 12 लाख रुपए तक राहत देगा। फेसलेस मूल्यांकन प्रणाली ने पहले ही कर व्यवस्था को पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त बनाया है। दिवाली तक जीएसटी 2.0 लागू होगा। अब तक 40,000 अनुपालन और 1,500 पुराने कानून समाप्त किए जा चुके हैं। यह कदम दरअसल नेहरू युग के आर्थिक ढांचे से बाहर निकलने और नई अर्थव्यवस्था बनाने का प्रतीक है।

रोजगार पर भी प्रधानमंत्री ने विशेष बल दिया। उन्होंने 'पीएम विकसित भारत रोजगार योजना' शुरू की है। 1 लाख करोड़ रुपए की लागत वाली इस योजना के तहत नए नौकरी पाने वाले युवाओं को 15,000 रुपए प्रतिमाह की सहायता मिलेगी और नई नौकरियां सृजित करने वाली कंपनियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। इसका लक्ष्य 3.5 करोड़ युवाओं तक पहुंचना है। कृषि और उद्योग जगत से प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भरता को जीवन मंत्र बनाने का आह्वान किया। किसानों से उन्होंने उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने को कहा। स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत पहले ही विश्व की फार्मेसी के रूप में पहचान बना चुका है, लेकिन अब लक्ष्य नई दवाओं और वैक्सीन के शोध तथा उत्पादन में अग्रणी बनना है।

बायोई3 नीति से बायोफार्मा क्षेत्र को नई शक्ति मिलेगी, जिससे भारत किफायती और विश्व स्तरीय दवाओं का पेटेंट कर सकेगा। इन महत्वाकांक्षाओं को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री ने एक विशेष टास्क फोर्स का गठन किया है। यह स्टार्टअप्स और एमएसएमई पर अनुपालन का बोझ घटाएगी और कानूनों को सरल बनाएगी, ताकि भारत का कारोबारी वातावरण और सशक्त हो। स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री मोदी का स्वतंत्रता दिवस भाषण केवल तत्कालीन सुर्खियों के लिए नहीं था। यह 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने का स्पष्ट रोडमैप है। दुनिया आज देख रही है कि एक प्राचीन सभ्यता अपनी जड़ों से ऊर्जा लेकर आधुनिक महाशक्ति में बदल रही है। यही मोदी का सुधारों का ब्रह्मास्त्र है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## नजरिया

# बुजुर्ग बदल रहे अर्थव्यवस्था की चाल, चमकने लगी 'सिल्वर इकोनॉमी'

अपने सनक भरे टैरिफ वार के चलते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले दिनों जब भारत को 'डेड इकोनॉमी' बताकर अतिरिक्त व्यापार कर थोप दिया तो भारत सहित दुनियाभर के अर्थशास्त्रियों ने उनकी बात पर बहुत हैरानी जाहिर की। वजह कि, इस समय दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था भारत ही है। विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था 6.4 से 6.7 फीसदी की दर से बढ़ रही है जबकि अमेरिका की 1.9 की दर से, यानी दो से भी कम। भारत की इस बढ़ती अर्थव्यवस्था में समाज के एक ऐसे वर्ग का हाथ है, जिसे अब तक 'अनुत्पादक' माना जाता रहा है।



हरीश शिवनानी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

आज का 60 प्लस आयु वर्ग भारत में एक आर्थिक शक्ति बन कर उभर रहा है। यह समूह धन और उपभोक्ता खर्च के एक बड़े हिस्से को नियंत्रित कर रहा है। हाल के वर्षों में बुजुर्ग पीढ़ी में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है, जो मितव्ययिता और पोते-पोतियों की देखभाल पर केंद्रित घर-केंद्रित जीवनशैली की अपनी पारंपरिक छवि से हटकर नई छवि गढ़ रही है।

यह पीढ़ी भारत की 'सिल्वर इकोनॉमी' को चमका रही है। 'सिल्वर इकोनॉमी' शब्द बुजुर्ग आबादी से जुड़ी आर्थिक गतिविधियों को समाहित कर उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को बताती है। वित्त वर्ष 2023-24 में बुजुर्गों ने भारतीय अर्थव्यवस्था में करीब 68 अरब डॉलर का योगदान दिया है जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का तीन प्रतिशत है। गैर सरकारी संगठन 'रोहिणी निलेकणी फिलान्थ्रॉपीज' की हाल ही जारी रिपोर्ट 'लोंगेविटी-ए न्यू वे ऑफ अंडरस्टेंडिंग ऐजिंग' में कहा गया है कि वृद्धजनों की जरूरतों में आर्थिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण, भागीदारी की स्वतंत्रता और सामाजिक जुड़ाव प्रमुख हैं। भारत में आर्थिक सुधारों और छठा और बाद के वेतन आयोग लागू होने के बाद औसत वास्तविक आय में वृद्धि हुई है। 'सिल्वर इकोनॉमी' को बढ़ाने में बुजुर्गों का योगदान दो तरह से है।



प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष। प्रत्यक्ष योगदान के तहत बुजुर्गों की आय विभिन्न स्रोतों से आती है, जो उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर निर्भर करती है। ग्रामीण क्षेत्रों में 35 प्रतिशत से अधिक बुजुर्ग खेती, कुटीर उद्योगों या छोटे व्यवसाय, दुकानदारी में संलग्न हैं तो नगरीय बुजुर्ग कौशल आधारित कार्यों पर। इनमें सेवानिवृत्त शिक्षक, डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, वित्त-कर, शैक्षणिक या तकनीकी सलाहकार की भूमिका में आय अर्जित कर रहे हैं। इनके अलावा पेंशन, सामाजिक सुरक्षा राशि, सावधि जमा राशि, प्रॉपर्टी किराया छोटी बचत के अलावा स्टॉक मार्केट, निवेश, अन्य अंशकालिक कार्य से भी उनकी आय होती है। इनसे अलग बुजुर्गों का अर्थव्यवस्था में अप्रत्यक्ष योगदान भी बढ़ रहा है। मसलन, पारिवारिक देखभाल की श्रेणी में वे प्रति वर्ष लगभग 14 अरब घंटे बच्चों की देखभाल में समय देते हैं, जिससे उनके परिवार की युवा पीढ़ी निश्चिंत होकर व्यवसाय, नौकरी, प्रोफेशनल गतिविधियों में भाग ले पाती है।

इसी तरह बुजुर्ग प्रति वर्ष 2.6 अरब घंटे वे सामुदायिक कार्यों (जैसे धार्मिक-सामाजिक-सामुदायिक आयोजन, स्थानीय प्रशासन) में योगदान देकर उनका व्यय बचाकर अपना योगदान देते हैं। आय प्राप्ति के बाद बुजुर्ग अपनी आय को अनेक क्षेत्रों में खर्च करते हैं, जिससे अर्थव्यवस्था को गति मिलती है। पहला और महत्वपूर्ण बिंदु है स्वास्थ्य। रिटायरमेंट और कमजोर होते शरीर से भी बुजुर्ग योगदान देकर अर्थव्यवस्था की चाल बदल रहे हैं। आर्थिक विश्लेषकों के मुताबिक सालाना 6.2 प्रतिशत की गति से बढ़ती 'सिल्वर इकोनॉमी' 2030 तक 12 बिलियन डॉलर तक हो सकती है और मौजूदा स्थिति बनी रहती है, तो 2050 तक करीब 35 करोड़ की बुजुर्ग जनसंख्या और उनकी खर्च करने की क्षमता एक ट्रिलियन डॉलर हो जाएगी जो जीडीपी में 4-5 प्रतिशत अतिरिक्त योगदान देगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अपनी बात

**मानसिक** स्वास्थ्य, शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है। यदि मन स्वस्थ नहीं है, तो जीवन में किसी भी उपलब्धि का आनंद अधूरा रह जाता है। तनाव, चिंता, अवसाद और अनिद्रा जैसी समस्याएं आजकल आम होती जा रही हैं, जिनका प्रभाव व्यक्ति के व्यवहार, कार्यक्षमता और रिश्तों पर पड़ता है। मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए सकारात्मक सोच, नियमित दिनचर्या, पर्याप्त नींद और खुलकर अपनी भावनाएं व्यक्त करना ज़रूरी है। योग, ध्यान और गहरी साँसों के अभ्यास से मानसिक शांति मिलती है। सोशल मीडिया से दूरी और प्रकृति से जुड़ाव भी मन को सुकून देता है। ज़रूरत पड़ने पर विशेषज्ञ से सलाह लेने में संकोच नहीं करना चाहिए। मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति ही समाज और देश की उन्नति में योगदान दे सकता है।

**रंजन सिंह, कांगड़ा**

# हिमाचल प्रदेश में विनाशक बनता जा रहा जीवनदायी मानसून

बरसात का मौसम हिमाचल की वादियों में नवजीवन संग जीवन में रस का संचार करने वाला माना गया है। वहीं संपूर्ण भारत में दक्षिण पश्चिम मानसून की सक्रियता अपनी ठंडी फुहारों संग जल के लिए तड़पते जन मानस की पिपासा को शांत व तृप्त करने का कार्य करती है। हर वर्ष इस जीवन रस की अमूल्य बूंदों के लिए हर प्राणी इंतजार करता है। बरसात की शीतल फुहारें मनुष्य के मन को तरंगित करती हुई ग्रीष्म ऋतु की तपती धूप से भी छुटकारा दिलाने का कार्य करती है।



बचन सिंह घटवाल
मस्सल, कांगड़ा

हिमाचल की धरती की तपन मानसूनी बरसात से ठंडक पाती है और इस पहाड़ी प्रदेश की वनस्पतियां, जीव और जंतु अपने अस्तित्व में एक नया परिवर्तन महसूस करते हैं। अगर हम हिमाचल के बनों व कृषि की बात करें, तो बरसात के जल कण अमृत रस बन सारी वनस्पति को हरित जीवन का वरदान देकर महका जाती है। हमारे आग से झुलसते तपते बन बरसात की फुहारें पड़ते ही पुन: चहक उठते हैं। नई वनस्पतियों का सृजन, बीजों का अंकुरण धान और मक्का की कृषि के लिए बरसात का इंतजार हर व्यक्ति को रहता है। बरसात की फुहारें हमारे पालतू पशुओं और वन्य घास पर निर्भर जीवों के लिए प्राण दायिनी संजीवनी जैसा कार्य करती है। इसमें संदेह नहीं है कि बरसात हमारे जीवन में प्राणदायी सांस फूंकती है, जिससे जीवन चक्र बिना रोक-टोक आगे बढ़ता है। बरसात के जल की भरपूर मात्रा हमारे जल स्रोतों को पुन: नवजीवन दे जाती है। हमारे कुंए, तालाब पानी से लबला भर जाते हैं । जल से संचालित हमारे पनविद्युत प्रोजेक्ट बारिश से प्राप्त पानी के वेग से विद्युत उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए अग्रसर हो उठते हैं। आज जिस तरह हम बरसात की भरमार का लुत्फ जीवन चक्र आगे बढ़ाने के लिए व अपने फायदे की आशा हेतु करते हैं वहीं यह मौसम तबाही और जीवन में संकट का प्रयोजन भी संचालित करता है। बाढ़, बादल फटने की घटनाएं पुलों और सड़कों का नुकसान, पहाड़ियों के दरकने और भूमि कटाव का सिलसिला बरसाती बारिश का ही परिणाम होता है।

इस वर्ष भी इसने अपना भयावह चेहरा दिखाना शुरू कर दिया है। आम जनजीवन को अस्त व्यस्त करने के साथ-साथ जरूरी सेवाओं को भी बाधित करना शुरू कर दिया है। जब से मानसून ने देश में रफ्तार पकड़ी है, 20 जून से अब तक 170 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 278 लोग घायल और लगभग 36 लापता है। बादल फटने, भूस्खलन, बाढ़ के चलते अब तक 1553 से अधिक कच्चे पक्के मकानों व दुकानों की क्षति हुई है । प्रदेश में अब तक 357 से अधिक सड़कें बाधित हैं। हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक आपदा के कारण अब तक राज्य को लगभग 1538 करोड़ से अधिक का नुकसान हो चुका है।



सराज के बाद, अब मंडी शहर में भी आपदा ने कहर बरपाया है। सोमवार रात से ज़ारी बारिश के कारण मंगलवार सुबह 3:00 बजे बादल फटने से आई बाढ़, जिससे जेल रोड में एक ही परिवार के तीन लोगों की मृत्यु हो गई है। प्रदेश के अन्य जिलों में भी बारिश का कहर जारी है। जीवन दायिनी मानसूनी बारिश की फुहारें जहां व्यक्ति में जीवन रुपी रस संचार करती है, वहीं इसका भयावह रूप आपदा का कारण भी बनता है। प्रदेश की सभी नदियां इस वक्त उफान पर हैं । ऐसे में व्यक्ति को एतिहात वरतना बहुत ही जरूरी है । नदियों से दूरी बनाते हुए, अपने घर के आसपास नदी नालों के वहाव को भी ध्यान में रखना अति आवश्यक है । समय रहते सुरक्षा नियमों की अनुपालना हमें किसी भी संकट से उबारने में मदद कर सकती है। बारिश की तीव्रता से भूमि कटाव, पहाड़ियों का दरकना ,घरों गांवों को मटिया मेट करता हुआ चला जाता है।

प्रदेश में बादल फटने की घटनाएं अब तेजी से बढ़ती ही जा रही हैं। जल कणों से लबालब बादल जब अपना नियंत्रण खो देते हैं तो इसी के साथ शुरू हो जाता है तबाही का तांडव जिसमें गांव के गांव जल समाधि ले लेते हैं । आजकल बरसात की भीषणता संग बादलों का फटना भयंकर दृश्य प्रस्तुत कर रहा है। ऐसी घटनाओं की वृद्धि पर अंकुश लगाने के उपायों पर विचार करने की आवश्यकता है। हमें पर्यावरण संतुलन की प्रक्रिया को संतुलित करने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए वरना किसी समय बारिश के वरदान रूपी जल कण, मनुष्य के लिए भयंकर तबाही और बर्बादी का मंजर प्रस्तुत कर देंगे। विगत वर्षों में उत्तराखंड में हुई घटनाओं की पुनरावृत्ति हिमाचल के विभिन्न भागों में वही दृश्य उत्पन्न कर रही है। विगत घटनाओं से शायद हमने सीखने की कोशिश नहीं की है। प्रकृति के प्रति अभी भी मानव गंभीर नजर नहीं आता है। इसके जवाब में प्रकृति हमें विध्वंसकारी दृश्य देखने को मजबूर कर रही है। प्राकृतिक आपदाओं का ग्राफ तभी निम्न होगा जब हम प्रकृति के साथ संमजस्य बिठाने में सक्षम हो जाएंगे। प्राकृति से संतुलन बनाए रखने में मानव को अपनी अहम भूमिका अदा करने की जरूरत है। मानसूनी बारिश का वरदान जहां हमारे जीवन में अनेक फायदे उपलब्ध करवाता है, वहीं पर्यावरण असंतुलन की वजह से यह वरदान अभिशाप में भी परिणत होता जा रहा है। इसके लिए हमें समय रहते प्रकृति के साथ मैत्रीपूर्ण रवैया अपनाते हुए सिमटते जा रहे पहाड़ों और बदलते जा रहे प्राकृतिक धारा प्रवाहों, खनन, व वृक्षों के कटाव के प्रति गंभीर होने की आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति को समय की गंभीरता को समझते हुए और प्राकृतिक त्रासदियों को देखते हुए प्राकृतिक संतुलन की प्रक्रिया में अपना योगदान देते हुए अपनी भावी पीढ़ी को सुरक्षित करने का कार्य अंजाम देना चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# राष्ट्रवाद का उदय और देश की आजादी में भारतीयों का योगदान

मौलिक तौर पर भारतीय राष्ट्रवाद का उदय विदेशी शासन के विरुद्ध हुआ। अंग्रेजों ने भारत पर अपना आधिपत्य अपने हितों की बढ़ोतरी के लिए स्थापित किया था, न कि भारतीयों की उन्नति के लिए। अत: दोनों पक्षों के बीच संघर्ष अवश्यंभावी ही था।

अंग्रेजी शासन भारत के आर्थिक पिछड़ेपन का मुख्य कारण बन गया था। भारत का हर सामाजिक वर्ग किसी न किसी ढंग से इस हुकूमत के अधीन पीड़ित हो रहा था। किसान भूराजस्व का भागीदार सह नहीं सकते थे और न ही जमींदारों और सूदखोरों के अत्याचार को, जिन्हें अंग्रेजी प्रशासन सुरक्षा प्रदान कर रहा था। भारतीय कारीगर भी प्रसन्न नहीं थे, क्योंकि इस नवीन शासन ने जबरदस्ती उनकी औद्योगिक कलाओं का विनाश कर डाला था। औद्योगिक श्रमिक भी असंतुष्ट थे, क्योंकि ब्रिटिश सरकार पूंजीपतियों का ही पक्ष लेती थी। मध्यम वर्ग एवं बुद्धिजीवियों ने भी ब्रिटिश शासन के बुरे परिणामों को तीव्र रूप से महसूस किया। दादा भाई नौरोजी एवं राणाडे जैसे मध्यम वर्गीय बुद्धिजीवियों ने यह स्पष्ट कर दिया था कि ब्रिटिश शासन भारतीय आर्थिक विकास के प्रतिकूल है। भारतीय पूंजीपतियों में भी यह विश्वास जगा था कि भविष्य में उन्हें ब्रिटिश साम्राज्य का विरोध करना पड़ेगा, वरना उनका स्वतंत्र विकास नहीं हो सकता है।



संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

इन तथ्यों के अतिरिक्त अंग्रेजों का घमंडी व्यवहार प्रत्येक स्वाभिमानी भारतीय को जागरूक बना दिया था। अत: 19वीं शताब्दी के अंत तक भारत में एक शक्तिशाली साम्राज्य विरोधी आंदोलन प्रारंभ हुआ। यह एक राष्ट्रीय आंदोलन था, क्योंकि इसमें भारत के भिन्न-भिन्न वर्ग अपने आपसी द्वेष को भूलकर एक हो गए और ब्रिटिश राज्य का विरोध करने लगे। एक प्रकार से देखा जाए तो अंग्रेजों ने भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन अनजाने में ही प्रारंभ करा दिया। यद्यपि अंग्रेज रेल डाक एवं समस्त प्रशासन का विकास अपने हित में किए थे। संचार एवं यातायात की इन सुविधाओं से भारतीय एक दूसरे के निकट आ सके और आंदोलन को इससे गति मिली।



पश्चिमी विचारधारा एवं शिक्षा के फलस्वरूप अनेक भारतीयों ने राजनीति का आधुनिक दृष्टिकोण अपनाया और इस योग्य भी हो सके कि ब्रिटिश शासन की शोषण करने वाली प्रकृति को पहचाने। इस शिक्षा के कारण ही भारत में अनेक नेता पैदा हुए, जिन्होंने राष्ट्रीय आंदोलन का नेतृत्व किया।

भारतीय राष्ट्रवाद के विकास में समाचार पत्रों का भी योगदान कम नहीं है, विशेषकर देशभक्त के संदेश को प्रचार करने में। उस समय कुछ प्रमुख राष्ट्रवादी समाचार पत्र 'दि हिंदु', 'अमृत बाजार पत्रिका', 'दि इंडियन मिरर' इत्यादि थे। इसी प्रकार राष्ट्रीय चेतना राष्ट्रवादी साहित्य से भी उत्तेजित हुई। बंकिम चंद्र चटर्जी, रविंद्रनाथ टैगोर, भारतेंदु हरिशचंद्र, विष्णु शास्त्री 'चिपलंकार' इत्यादि के साहित्य रचनाओं का राष्ट्रवादी चेतना के विकास में अत्यधिक योगदान है। यद्यपि अंग्रेजों ने यह जताना चाहा था कि भारतीयों में राष्ट्रीय स्वशासन चलाने की योग्यता नहीं है। कुछ भारतीयों (नेताओं) और लेखकों ने यह विश्वास लगाया कि भारतीय परंपरा एवं संस्कृति प्राचीन समय से ही बड़ी विकसित रही है और अंग्रेजों को यहां कुछ सिखाने की आवश्यकता नहीं है। उसी समय राष्ट्रवादी इतिहासकारों ने अशोक चंद्रगुप्त विक्रमादित्य, अकबर इत्यादि की उपलब्धियों एवं अशोक चंद्रगुप्त को बेमिसाल बताया। भारतीय प्राचीन विज्ञान, राजनीति दर्शन स्थापत्य कला इत्यादि को भी अद्वितीय बताया गया जिससे भारतीयों में अपनी संस्कृति एवं परंपरा के प्रति गौरव पैदा हुआ।

उपर्युक्त कारणों के चलते 1870-80 दशक तक ऐसा प्रतीत होने लगा कि भारतीय राष्ट्रवाद सबल ढंग से प्रारंभ हो चुका है, परंतु वह लार्ड लिटन का प्रतिक्रियावाद शासन था, जिसके कारण भारतीय राष्ट्रवाद एक संगठित रूप धारण किया। गांधी के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस कमेटियों का निर्माण हुआ, कांग्रेस में सभी पदों के लिए चुनाव की शुरुआत हुई एवं कार्यवाहियों के लिए भारतीय भाषाओं का प्रयोग शुरू हुआ। कांग्रेस ने कई प्रांतों में सामाजिक समस्याओं को हटाने के प्रयत्न किए जिनमें छुआछूत,पर्दाप्रथा एवं मद्यपान आदि शामिल थे, लेकिन वर्तमान समय में पार्टी की स्थिति बिलकुल अलग है, 15 अगस्त सन् 1947 को स्वतंत्रता के साथ भारत माता का मस्तक गर्व से ऊंचा हुआ था।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# सिल्हबुधाणी व तरसवाण में बारिश ने मचाई तबाही

## दुकान, पुल और मत्स्य फार्म बहे; बरोट-घटासनी मार्ग अवरुद्ध, प्रशासन ने चार घंटे में बहाल किया रास्ता

रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बरोट।** उपमंडल चौहार घाटी की सिल्हबुधाणी और तरसवाण पंचायतों में भारी बारिश से आई अचानक बाढ़ ने भारी नुकसान पहुंचाया है। सिल्हबुधाणी के कोरतंग और कुंगड़ी नाले में पानी के तेज बहाव से एक दुकान, पांच पैदल चलने वाले पुल और दो मत्स्य फार्म बह गए। एसडीएम पद्धर सुरजीत सिंह ने बताया कि इस आपदा में जनहानि नहीं हुई है, लेकिन लोगों की उपजाऊ जमीन, वन संपदा और अन्य संपत्तियों को भारी नुकसान हुआ है।

ग्राम पंचायत सिल्हबुधाणी के प्रधान प्रेम सिंह ने कहा कि कोरतंग और कुंगड़ी गांव में आई बाढ़ से



चौहार घाटी के सिल्हबुधाणी में बाढ़ से हुआ नुकसान व मत्स्य फार्म बहने का दृश्य।

सैकड़ों बीघा उपजाऊ भूमि भी बाढ़ की भेंट चढ़ गई है। साथ ही, स्वाड़ क्षेत्र की एक दुकान, पांच पैदल पुल, मान सिंह पुत्र शेर सिंह और शिव कुमार पुत्र टेक राम के मत्स्य फार्म तथा देव कपलधार गहरी की सरांय बह गए हैं। साथ ही सिल्हबुधाणी के समीपतरसवाण पंचायत में भी भारी नुकसान हुआ है। पंचायत के द्रगड़ गांव में एक बोलेरो कैंपर जीप नाले के तेज बहाव में बह गई, जबकि मठी बजगाण गांव में एक पैदल पुल टूट गया।

इन घटनाओं की सूचना प्रशासन को दे दी गई है। पंचायत प्रधान जय सिंह ने बताया कि द्रगड़ से गढ़गांव और समालंग को जाने वाले सभी रास्ते भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं, वहीं गढ़गांव मिडिल स्कूल और मीड-डे-मील के रसोईघर को भी भारी खतरा बना हुआ है। भारी बारिश को देखते हुए उपमंडल पद्धर में मंगलवार को अवकाश घोषित किया गया है। सभी स्कूल, कॉलेज, आईटीआई और आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहेंगे, हालांकि शिक्षक और गैर-शिक्षक स्टाफ को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

उपमंडलाधिकारी नागरिक पद्धर सुरजीत सिंह ठाकुर, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता भगत राम यादव और राजस्व विभाग की टीम नुकसान का जायजा लेने घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

इसके अलावा, छोटाभंगाल व चौहार घाटी को जोड़ने वाला बरोट-घटासनी मुख्य सड़क मार्ग के बीच शिल्हास्वाड़ नामक स्थान पर एक बड़ा पेड़ गिर जाने से यह मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया था। प्रशासन की निगरानी में पावर चैन से पेड़ को काटकर तथा लोक निर्माण विभाग की जेसीबी मशीन से मलवा हटाकर चार घंटे के भीतर मार्ग को बहाल कर दिया गया।

### लेफ्टिनेंट कमांडर क्षितिज को 'मेंशन-इन-डिस्पैचेज' सम्मान

**गोपाल, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मंडी जिले के नेरचौक निवासी भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट कमांडर क्षितिज वशिष्ठ को राष्ट्रपति द्वारा वीरता और उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए प्रतिष्ठित 'मेंशन-इन-डिस्पैचेज' सम्मान से नवाजा गया।



यह सम्मान उन्हें गोदावरी बाढ़ राहत अभियान के दौरान असाधारण साहसिक कार्यों के लिए दिया गया। वशिष्ठ, जो सी किंग हेलिकॉप्टर के कप्तान हैं, ने अपनी टीम के साथ 120 नॉटिकल मील लंबी जोखिमपूर्ण उड़ान भरते हुए 28 फंसे हुए नागरिकों की जान बचाई। कठिन परिस्थितियों में उनकी वीरता और नेतृत्व क्षमता ने नौसेना और पूरे देश का गौरव बढ़ाया।

### बतैल में खाई में गिरी कार, चालक एम्स रेफर, दो घायल उपचार के बाद घर लौटे

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**उपमंडल** सरकाघाट की ग्राम पंचायत भांबला के बतैल रोपा-ठारर संपर्क मार्ग पर लगभग ढाई बजे स्कोडा कार (एचपी-26-ए-2689) हवानी से जाहू की ओर जा रही थी, जब बतैल स्कूल के पास सड़क से लुढ़ककर करीब 200 फुट गहरी खाई में जा गिरी।



कार में सवार तीन लोग भी खाई में गिर गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना स्थल पर पहुंचकर रस्सी की मदद से घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला और निजी वाहन से उन्हें नागरिक अस्पताल बलद्वाड़ा पहुंचाया। घायल चालक कमल कुमार उर्फ लक्की, रोहित ठाकुर निवासी हवानी और कोमल निवासी चाब टिक्कर जिला हमीरपुर हैं। खंड चिकित्सा अधिकारी अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि तीनों की हालत स्थिर है। दो घायलों को उपचार के बाद घर भेज दिया गया है, जबकि चालक को बेहतर इलाज के लिए एम्स बिलासपुर रेफर किया गया है। हटली थाना प्रभारी बृज लाल शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घायलों को प्राथमिक उपचार अस्पताल में दिया गया। आपसी समझौते के कारण पुलिस में मामला दर्ज नहीं किया गया है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### अवैध कब्जे हटाने के लिए सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद भारद्वाज और राम लाल शर्मा ने हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के हालिया ऐतिहासिक फैसले का स्वागत किया है। हाईकोर्ट ने हिमाचल प्रदेश लैंड रेवेन्यू एक्ट, 1954 की धारा 163-ए को असंवैधानिक करार देते हुए इसे रद्द कर दिया है। उन्होंने उपमंडल अधिकारी सरकाघाट के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा और मांग की कि अवैध कब्जों को प्राथमिकता के आधार पर हटाया जाए, खासकर ऐसे कब्जे जो ग्रामीण या शहरी विकास कार्यों जैसे कच्चे रास्ते, सड़कें, श्मशानघाट, नई पाठशालाओं या सरकारी व गैर-सरकारी कार्यालयों के निर्माण में बाधक बन रहे हैं। ज्ञापन में सरकार से आग्रह किया गया है कि गरीब परिवारों, जिनके पास 5 बीघा से कम या कोई जमीन नहीं है (जैसे आपदा पीड़ित), उन्हें न्यूनतम 5 बीघा जमीन प्रदान की जाए।

### एबीवीपी ने कॉलेज में सुधार की मांग की



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** एबीवीपी सरकाघाट इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने महाविद्यालय के प्रधानाचार्य से भेंट की और छात्रों की विभिन्न मांगें प्रस्तुत कीं। कार्यकर्ता आदर्श शर्मा ने बताया कि कॉलेज में कई समस्याएं हैं, जिनके समाधान के लिए वे प्रधानाचार्य से मिले। प्रमुख मांगों में शौचालय की नियमित सफाई, टीचिंग ब्लॉक के ग्राउंड फ्लोर में लगी घास की कटाई, कक्षाओं की सफाई और पंखों की मरम्मत शामिल हैं। इसके अलावा, कॉलेज परिसर में बेसहारा पशुओं की रोकथाम और लाइब्रेरी के पास शौचालय की व्यवस्था भी प्रमुख मांगों में थीं। इकाई ने यह भी बताया कि महाविद्यालय में कुछ शरारती तत्व आते हैं, जिन पर निगरानी रखी जानी चाहिए। एबीवीपी निरंतर छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए काम करती रहेगी। वर्तमान में संगठन का सदस्य अभियान भी चल रहा है, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। इस अवसर पर राहुल राणा, अंजलि, शिवानी, रितिका, अरुण, आकाश आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

### जेएनवी में पढ़ाई करेगा तरस्वान का सौरभ



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** चौहारघाटी स्थित राजकीय उच्च पाठशाला तरस्वान के छात्र सौरभ ठाकुर ने जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सौरभ अब जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह में अपनी पढ़ाई जारी रखेगा। विद्यालय के मुख्याध्यापक समीर ने बताया कि सौरभ पढ़ाई के साथ-साथ अन्य सहगामी गतिविधियों में भी अत्यंत होनहार छात्र है। विशेष बात यह रही कि सौरभ ने बिना किसी कोचिंग के यह परीक्षा उत्तीर्ण की। उन्होंने बताया कि सौरभ उनके विद्यालय से जेएनवी परीक्षा पास करने वाला पहला छात्र है। सौरभ की इस उपलब्धि पर मुख्याध्यापक समीर सहित जय प्रकाश, भवन सिंह, धीरज शर्मा, सुनीता ठाकुर, अनिता कुमारी, प्राथमिक पाठशाला तरस्वान के सीएचटी दलीप चंद और एसएमसी सदस्यों ने बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सड़क निर्माण के लिए फॉरेस्ट डिपॉजिट जारी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** प्रदेश सरकार ने सलापड़-तत्तापानी सड़क के डबल लेन निर्माण के लिए वन मंडल सुकेत और करसोग को फॉरेस्ट डिपॉजिट के रूप में 8 करोड़ 5 लाख 75 हजार रुपए जारी किए हैं। इससे सड़क निर्माण में तेजी आएगी और सुंदरनगर उपमंडल के ध्वाल, बटवाड़ा, धन्यारा, हाड़ाबोई, किंदर पंचायत समेत तत्तापानी व रामपुर क्षेत्रों के लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी। पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने बताया कि 2017 में इस सड़क के निर्माण को मंजूरी दिलाई गई थी। कांग्रेस सरकार के फिर से सत्ता में आने पर उन्होंने फॉरेस्ट डिपॉजिट क्लियर करवाने का कार्य प्राथमिकता से कराया। उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह का इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए धन्यवाद किया।

### रैली से दिया वैदिक संस्कृति का संदेश

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर में आयोजित वैदिक सप्ताह का समापन वैदिक हवन और सामूहिक मंत्रोच्चारण के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों व शिक्षकों ने नगर में वेद प्रचार रैली निकाली, जिसमें वैदिक ज्ञान, संस्कृति और भारतीय जीवन मूल्यों का संदेश दिया गया। बच्चों ने हाथों में प्रेरणादायक तख्तियां लेकर वैदिक जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य संजय ने कहा कि वैदिक शिक्षा जीवन को सही दिशा देती है और इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों के विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी शिक्षकों, छात्रों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

### पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन पर दिखाई प्रतिभा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रवींद्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में विश्व फोटोग्राफी दिवस के उपलक्ष्य में पत्रकारिता एवं जन संचार विभाग द्वारा फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का विषय पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन रहा। छात्रों ने तस्वीरों के माध्यम से न केवल अपनी रचनात्मकता, बल्कि विचारशीलता भी प्रदर्शित की। प्रतियोगिता में धीरज एवं विकास ने प्रथम, रोहित ने द्वितीय और अभय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन सुधीर नेगी ने किया। मुख्यातिथि प्राचार्य प्रो. आरआर कोंडल ने छात्रों की सराहना की। विजेताओं को वार्षिक पारितोषिक समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

### एसडीएम ने पारदर्शी दावों की प्रक्रिया बताई

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** बल्ह उपमंडल में वन अधिकार अधिनियम 2006 पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। एसडीएम स्मृतिका नेगी ने कार्यशाला की अध्यक्षता की और वन अधिकार समितियों के प्रधान व सचिवों को अधिनियम के प्रावधान समझाए। उन्होंने बताया कि 20 वर्षों से अनुसूचित जनजाति या 75 वर्षों से स्थायी कब्जे वाले लोगों को मालिकाना अधिकार मिलेगा। दावों की जांच ग्राम सभा से लेकर जिला स्तर तक पारदर्शी ढंग से की जाएगी। दावे ग्राम सभा से उपमंडल और फिर जिला समिति को भेजे जाएंगे। कार्यशाला में अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों को कानून की विस्तृत जानकारी दी गई।

# पारंपरिक झंडा रस्म के साथ रामलीला की रिहर्सल शुरू



जोगिंद्रनगर रामलीला कलामंच के कलाकार झंडा रस्म अदा करते हुए।

अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर

**जोगिंद्रनगर** के श्रीराम कला मंच के कलाकारों ने मंगलवार को पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ झंडा रस्म अदा कर रामलीला अभ्यास का विधिवत शुभारंभ किया। मंच के सचिन सूद ने बताया कि इस वर्ष भी रामलीला बड़े श्रद्धा और समर्पण के साथ आयोजित की जाएगी।

रामलीला धार्मिक आयोजन के साथ-साथ समाज को आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा भी देती है। कलाकार दिन-रात अभ्यास कर श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमान और रावण जैसे चरित्रों को जीवंत करेंगे, जिससे दर्शकों को रामायण का सजीव अनुभव मिल सके। सचिन ने स्थानीय जनता से परिवार सहित आने और बच्चों को इस आयोजन से जोड़ने का आग्रह किया। झंडा रस्म में पंकज ठाकुर, कमल सूद, साहिल वालिया सहित कई कलाकार मौजूद थे।

### घोषणाओं का झुनझुना थमा गए मुख्यमंत्री सुक्खू : मनीष

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भाजपा सरकाघाट प्रवक्ता मनीष कंवर ने मुख्यमंत्री के स्वतंत्रता दिवस पर सरकाघाट दौरे को निराशाजनक बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने जनता को सिर्फ झुनझुना थमाया, जबकि उन्हें इंजीनियरिंग कॉलेज की घोषणा करनी चाहिए थी। पिछले जयराम सरकार के प्रस्तावित



पॉलिटेक्निकल कॉलेज को बंद कर दिया गया है और मेडिकल कॉलेज की एडमिनिस्ट्रेटिव शाखा खोलने की घोषणा जनता के लिए बेकार है, क्योंकि उसका बजट नहीं है। सरकाघाट अस्पताल के 100 से 150 बेड बढ़ाने की घोषणा पहले से स्वीकृत है। बस अड्डे व पार्किंग की घोषणा भी खाली वादों जैसी है क्योंकि कोई बजट या योजना नहीं बनी। कंवर ने स्कूल ग्राउंड की दुर्दशा पर भी चिंता जताई, जहां स्वतंत्रता दिवस के आयोजन के बाद मैदान को बजरी से भर दिया गया है। इससे खेल और पैदल मार्ग प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा, अगर मैदान ठीक नहीं हुआ तो भाजपा आंदोलन करेगी। मनीष कंवर ने मुख्यमंत्री से शीघ्र घोषणाओं को अमलीजामा पहनाने की भी मांग की, ताकि वे 'सफेद हाथी' न बनें।

### मसौली में भूस्खलन से खतरे में दो-तीन घर, स्कूली बच्चों की राह पर भी संकट

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

**जोगिंद्रनगर** उपमंडल की मसौली पंचायत में भारी बारिश के कारण हालात बिगड़ने लगे हैं। पंचायत की राजकीय प्राथमिक पाठशाला के पास हुए भूस्खलन ने स्थानीय परिवारों की नींद उड़ा दी है और स्कूली बच्चों की राह को भी खतरे में डाल दिया है। भूस्खलन की चपेट में दो से तीन मकान सीधे तौर पर आ चुके हैं। यदि बारिश जारी रही तो भूस्खलन और तेज हो सकता है, जिससे मकानों को बड़ा नुकसान होने और बच्चों के मुख्य मार्ग के अवरुद्ध होने का खतरा है। स्थानीय निवासी ओमदिश ने बताया कि उनका घर भूस्खलन की चपेट में है और घर के सामने लगभग 100 मीटर गहरी खाई है। भूस्खलन लगातार नीचे की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से समय रहते पुख्ता कदम उठाने की मांग की है, वरना बड़ा हादसा हो सकता है। इस बीच,



पीड़ित परिवार ने पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जीवन ठाकुर से मुलाकात की। जीवन ने भरोसा दिलाया कि मामले को प्रशासन के समक्ष उठाया जाएगा और जल्द सर्वे करवाकर डंगा लगाने की कार्रवाई की जाएगी, ताकि लोगों और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# कृषि विभाग की सभी योजनाओं से समृद्ध बनें किसान : सोहन लाल

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

सुंदरनगर उपमंडल की पौड़ाकोठी पंचायत के गांव मनाऊं में कृषि विभाग, सुंदरनगर द्वारा राष्ट्रीय सतत् कृषि मिशन के तहत एकदिवसीय शिविर आयोजित किया गया। पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे सरकार की किसान कल्याण योजनाओं का लाभ उठाकर समृद्धि की ओर बढ़ें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। कृषि उपनिदेशक मंडी डॉ. राम चंद चौधरी ने राष्ट्रीय सतत् कृषि मिशन की विस्तृत जानकारी दी। कृषि विभाग के अधिकारियों ने कृषि में हो



कार्यक्रम में पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर एवं अन्य लोग।

रहे बदलाव और नई तकनीकों की जानकारी साझा की। इस अवसर पर कृषि विभाग ने पंचायत के किसानों को अमरूद, नींबू और सहजन के कुल 3600 फलों के पौधे वितरित किए। शिविर में एसएमएस सुंदरनगर पूर्ण चंद, एसएमएस सदर डॉ. शमशेर नायक, एडीओ रमेश सैनी, केवीके की कृषि वैज्ञानिक डॉ. बृज वनिता, डॉ. लक्ष्मी कांत सहित लगभग 350 किसान उपस्थित थे।

### चोलथरा के दिनेश होंगे जोनल हॉस्पिटल मंडी के नए एमएस

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**उपमंडल** सरकाघाट की ग्राम पंचायत चोलथरा के गांव कोठी से संबंध रखने वाले वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. दिनेश कुमार ठाकुर को जोनल अस्पताल मंडी का नया मेडिकल सुपरिंटेंडेंट नियुक्त किया गया है। उनकी पदोन्नति की खबर से सरकाघाट और धर्मपुर क्षेत्रों में खुशी की लहर है। डॉ. ठाकुर प्रसिद्ध वैद्य व सेवानिवृत्त शिक्षक स्व. भाग सिंह और शिवां देवी के पुत्र हैं। उन्होंने आईजीएमसी शिमला से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त की है। वे लंबे समय से मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय मंडी में जिला चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र के व्यक्तियों ने शुभकामनाएं दी



हैं, जिनमें डिप्टी डायरेक्टर डॉ. अशोक चौहान, कटौला बीएमओ डॉ. अजय वर्मा, पूर्व एमएस डॉ. पीएल, बीएमओ संधोल डॉ. धर्म पाल, चोलथरा पंचायत के उपप्रधान विजय, बीडीसी सदस्य विजय, बसंतपुर पंचायत के उपप्रधान संजय कुमार, पूर्व उपप्रधान सुरेश, सेवानिवृत्त असिस्टेंट कमांडेंट श्रवण सिंह भारद्वाज, इंस्पेक्टर रमेश राणा, यूको बैंक के पूर्व सीनियर मैनेजर वेद प्रकाश, प्रधानाचार्य प्रभ दयाल ठाकुर, एई गोवर्धन सिंह, श्याम सिंह, कुसुम वर्मा, शीला ठाकुर, प्रकाश चंद, सरीन पंचायत प्रधान पवन, संजीव कुमार, अर्जुन सिंह, संत राम, बलदेव राज, सुनील भारती, प्रवीण, सुनील, कमलेश कुमार, संजय आर्य आदि शामिल हैं।

### समृद्ध व आत्मनिर्भर हिमाचल के निर्माण में दें सक्रिय भागीदारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** डीसी मंडी अपूर्व देवगन ने कहा कि समृद्ध व आत्मनिर्भर हिमाचल-2045 के निर्माण में आमजन की भागीदारी बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान, शिमला द्वारा एक ऑनलाइन नागरिक सहभागिता प्रश्नावली जारी की गई है, जिसके माध्यम से प्रदेश के नागरिकों, संस्थानों और प्रवासी हिमाचलियों से विचार, सुझाव और नवाचार आमंत्रित किए गए हैं। यह प्रश्नावली 17 बिंदुओं पर आधारित है और 26 अगस्त, 2025 तक उपलब्ध रहेगी। इच्छुक नागरिक हिमाचल सरकार की वेबसाइट [himachal.nic.in/samridhhimachal](http://himachal.nic.in/samridhhimachal) या संस्थान द्वारा साझा किए गए लिंक/क्यूआर कोड के माध्यम से गूगल फॉर्म पर अपने विचार साझा कर सकते हैं। रूढ़द्वह ने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे राज्य के विकास और उज्ज्वल भविष्य के लिए इस पहल में अवश्य योगदान दें और अपने सुझाव ऑनलाइन माध्यम से प्रस्तुत करें।

# नेरचौक से अटल अनुसंधान केंद्र के स्थानांतरण का विरोध तेज

अनंत ज्ञान, नेरचौक

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा अटल चिकित्सा एवं अनुसंधान केंद्र को बल्ह विधानसभा क्षेत्र के नेरचौक से स्थानांतरित कर सरकाघाट ले जाने की योजना पर विवाद खड़ा हो गया है। इस निर्णय का



ज्ञापन सौंपते हुए बल्ह के प्रतिनिधि।

विरोध करते हुए पंचायतीराज प्रधान महासंघ विकासखंड बल्ह के प्रतिनिधियों ने बल्ह प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है।

महासंघ के प्रधान टेकचंद ठाकुर ने बताया कि ज्ञापन में यह मांग की गई है कि यह अनुसंधान केंद्र पिछले 7 वर्षों से नेरचौक में संचालित हो रहा है, इसलिए इसे किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित न किया जाए। उन्होंने कहा कि यह संस्थान बल्ह क्षेत्र की जनता के लिए एक बड़ी स्वास्थ्य सुविधा है और इसे यहां से स्थानांतरित करना जनहित के विरुद्ध होगा। जनता ने मुख्यमंत्री से निवेदन किया है कि अनुसंधान केंद्र को पूर्व निर्धारित स्थान पर ही स्थापित किया जाए तथा इसके स्थानांतरण की किसी भी योजना को तुरंत रद्द किया जाए। टेकचंद ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द निर्णय नहीं लिया, तो क्षेत्र की जनता विरोध प्रदर्शन करने पर मजबूर होगी।

### 11 पंचायतों की प्यास पर तीन पंचायतों का विरोध

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उपमंडल जोगिंद्रनगर की चलोंटी धार में स्थित सुरगणी माता मंदिर कमेटी के सचिव राकेश राणा ने शानन से प्रस्तावित एडीबी पेयजल योजना के विरोध पर चिंता जताई है। इस योजना के तहत बुलाह, भड़याडा, बसाही धार, डुघ, सुरगणी धार और गलू तक पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इससे 11 पंचायतों के हजारों लोग पेयजल प्राप्त करेंगे। राकेश ने बताया कि क्षेत्र लंबे समय से पेयजल संकट से ग्रस्त है और गर्मियों में हालात और बदतर हो जाते हैं। बावजूद इसके तीन पंचायतों के विरोध से योजना बाधित हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से इस योजना को बिना देरी लागू करने की मांग की है, ताकि जनता की प्यास बुझ सके।

### अभिलाषी विश्वविद्यालय में एंटी-रैगिंग सप्ताह का सफल समापन

# कुलपति ने रैगिंग को बताया सामाजिक बुराई

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**मंडी।** अभिलाषी विश्वविद्यालय में आयोजित एंटी-रैगिंग सप्ताह का समापन समारोह बड़ी सफलता के साथ संपन्न हुआ। इस सप्ताह के दौरान विश्वविद्यालय ने यह प्रतिबद्धता दोहराई कि वह परिसर में सुरक्षित, सम्मानजनक और समावेशी माहौल बनाए रखने के लिए सदैव प्रयासरत रहेगा।

विद्यार्थियों को रैगिंग की बुराइयों से अवगत कराने के लिए जागरूकता अभियान, शपथ ग्रहण, पोस्टर प्रतियोगिता, संवादात्मक व्याख्यान और परामर्श सत्र आयोजित किए गए। समापन समारोह में कुलपति प्रो. एचके चौधरी ने अपने संबोधन में रैगिंग को सामाजिक बुराई बताते हुए कहा कि यह शिक्षा की गरिमा को ठेस





अभिलाषी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी एंटी-रैगिंग विरोधी रैली निकालते हुए।


पहुंचाती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से रैगिंग-मुक्त परिसर के दूत बनने का आह्वान किया। संकाय सदस्य और छात्र प्रतिनिधियों ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सप्ताह भर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए। अंत में विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से एंटी-रैगिंग शपथ ली। कुलाधिपति डॉ. आर.के. अभिलाषी, प्रति कुलाधिपति डॉ. एल.के. अभिलाषी, कुलसचिव डॉ. कपिल कपूर सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने आयोजकों की सराहना की और सभी से नियमों का पालन करने का आग्रह किया।

**अनदेखी** दो-तीन साल से सड़क पर बड़े गड्ढे, गहरी निद्रा में बीबीएमबी प्रबंधन

# बीबीएमबी सुंदरनगर-कपाही सड़क बनी जानलेवा

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

उपमंडल सुंदरनगर के अंतर्गत बीबीएमबी झील परिसर के दोनों तरफ बनी सुंदरनगर से कपाही जाने वाली मुख्य सड़क पिछले दो-तीन वर्षों से जगह-जगह टूट-फूट कर गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। इस सड़क से सुंदरनगर सहित ग्राम पंचायत कलाहौड़, कपाही, अरठी, लुहाखर, कटवाई, लोहारडी, दसेहड़ा, बरसवांग, रिवालसर और जाहू क्षेत्र की हजारों की संख्या में लोग आवाजाही करते हैं।



बीबीएमबी झील परिसर की सुंदरनगर-कपाही की खराब सड़क।

बीबीएमबी प्रबंधन के अधीन यह सड़क लंबे समय से गड्ढों से भरी होने के कारण जनता में भारी परेशानी और रोष का कारण बनी हुई है। प्रशासन व बीबीएमबी के अधिकारी नियमित इस सड़क पर आते-जाते हैं, फिर भी कोई सुधार या मरम्मत नहीं होती। गड्ढों के कारण दुर्घटनाएं होना आम बात है, लेकिन सुरक्षा के लिए कोई दीवार या पैराफिट नहीं लगाए गए हैं। कई बार वाहन झील में गिरने के मामले भी सामने आ चुके हैं, फिर भी प्रबंधन की उदासीनता जारी है। स्थानीय लोग, व्यापार मंडल के सदस्य और राज्य संयुक्त व्यापार संगठन के महामंत्री सुरेश कौशल ने सड़क की दयनीय स्थिति सुधारने और झील के किनारे सुरक्षा दीवार व पैराफिट लगाने की कड़ी मांग की है।

### क्या कहते हैं एसडीएम

**एसडीएम** सुंदरनगर अमर नेगी ने बताया कि जन समस्याओं का संज्ञान लिया गया है। उन्होंने बीबीएमबी के संबंधित अधिकारियों को सड़क जल्द दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। बीबीएमबी प्रबंधन ने भी जल्द ही इस सड़क की मरम्मत का आश्वासन दिया है, जिससे जनता को राहत मिलेगी।



### वाह! एक फोन कॉल से बहाल हुआ गलू बनेहड़ मार्ग, विभाग की तत्परता सराहनीय

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

जोगिंद्रनगर क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश से सड़कों पर भूस्खलन की घटनाएं बढ़ गई हैं, जिससे स्थानीय लोगों और स्कूली बच्चों को खासी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को गलू-बनेहड़ सड़क मार्ग बी पर भारी भूस्खलन हुआ, जिससे मार्ग पूरे तरह से अवरुद्ध हो गया। जिस कारण कई स्कूली बच्चे मंगलवार सुबह विद्यालय नहीं जा सके और ग्रामीणों को भी आवाजाही में भारी दिक्कतें झेलनी पड़ीं।



स्थानीय लोगों से भूस्खलन की सूचना मिलने के बाद मार्ग को वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल कर दिया गया है।

**-जेपी नायक, अधिशाषी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, जोगिंद्रनगर।**

स्थानीय निवासी व पूर्व वार्ड मेंबर कश्मीर सिंह, राम चंद, देवी सिंह, उर्मिला देवी, मांगणू राम सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि मार्ग दलदल में तब्दील हो गया था। मामले की सूचना सोमवार शाम करीब सात बजे लोक निर्माण विभाग जोगिंद्रनगर के अधिशाषी अभियंता जेपी नायक को दी गई। उन्होंने तुरंत संज्ञान लेते हुए मंगलवार दोपहर तक मार्ग बहाल करवा दिया। ग्रामीणों ने विभाग की इस तत्परता की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। इससे लोगों को बड़ी राहत मिली और स्कूली बच्चों की सुरक्षा भी सुनिश्चित हुई।

## न्यूज ब्रीफ

### श्रद्धालुओं की गाड़ी व निजी बस में टक्कर



**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी में गंगानगर धर्मशाला के नजदीक सुबह 11 बजे के करीब एक बड़ा हादसा हुआ, जब श्रद्धालुओं की गाड़ी और निजी बस में टक्कर हो गई। हालांकि गनीमत यह रही कि इस टक्कर में कोई हताहत नहीं हुआ। कार के एयरबैग खुलने के कारण श्रद्धालुओं को कोई चोट नहीं आई, लेकिन कार का काफी ज्यादा नुकसान हुआ और यह चलने की स्थिति में नहीं रही। वहीं दूसरी और आपदा मित्र संदीप कुमार भी फर्स्ट एड लेकर पहुंचे। इस हादसे के कारण वाहनों को सड़क से गुजरने में परेशानी हुई, लेकिन ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज दीपक राणा की अगुवाई में ट्रैफिक कर्मी क्रेन से गाड़ी हटाने तक मौके पर डटे रहे और वाहनों को क्रॉस करवाते रहे। दोनों पक्षों ने पुलिस को कोई भी कार्रवाई न करने के बारे में अवगत कराया, जिसके कारण कोई भी मामला दर्ज नहीं हुआ। श्रद्धालु दिल्ली विकासपुरी से आए थे और रात को चिंतपूर्णी में ठहरे थे और ज्वाला जी की तरफ जा रहे थे, जबकि निजी बस गगरेट से चिंतपूर्णी बस स्टैंड जा रही थी।

### पवन राष्ट्रमंडल खेलों में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व



**अनंत ज्ञान, अंब।** हिमाचल के भारोत्तोलन खेल से संबंध रखने वाले डॉ. पवन कुमार पटियाल को आगामी राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में खेल-विशिष्ट प्रबंधक के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। यह चैंपियनशिप 24 से 30 अगस्त तक गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित की जाएगी, जिसमें 35 देशों के 350 एथलीट भाग लेंगे और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। हिमाचल प्रदेश भारोत्तोलन संघ के सचिव डॉ. राजकुमार जामवाल ने बताया कि डॉ. पवन कुमार पटियाल का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चयन होना न केवल उनके लिए बल्कि राज्य के खेल जगत के लिए भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। डॉ. पवन कुमार पटियाल ने अपनी इस उपलब्धि के लिए भारतीय भारोत्तोलक संघ के अध्यक्ष सहदेव यादव और अंतरराष्ट्रीय रेफरी प्रदीप शर्मा का हार्दिक आभार व्यक्त किया। वर्तमान में डॉ. पवन कुमार पटियाल, महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में सेवाएं दे रहें है।

### बीटन कॉलेज में एंटी रैगिंग सप्ताह संपन्न

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** संत ढांगू वाले गुर्जर राजकीय महाविद्यालय बीटन में 12 से 18 अगस्त तक एंटी रैगिंग सप्ताह मनाया गया। प्राचार्य डॉ. सुनीता गोयल की अध्यक्षता में कार्यक्रम चला। डॉ. रीना व प्रो. रमेश ने रैगिंग को अपराध बताते हुए छात्रों को जागरूक किया। 13 अगस्त को विद्यार्थियों ने शपथ ली, जबकि 18 अगस्त को नारा लेखन प्रतियोगिता और हस्ताक्षर अभियान हुआ। संदीप कौर, श्रुति शर्मा और निधू बाला विजेता रहीं। समिति सदस्य व प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### जिला रोजगार कार्यालय में लघु रोजगार मेला 26 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला रोजगार कार्यालय ऊना में 26 अगस्त को सुबह 10.30 बजे लघु रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। इस लघु रोजगार मेले में मैसर्ज मैजिक ब्लेंड प्राईवेट लिमिटेड, हिंदुस्तान फॉर्माड्रायल्ज़ इंडीपेंडेंट प्राईवेट लिमिटेड, सिस इंडिया लिमिटेड आरटीए हमीरपुर, वर्धमान इस्पात उद्योग, भाखड़ा सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड और वेट्ज़फार्मा लिमिटेड कम्पनीज शामिल होंगी। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि इन कंपनीज द्वारा 265 पद भरे जाएंगे जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता, 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई, किसी भी स्ट्रीम में स्नातक और मकैनिकल, सिविल तथा इलेक्ट्रिकल में बीटेक रखी गई है। अक्षय शर्मा ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 26 अगस्त को प्रातः 10.30 बजे जिला रोजगार कार्यालय में रोजगार मेले में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नंबर 01975-226063 पर संपर्क कर सकते हैं।

### ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट का निशुल्क प्रशिक्षण 22 से

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (पीएनबी आरसेटी) ऊना में 22 अगस्त से ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट का 35 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ होने जा रहा है। आरसेटी ऊना के निदेशक सुधीर कुमार शर्मा ने जानकारी दी कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रतिभागी की आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य और ऊना जिला का निवासी होना अनिवार्य रहेगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी पीएनबी आरसेटी कार्यालय ऊना में आकर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। पंजीकरण के समय अभ्यर्थी को आधार कार्ड, राशन कार्ड, तीन पासपोर्ट आकार की फोटो, जाति एवं आयु प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य रहेगा। सुधीर कुमार ने बताया कि प्रतिभागियों को हेयर कटिंग, हेयर स्टाइलिंग, पार्टी मेकअप, ब्राइडल मेकअप सहित विभिन्न प्रकार के ब्यूटी प्रोडक्ट्स की जानकारी और बैंक ऋण योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा।

### भंजाल में केंद्रीय विद्यालय जल्द खुलने की जगी आस

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** ऐसा लग रहा है कि अब केंद्रीय विद्यालय भंजाल में जल्दी खुल जाएगा, इलाके के लोग काफी दिनों से इसका इंतजार कर रहे हैं, लेकिन इस कार्य में प्रगति कछुआ गति से हो रही है , जिस कारण इलाके के लोग परेशान हैं। अब राशि मंजूर होने के बाद लोगों में आस पूरी होने की नई किरण जगी है, भंजाल केंद्रीय विद्यालय के लिए स्टाफ टॉयलेट, लड़कियों के टॉयलेट व लड़कों के टॉयलेट के लिए साढ़े 3 लाख रुपए मंजूर हुए हैं। इसके अलावा केंद्रीय विद्यालय की बाउंड्री वॉल के लिए 2,17457 लाख मंजूर हुआ है। इसके अलावा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अम्बोटा में इन्डोर स्टेडियम की रिनोवेशन के लिए 10 लाख रुपए मंजूर किया गए हैं। इस विषय में सूचना जिला खनन अधिकारी ऊना के द्वारा पत्र के माध्यम से दी गई है। यह पत्र खंड विकास अधिकारी के गगरेट को भेजा गया है। अब देखना होगा कि इसका कार्य कब तक शुरू होगा।

### ध्योमेश्वर महादेव में विशाल दंगल 23 को

**अनंत ज्ञान, पंजावर।** सदाशिव मंदिर ध्योमेश्वर महादेव में विशाल कुश्ती दंगल 23 अगस्त 2025 होने जा रहा है। इसमें सोनू सिरसा, दुलेता, छोटा सोमवीर रोहतक, बॉबी खन्ना, कैल्शियम फिरोजपुर जैसे में पहलवान पहुंच रहे हैं। बड़ी माली 51000 रुपए की होगी। विजेता पहलवान को 31000 उपविजेता को 20000 दिया जाएगा। यह सूचना मंदिर के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा द्वारा दी गई।

### युद्ध विराम के बाद भी बोरी के अंदर जलती है सोलर लाइट

**अनंत ज्ञान, घनारी।** अभी ब्लैक आऊट चल रहा है या सरकार के निर्देशों को ठेंगा, ऐसी सुस्त व्यवस्था पर सवालिया निशान लगाती हैं। युद्ध के समय ब्लैक आउट के निर्देश रात में सभी लाइटें बंद रखने के थे, जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर लगीं सोलर स्ट्रीट लाइटों के तारें हटाने या उन्हें कपड़े से ढक दिया गया था, लेकिन युद्ध विराम होते ही प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायतों को लाइटों को सुचारु कर जलाने के दिशानिर्देश जारी किए थे, लेकिन इन दिशा निर्देशों की पूरी तरह पालना नहीं हो पाई है। गगरेट विकासखंड के सुंकाली के नजदीक सड़क के किनारे भंजाल पुल के पास में वर्तमान में भी एक सोलर लाइट बोरी के अंदर से ही जलती है।

# भगड़ा के वार्ड नंबर पांच की बाहती बस्ती रास्ते से महरूम

## आधुनिक युग में पहुंच चुकी दुनिया, फिर भी बाहतीवासी बुनियादी सुविधाओं से हैं वंचित

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** आज जब देश 2025 के आधुनिक युग में प्रवेश कर चुका है, तब भी हिमाचल के ऊना जिले की भगड़ा पंचायत के वार्ड नंबर 5 के बाहती बस्ती के लोग बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। इस बस्ती में न तो कोई पक्का रास्ता है, न ही पैदल चलने योग्य पगडंडी। वाहन तो दूर की बात, बीमार व्यक्ति को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए लोगों को मजबूरी में कंधे पर उठाकर ले जाना पड़ता है।

इस मुद्दे को लेकर ग्राम पंचायत भगड़ा के उपप्रधान और भाजपा चिंतपूर्णी अपर मंडल के मंडल अध्यक्ष किरपाल सिंह ठाकुर ने सरकार और संबंधित विभाग से अपील की है कि इस बस्ती के लिए जल्द से जल्द रास्ता बनवाया जाए। उन्होंने कहा कि बरसात जैसे खराब मौसम में स्थिति और भी विकराल हो जाती है। लोग घरों में कैद होकर रह जाते हैं, क्योंकि बाहर निकलना जान जोखिम में डालने जैसा होता है। कृपाल ठाकुर ने जानकारी दी कि बाहती बस्ती को मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए एक बड़े नाले को पार करना पड़ता है।

पिछले वर्ष विभाग द्वारा उस नाले पर पुली निर्माण कार्य शुरू किया गया था, लेकिन वह कार्य आधा अधूरा छोड़ दिया गया। नतीजतन, अब वह अधूरा ढांचा और अधिक जोखिमभरा बन चुका है। स्थानीय लोगों ने विभाग और सरकार से निवेदन किया है कि वे इस समस्या को गंभीरता से लें और जल्द से जल्द इस क्षेत्र के लिए एक सुरक्षित और टिकाऊ रास्ता उपलब्ध करवाएं, ताकि बहाती बस्ती के लोग भी सम्मानजनक जीवन जी सकें।



नाले पर बनाई जा रही पुलिया का कार्य बीच में ही बंद कर दिया गया।

# हीरानगर के लोगों ने प्रस्तावित कूड़ा निस्तारण संयंत्र का किया विरोध

**अनंत ज्ञान, अंब**

नगर पंचायत अंब के हीरानगर वार्ड नंबर-5 के निवासियों ने क्षेत्र में प्रस्तावित कूड़ा संयंत्र के निर्माण को लेकर कड़ा ऐतराज जताया है। इसके चलते आज स्थानीय लोगों ने तहसीलदार के माध्यम से जिलाधीश ऊना को ज्ञान भी सौंपा। इन लोगों का कहना है कि यह संयंत्र घनी आबादी, शिक्षण संस्थान और सार्वजनिक जल स्रोत के बेहद निकट बनाया जा रहा है, जिससे स्वास्थ्य और पर्यावरण पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 13 अगस्त को विधानसभा क्षेत्र चिंतपूर्णी के विधायक द्वारा इस कूड़ा संयंत्र का शिलान्यास किया गया। यह स्थान मात्र 200 मीटर की दूरी पर स्थित स्कूल, सिंचाई स्कीम और प्राकृतिक जल स्रोतों के पास है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्हें इस शिलान्यास की जानकारी अखबार में छपी खबर से ही हुई। स्थानीय लोगों ने जिलाधीश ऊना को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि उन्होंने अपनी जमीनें लाखों रुपए खर्च कर खरीदी हैं और बैंक से कर्ज लेकर मकान बनाए हैं। क्षेत्र में प्राथमिक से लेकर जमा दो तक का शिक्षण संस्थान स्थित है, जो बच्चों के स्वास्थ्य के लिहाज से बेहद संवेदनशील क्षेत्र है।

सिंचाई स्कीम के तहत जल स्रोत भी पास ही मौजूद हैं, जहां से ग्रामीण पीने और खेती के लिए पानी प्राप्त करते हैं। निवासियों का कहना है कि कूड़ा संयंत्र के निर्माण से बदबू, मक्खियों और दूषित जल जैसी समस्याएं उत्पन्न होंगी, जिससे न केवल स्वास्थ्य प्रभावित होगा, बल्कि बच्चों की पढ़ाई और जीवनस्तर पर भी असर पड़ेगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि स्थल का निरीक्षण कर परियोजना को किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाए, ताकि जनस्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण की रक्षा की जा सके।



हीरानगर के लोगों ने प्रस्तावित कूड़ा निस्तारण संयंत्र को लेकर विरोध जताया व ज्ञापन सौंपा।

## भूमि रिकॉर्ड का जल्द करवाएं लिंक : एडीसी



**अनंत ज्ञान, ऊना।** अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) ऊना, महेंद्र पाल गुर्जर ने जानकारी दी है कि जिले में भू-मालिकों की भूमि से संबंधित रिकॉर्ड को उनके आधार और मोबाइल नंबर से जोड़ने का व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य भूमि रिकॉर्ड को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और सुलभ बनाना है।

एडीसी ने बताया कि ऊना जिले में अभी भी कई भू-मालिकों का आधार और मोबाइल सीडिंग का कार्य शेष है। उन्होंने सभी भू-मालिकों से आग्रह किया है कि वे शीघ्र अपने क्षेत्र के संबंधित पटवारी से संपर्क करें और अपनी भूमि की आधार व मोबाइल सीडिंग की प्रक्रिया को पूर्ण करवाएं। पटवारी के पास आधार कार्ड और उस से लिंक मोबाइल नंबर साथ लेकर जाना सुनिश्चित करें।

## कला प्रशिक्षित अध्यापक संघ की नई कार्यकारिणी का ऐलान

**अनंत ज्ञान, ऊना**

राजकीय माध्यमिक पाठशाला कुठेड़ा खैरला में शिक्षा खंड अंब और शिक्षाखंड गगरेट दो में कला प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक संघ शिक्षा खंड अब का चुनाव जिला अध्यक्ष इंदु शेखर विशिष्ट की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

शिक्षा खंड अंब में सर्वसम्मति से पवन कुमार को प्रधान चुना गया, वहीं, उपप्रधान नरेंद्र कुमार, राजीव कुमार सचिव और हरभजन सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा शिक्षक खंड गगरेट दो में संदीप कुमार को प्रधान, वीरेंद्र कुमार को सचिव, अजय कुमार को कैशियर चुना गया। यह चुनाव भी सर्वसम्मति से हुआ।

जिला प्रधान इंदु शेखर ने बताया कि कला स्नातक अध्यापक संघ एक मजबूत संघ है और शासन और प्रशासन से अपनी जायज मांगें मनवाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि संघ शासन और प्रशासन से सहानुभूति रखता है और आशा रखता है कि भविष्य में संघ के सदस्यों की उचित मांगें अवश्य मानी जाएंगी।



अध्यापक संघ की नई कार्यकारिणी, साथ हैं अन्य गणमान्य।

## बीमार बच्चे को सर्वहितकारी सभा पंजोआ ने दी मदद

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**

**बड़ूही।** उपमंडल अंब के तहत सर्वहितकारी सभा पंजोआ हमेशा से जरूरतमंदों और गरीबों की मदद के लिए जानी जाती है। इसी कड़ी में सभा ने अंदोरा क्षेत्र के एक गंभीर रूप से बीमार बच्चे अरमान (पुत्र विजय कुमार) को आर्थिक सहायता प्रदान किया। अरमान लंबे समय से गंभीर बीमारी से जूझ रहा है और उसके इलाज के लिए लगभग 20 लाख रुपए की आवश्यकता बताई गई है।

सभा की ओर से सभा प्रधान मदन धीमान, उपप्रधान अधिवक्ता अनिल शर्मा, मास्टर कुशल धीमान, फतेह सिंह, विकास शर्मा और पंजोआ-लड़ोली पंचायत के प्रधान बलविंदर सिंह ने परिवार से मुलाकात की और बच्चे के पिता को फौरी तौर पर 21,200 रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की। सभा के पदाधिकारियों ने कहा कि यह मदद मात्र शुरुआत है। बच्चे के इलाज के लिए लगातार सहयोग दिया जाएगा और इस मुहिम में सभी समाजसेवी संगठनों, व्यक्तियों व हिमाचलवासियों से अपील की गई है कि वे भी आगे आकर इस मासूम की जिंदगी बचाने में योगदान दें।



बीमार बच्चे अरमान की जिंदगी बचाने को सर्वहितकारी सभा पंजोआ आगे आई है।

### अरमान की जिंदगी बचाने को सभी से मांगा सहयोग

**परिवार की स्थिति बेहद कठिन :** अरमान के पिता एक छोटी-सी दुकान चलाकर घर का गुजारा करते हैं। आमदनी इतनी कम है कि महंगे इलाज का खर्च उठाना असंभव हो गया है। ऐसे में परिवार ने समाज से सहयोग की अपील की है ताकि अरमान का उपचार समय रहते हो सके। सभा के प्रधान मदन धीमान ने कहा कि 'सेवा से बड़ा कोई कर्म नहीं होता, नर सेवा ही नारायण सेवा है।'

**समाज सेवा का उदाहरण बनी सभा :** सर्वहितकारी सभा पंजोआ ने पूर्व में भी गरीब परिवारों को राशन उपलब्ध करवाने, जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाने, असहाय लोगों के इलाज के लिए आर्थिक सहयोग देने और प्राकृतिक आपदाओं में पीड़ित परिवारों को मदद पहुंचाने जैसे कई कार्य किए हैं। यही वजह है कि इस संस्था पर लोग भरोसा करते हैं और हर नेक काम में बढ़-चढ़कर सहयोग करते हैं। सभा ने सभी दानदाताओं, प्रवासी हिमाचलियों और समाजसेवियों से अपील की है कि वे एकजुट होकर अरमान की जिंदगी बचाने की इस मुहिम में सहयोग दें।

## जनभागीदारी से बनेगा समृद्ध हिमाचल का रोडमैप : डीसी



**अनंत ज्ञान, ऊना।** आत्मनिर्भर और समृद्ध हिमाचल के निर्माण का 20 वर्षीय रोडमैप जनता की सक्रिय भागीदारी से तैयार होगा। राज्य सरकार ने 'समृद्ध हिमाचल-2045' पहल के तहत नागरिकों से ऑनलाइन सुझाव आमंत्रित किए हैं, ताकि आने वाले दो दशकों का विजन प्लान जनसहभागिता पर आधारित हो और प्रदेश की वास्तविक आवश्यकताओं व आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित कर सके। उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि इस उद्देश्य से डॉ. मनमोहन सिंह प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान शिमला ने एक ऑनलाइन नागरिक सहभागिता प्रश्नावली जारी की है।

इसके माध्यम से प्रदेशवासियों, विभिन्न संस्थानों तथा हिमाचली प्रवासी समुदाय से उनके विचार, आकांक्षाएं और नवाचार आमंत्रित किए जा रहे हैं। 17 प्रश्नों पर आधारित यह सर्वेक्षण 26 अगस्त तक उपलब्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि कोई भी इच्छुक व्यक्ति **https://himachal.nic.in/samridhhimachal** लिंक पर लॉगइन कर सीधे प्रश्नावली भर सकता है। इसके अतिरिक्त संस्थान द्वारा जारी वेब लिंक और क्यूआर कोड के माध्यम से भी गूगल फॉर्म पर अपने सुझाव साझा किए जा सकते हैं। उपायुक्त ने जिलावासियों से आह्वान किया कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रश्नावली भरकर अपनी राय, आकांक्षाएं और नवाचार अवश्य साझा करें, ताकि हिमाचल के उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत हो सके।

# झील के पास न जाएं लठियाणी के बाशिंदे

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**

**लठियाणी।** क्षेत्र में लगातार हो रही भारी वर्षा के चलते गोबिंदसागर झील का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। झील में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन और पुलिस ने पर्यटकों व स्थानीय लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। थाना प्रभारी रोहित चौधरी ने कहा कि झील का जलस्तर सामान्य से काफी अधिक हो चुका है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए झील के आसपास जाने से बचें। पुलिस टीम लगातार गश्त कर रही है और कई स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं, लेकिन लोग इन्हें नदरअंदाज करते हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी सहयोग की अपील की कि यदि कोई पर्यटक झील के किनारे दिखाई दे तो उन्हें सतर्क करें और तुरंत पुलिस को सूचित करें।

लठियाणी पंचायत के प्रधान जोगिंदर शर्मा पौणु और उपप्रधान निर्मल सिंह ठाकुर ने भी लोगों से सतर्कता बरतने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि झील की गहराई अत्यधिक है और अतीत में यहां वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर गिरने की घटनाएं हो चुकी हैं, इसलिए लापरवाही न करें। भारी बारिश के चलते कई रास्तों पर फिसलन और खराब स्थिति भी गंभीर बनी हुई है। झील के आसपास निगरानी के लिए जल्द ही सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना है, जिसे शीघ्र अमलीजामा पहनाया जाएगा। भाखड़ा बांध का जलस्तर भी तेजी से बढ़ रहा है।

बीबीएमबी प्रबंधन के अनुसार शनिवार को झील में पानी की आमद 89,361 क्यूसिक रही, जिससे भाखड़ा डैम का जलस्तर बढ़कर 1658.79 फुट पहुंच गया है। बिजली उत्पादन के लिए टर्बाइनों से 22,864 क्यूसिक पानी छोड़ा गया, वहीं नंगल बांध से नहरों में पानी की मात्रा नियंत्रित की गई। पिछले वर्ष इसी दिन भाखड़ा बांध का जलस्तर 1627.45 फुट था, जबकि इस बार यह करीब 31 फुट अधिक है। जानकारों के अनुसार यदि पानी की आमद इसी तरह जारी रही तो जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच सकता है। बांध का अधिकतम सुरक्षित जलस्तर 1680 फुट है, हालांकि तकनीकी रूप से इसे 1685 फुट तक ले जाया जा सकता है।

प्रशासन, पुलिस और पंचायत प्रतिनिधियों ने सभी से आह्वान किया है कि प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लें, लेकिन सुरक्षा और सतर्कता को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।



गोबिंदसागर झील का जलस्तर बढ़ने पर प्रशासन ने लोगों को चेताया है।

## सड़क हादसे में पपड़ोली की 35 वर्षीय महिला की मौत

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत आने वाले औरा गांव में सोमवार को हुए सड़क हादसे में पंचायत पपड़ोली की अनीता पत्नी मनोज की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ, जब अनीता अपने दो वर्षीय बच्चे और स्कूटी चालक के साथ आंखों का चेकअप कराने बंगाणा आ रही थी। जानकारी के अनुसार, जैसे ही वे औरा गांव के समीप पहुंचे, सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी।

हादसा इतना भीषण था कि अनीता की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के समय उनके साथ मौजूद स्कूटी चालक और उनका दो वर्षीय बच्चा सुरक्षित बच गए, जिससे परिवार को कुछ हद तक राहत मिली। बताया जा रहा है कि बच्चा अपनी मां के साथ पहली बार आंखों का चेकअप करवाने जा रहा था। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल भेज दिया।

वहीं, हादसे की सूचना से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाकर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी रोहित ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि फरार चालक की तलाश की जा रही है और जांच आरंभ कर दी गई है। उन्होंने कहा कि दोषी को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। इस दर्दनाक हादसे ने एक मासूम बच्चे से उसकी मां की ममता छीन ली है, जिससे परिवार गहरे सदमे में है। क्षेत्र के लोग परिवार को सांत्वना देने पहुंच रहे हैं और हर कोई इस हादसे को लेकर दुख व्यक्त कर रहा है।

## मेलों की सांस्कृतिक विरासत और महत्व

# तनिकपुरा में तीन दिवसीय मेले में उमड़े बेशुमार लोग



तनिकपुरा में गुग्गा नवमी के उपलक्ष पर आयोजित मेले में भिड़ते पहलवान।

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के तनिकपुरा में गुग्गा नवमी के उपलक्ष पर तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया गया है। मेले में रोजाना हजारों लोगों की भीड़ आ रही है। मेले में छिंज भी आयोजित की गई है, जिसमें पंजाब व अन्य राज्यों के पहलवान अपने करतब दिखा रहे हैं। मेले क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखने के साथ एकता और भाईचारे को बढ़ावा देते हैं।

वर्तमान सोशल मीडिया और आईटी के युग में ऑनलाइन आयोजन का हिस्सा बनने का चलन बढ़ता जा रहा है, जिससे प्रत्यक्ष मिलन-जुलन में कमी आने लगी है। यहां तक कि पारंपरिक आयोजनों में भी कमी आ रही है। लोगों के स्थानीय लघु उद्योग से तैयार उत्पादों की बिक्री कम होती जा रही है, जो इन मेलों पर ही आधारित रहते थे।

अब समय आ गया है कि हम इन मेलों को पुनर्जीवित करने के लिए काम करें। हमें पारंपरिक आयोजनों को बढ़ावा देना चाहिए और स्थानीय लघु उद्योगों को समर्थन देना चाहिए, ताकि हमारी सांस्कृतिक विरासत और एकता को बनाए रखा जा सके।

**अनदेखी** बंगाणा-शांतला सड़क की हालत बद से बदतर, कार पलटने से अध्यापिका घायल

# कितनी और दुर्घटनाओं के बाद जागेगा विभाग?

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा क्षेत्र की बंगाणा-तूतड़ू सड़क की बदहाल स्थिति ने अब जानलेवा रूप ले लिया है। मंगलवार सुबह लखरूंह के समीप सड़क पर पड़े गहरे गड्ढों से बचते हुए एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में स्कूल जा रही एक अध्यापिका घायल हो गई। राहगीरों की मदद से उन्हें स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया। गनीमत रही कि कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। बीते कई महीनों से सड़क की हालत बेहद खराब है। जगह-जगह बने गहरे गड्ढों के कारण हर दिन दोपहिया और चारपहिया वाहन हादसों का शिकार हो रहे हैं। बरसात में तो हालात और खतरनाक हो जाते हैं, क्योंकि बारिश का पानी गड्ढों को ढक देता है और चालक अचानक नियंत्रण खो बैठते हैं। बंगाणा से हाथलौन तक सड़क की स्थिति कुछ हद तक बेहतर है, लेकिन इसके आगे लखरूंह, जसाना, समलाड़ा, दमोहड और तूतड़ू जैसे गांवों को जोड़ने वाला हिस्सा पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। यहां पर न तो पैदल चलना सुरक्षित है, न ही वाहन चलाना।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार लोक निर्माण विभाग को शिकायत दी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। विभाग की यह उदासीनता अब ग्रामीणों के लिए खतरा बनती जा रही है। लोगों ने विभाग की कुंभकर्णी नींद पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मानो किसी बड़े हादसे का इंतजार किया जा रहा है। इस जर्जर सड़क का असर केवल जनजीवन पर ही नहीं, स्थानीय अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा है। फल, सब्जियां, दूध जैसे नाशवान उत्पाद गांवों से समय पर बाजार नहीं पहुंच पा रहे हैं। वाहन गड्ढों से क्षतिग्रस्त हो रहे हैं, जिससे मरम्मत पर अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा है।

यहां तक कि परिवहन सेवा प्रदाताओं ने भी इस सड़क पर बसें और टैक्सियां चलाने से मना कर दिया है, जिससे आम जनता, खासकर स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस सड़क, विशेषकर लखरूंह से तूतड़ू तक के हिस्से को प्राथमिकता के आधार पर पक्का और सुरक्षित बनाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

इस पूरे मामले पर जब लोक निर्माण विभाग, बंगाणा के सहायक अभियंता महेंद्र सिंह से संपर्क किया गया, तो उन्होंने बताया कि बंगाणा-शांतला सड़क की टारिंग का टेंडर हो चुका है। बारिश समाप्त होते ही कार्य शुरू किया जाएगा और सड़क को जल्द चकाचक बना दिया जाएगा। फिलहाल, घायल अध्यापिका का इलाज जारी है, लेकिन यह हादसा विभाग की लापरवाही को फिर उजागर कर गया। अब सवाल यह है कि कितनी और दुर्घटनाओं के बाद विभाग जागेगा?



लखरूंह के समीप सड़क पर पड़े गहरे गड्ढे, हादसों को दे रहे हैं न्योता।

## पूर्व विधायक भरवाल के निधन पर विधायक विवेक ने जताई गहरी संवेदना

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

चिंतपूर्णी के पूर्व विधायक गणेश दत्त भरवाल के आकस्मिक निधन पर कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा के सदन में गहरी संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि स्व. भरवाल राजनीति और समाज सेवा दोनों में अपनी अलग पहचान रखते थे। उनका निधन प्रदेश के लिए एक बड़ी क्षति है।

विवेक शर्मा ने बताया कि श्री भरवाल 1985 से 1990 तक चिंतपूर्णी क्षेत्र से विधायक रहे। उसी दौरान उनके पिता, स्व. रामनाथ शर्मा, कुटलैहड़ से विधायक और विधानसभा उपाध्यक्ष थे। उन्होंने कहा कि दोनों परिवारों के बीच न सिर्फ राजनीतिक, बल्कि गहरे पारिवारिक संबंध भी थे। भरवाल के पुत्र, विवेक शर्मा के सैनिक स्कूल में सहपाठी भी रहे हैं। विधायक ने कहा कि भरवाल ने कुटलैहड़ के धमांड्री क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में अहम भूमिका निभाई। उनकी दूरदर्शिता और जनसेवा के प्रति समर्पण आज भी लोगों को याद है। वे विनम्र, सादगीपूर्ण और सहज व्यक्तित्व के धनी थे, जो हर वर्ग के लिए हमेशा उपलब्ध रहते थे।

विवेक शर्मा ने भावुक होकर कहा कि भरवाल जी का जीवन जनता के लिए प्रेरणा का स्रोत है। सदन में उपस्थित सभी विधायकों ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि भरवाल जैसे जनसेवकों का योगदान इतिहास में सदैव अमर रहेगा।



पूर्व विधायक को याद करते विवेक शर्मा।

# सैंज बस स्टैंड में भूस्खलन से कई मकानों व दुकानों पर मंडराया खतरा

**अनंत ज्ञान, सैंज**

**जिला** कुल्लू के सैंज बस स्टैंड पर भारी बारिश और निकासी नालियों के बंद होने के कारण भूस्खलन का खतरा मंडरा रहा है। सैंज बाइपास मार्ग की बंद निकासी नालियों के कारण पानी बस स्टैंड तक पहुंचा है, जिससे दर्जनों दुकानों में भारी जलभराव हो गया है।

भूस्खलन के कारण कई मकान और दुकाने खतरे की जद में आ गई हैं। मकान मालिक पिंकू राम, तेजराम, रघुवीर सिंह, शीला देवी, विमला देवी, लाल सिंह नेगी सहित अन्य ने बताया कि उनके मकानों को भूस्खलन से भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर बारिश जारी रही तो मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो सकते हैं। दुकानों के किरायेदार गोविंद सिंह ठाकुर, निधि सिंह, झावे राम ठाकुर, कृष्ण लाल, किशोरी लाल, सुरेंद्र कुमार, अनु, निरमा, दीपा देवी, राजेश शर्मा और अन्य ने बताया कि दुकानों में पानी घुसने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।


भारी बारिश से हुआ जलभराव।

व्यापार मंडल के अध्यक्ष झावे राम ठाकुर ने प्रशासन से मांग की है कि सैंज बस स्टैंड और बाजार में नुकसान उठाने वाले मकान मालिकों व दुकानदारों को उचित मुआवजा प्रदान किया जाए ताकि वे सरकार की मदद प्राप्त कर सकें। लगातार हो रही भारी बारिश से सैंज क्षेत्र का जीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। भूस्खलन और जलभराव के कारण दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ है। आसपास के दुकानदारों ने मिलकर बस स्टैंड के प्रभावित दुकानदारों की मदद कर थोड़ी राहत प्रदान की है।

**दुकानों में पानी में घुसने से लाखों का नुकसान**

उल्लेखनीय है कि सैंज बस स्टैंड की सड़क भूस्खलन और बंद निकासी नालियों के कारण तालाब में तब्दील हो गई है, जिससे आवागमन भी प्रभावित हुआ है।

## केलांग में 2709 पेंशनधारकों का सत्यापन शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग (केलांग), लाहौल एवं स्पीति ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत लाभार्थियों का ऑनलाइन सत्यापन एवं पंजीकरण कार्य शुरू कर दिया गया है। यह प्रक्रिया राज्य सरकार के आदेशानुसार ई-कोषीय मोबाइल ऐप के माध्यम से की जा रही है। उन्होंने कहा कि खंड केलांग में वर्तमान में कुल 2709 पेंशनधारक इस योजना के लाभार्थी हैं, जिनका पंजीकरण और सत्यापन अनिवार्य है। यह कार्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सौंपा गया है, जिन्हें प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा चुका है, ताकि वे आधार आधारित सत्यापन सुचारू रूप से कर सकें। प्रत्येक लाभार्थी के लिए आधार कार्ड व आधार से लिंक मोबाइल नंबर प्रस्तुत करना आवश्यक है, क्योंकि मोबाइल नंबर पर ओटीपी सत्यापन किया जाएगा। सभी पात्र पेंशनधारियों से आग्रह है कि वे अपने निकटतम आंगनबाड़ी केंद्र पर जाकर जल्द से जल्द अपना पंजीकरण एवं सत्यापन कराएं, ताकि उन्हें योजना का लाभ निरंतर मिलता रहे।

# पलाहच, चेहनी व बलागाड़ में भारी बारिश से तबाही, गिरने की कगार पर मकान

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बंजार उपमंडल में लगातार हो रही भारी वर्षा ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। बारिश के कारण जहां सड़कों की हालत दयनीय हो गई है। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि कटाव से कई पैदल रास्ते और घर खतरे की जद में आ गए हैं। ग्राम पंचायत पलाहच के अंतर्गत पलाहच से दांदी नाला तक जाने वाला सार्वजनिक पैदल रास्ता पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। ग्रामीणों रमेश, हैप्पी, नागेंद्र, सोनू आदि ने बताया कि इस रास्ते का उपयोग दांदी, कलयूनी, शरेधार, ज्वाली, पोखरी आदि गांवों के लगभग 80 परिवार करते हैं।

पंचायत द्वारा जुलाई में इस मार्ग की मरम्मत के लिए धन प्रावधान का प्रस्ताव पारित किया जा चुका है। ग्राम पंचायत चेहनी कोठी के फोजा गांव में हीरा सिंह और तेजस्वी राम पुत्र जीत सिंह का 15 कमरों का ढाई मंजिला मकान भी खतरे की जद में है। मकान के आगे की जमीन का डंगा गिर गया है, जिससे परिवार को मकान का अगला हिस्सा खाली करना पड़ा है। वहीं, ग्राम पंचायत बलागाड़ के बरड़ा गांव में चमन लाल पुत्र शेष राम के मकान के नीचे से डंगा गिर जाने से मकान को भी खतरा उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पैदल रास्तों की मरम्मत और मकानों को बचाने के लिए शीघ्र राहत राशि का प्रावधान करने की मांग की है। बीडीओ बंजार मान सिंह बग्गा ने कहा कि पंचायत प्रधानों को नुकसान की रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।



**भूमि कटाव से ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ीं, रास्ते और घरों को खतरा**

## कुल्लू जिले में बारिश का तांडव जारी, जनजीवन अस्त-व्यस्त

# कई गांव अंधेरे में डूबे, सड़कें बाधित पेयजल व सिंचाई योजनाएं भी प्रभावित

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू।** कुल्लू जिले में बारिश का तांडव जारी है। इस कारण लोगों को जहां भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है वहीं, भूस्खलन के कारण सड़कें व पुल टूटने के कारण उनके उत्पाद भी सब्जी मंडियों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त है। बारिश के कारण जिला की लग वैली, कोली बेहड़, मनीकरण और खराहल क्षेत्र में कुल 81 ट्रांसफार्मर प्रभावित हुए हैं। बंजार और सैंज में बिजली आपूर्ति बहाल करने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। थलोट में भूस्खलन के कारण बिजली लाइन को फिर नुकसान होने के कारण आपूर्ति बाधित हुई है, जिसे विभाग जल्द दुरुस्त करने के लिए प्रयासरत है। जिला में पेयजल योजनाओं को भी भारी नुकसान पहुंचा है। कुल्लू क्षेत्र की 39, लारजी की 9 और आनी क्षेत्र की 19 पेयजल योजनाएं ध्वस्त हुई हैं। एनएच-3 को यातायात के लिए बहाल कर दिया गया है, जबकि एनएच-305 कई स्थानों पर भूस्खलन के कारण अवरुद्ध है और इसे खोलने का क्रम जारी है। वहीं, रोपा के पास मार्ग अवरुद्ध होने से 100 के करीब गाड़ियां फंसी हुई हैं। इन्हें निकालने का प्रयास किया जा रहा है तथा जिला प्रशासन की ओर से यात्रियों के खाने-पीने की व्यवस्था भी कर दी गई है। वर्तमान में बंजार उपमंडल में 34, निरमंड में 37, कुल्लू में 30 और आनी में 3 सम्पर्क सड़कें बंद हैं, जिन्हें खोलने का कार्य लगातार जारी है।वही, उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने लोगों से आग्रह किया है कि वे सतर्क रहें, प्रशासन का सहयोग करें और सुरक्षित स्थानों पर रहें।



**सभी शिक्षण संस्थान रहे बंद**

**जिला** कुल्लू में भारी बारिश का दौर लगातार जारी है। ऐसे में कई इलाकों में निगम की बसें भी नहीं चल पा रही हैं और सड़कें बंद होने से भी वाहनों के लिए बंद पड़ी हुई हैं। मंगलवार को जिला कुल्लू के सभी शिक्षण संस्थान बंद रहे।

**अभी तक 8 पक्के और 2 कच्चे मकान पूरी तरह ध्वस्त**

**इस** मानसून सीजन के दौरान अब तक जिला में 8 पक्के और 2 कच्चे मकान पूरी तरह ध्वस्त हुए हैं, जबकि 14 पक्के और 17 कच्चे मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं।

## मयाड़ घाटी में बाढ़ से तबाही, पूर्व विधायक रवि ने उठाई आवाज

**अनंत ज्ञान, केलांग।** पूर्व विधायक और भाजपा नेता रवि ठाकुर ने मयाड़ घाटी में हाल ही में आई बाढ़ के बाद स्थिति की निंदा करते हुए कहा कि हालात दिन-ब-दिन और खराब होते जा रहे हैं। घाटी के करपट, चंगुट, उडगोस, छालिंग, शुकटो और खंजर गांवों में सैकड़ों परिवार बाढ़ की तबाही के बाद अपने घर छोड़कर टेंट में रहने को मजबूर हैं। बच्चों की पढ़ाई भी बाढ़ और सुविधाओं के अभाव से प्रभावित हो रही है। रवि ने प्रदेश सरकार पर घाटी की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि हालात सुधारने के बजाय बद से बदतर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि पुल टूट गए हैं, सड़कों की हालत खराब है और किसानों की नकदी फसलें खेतों में सड़ रही हैं। इसके बावजूद स्थानीय प्रशासन ने प्रभावितों को कोई त्वरित राहत नहीं दी। पूर्व विधायक ने केंद्र सरकार से जनजातीय क्षेत्रों के लिए मिले धन का सही उपयोग सुनिश्चित करने और प्रभावितों को तत्काल राहत प्रदान करने की मांग की। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाया जाएगा।

# 1 लाख 715 बच्चों को खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

**जिला** कुल्लू में 21 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। इस संबंध में मंगलवार को उपायुक्त तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी सदस्य उपस्थित रहे और कार्यक्रम की सफलता के लिए सुझाव दिए। डीसी ने बताया कि 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को कृमि नियंत्रण दवा अल्बेंडाजोल निशुल्क दी जाएगी, जिससे एनीमिया में कमी और पोषण सुधार होगा। कुल्लू जिले के 1105 सरकारी, 182 निजी विद्यालयों और 1095 आंगनबाड़ी केंद्रों में 1 से 19 वर्ष के कुल 1,00,715 बच्चों को यह दवा दी जाएगी। इसमें 1 से 5 वर्ष के 23,677 बच्चे, 6 से 19 वर्ष के सरकारी स्कूलों के 44,064 विद्यार्थी, निजी स्कूलों के 31,693 विद्यार्थी, 6 से 9 वर्ष के 79 आउट-ऑफ-स्कूल बच्चे, और 10 से 19 वर्ष के 1,202 स्कूल बच्चे शामिल हैं। डीसी ने कहा कि अभियान में कोई बच्चा छूटना नहीं चाहिए और लक्ष्य को पूरा किया जाना आवश्यक है। दवा वितरण के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा वर्कर्स और अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने दवा के सुरक्षित सेवन के लिए सभी मानकों का पालन करने और दवा चबाकर खाने की सलाह दी। सभी विभागों को कार्यक्रम की सफलता के लिए सहयोग करने के निर्देश दिए गए। बैठक में स्वास्थ्य अधीक्षक डॉ. तारा चंद, डॉ. घनश्याम, उपनिदेशक उच्च शिक्षा देश राज, आईसीडीएस के गजेंद्र कुमार सहित अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

**कल 1287 विद्यालयों व 1095 आंगनबाड़ी केंद्रों में दी जाएगी दवा: तोरुल**

## लगवैली और भूतनाथ पुल का किया दौरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

**जिला** कुल्लू में बीती रात भारी बारिश और बादल फटने से लग वैली और भूतनाथ पुल के समीप भारी नुकसान हुआ है। डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने मंगलवार को भूतनाथ पुल और लग वैली का दौरा कर बादल फटने एवं भारी वर्षा से हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर लोक निर्माण विभाग और पुलिस को लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुल पर आवाजाही बंद करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोगों से भी इस पुल का उपयोग न करने की अपील की।

डीसी ने कहा कि वे मौसम विभाग और जिला प्रशासन द्वारा जारी अलर्ट का पालन करें तथा अनावश्यक यात्राओं से बचें। लगातार वर्षा के कारण नदी-नालों का जलस्तर बढ़ रहा है, इसलिए लोग इन स्थानों के नजदीक न जाएं। उन्होंने बताया कि सोमवार रात करीब ढाई बजे लग वैली में बादल फटने से सरबरी नाले में अचानक भारी मात्रा में पानी आया, जिससे भूतनाथ पुल की सड़क को भारी क्षति पहुंची है। एहतियातन लोक निर्माण विभाग और पुलिस को सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही बंद करने के निर्देश जारी किए गए हैं। लोगों से भी इस पुल का उपयोग न करने की अपील की गई है। इसके अलावा हनुमानी बाग में इसी खड्ड पर बना पैदल पुल भी बह गया है। डीसी ने जानकारी दी कि बीती रात लग वैली में बादल फटने और भारी वर्षा के कारण कई सड़कें, पुल और लोगों की निजी संपत्ति प्रभावित हुई हैं। रोपडी-भुट्टी का पुल और सुम्मा का शमशान घाट बह गया है। साथ ही, इस वैली की पंचायतों को जोड़ने वाली कुछ सड़कों को भी भारी नुकसान हुआ है, जिससे वे बाधित हैं। लोक निर्माण विभाग को सभी सड़कों को शीघ्र खोलने के निर्देश दिए गए हैं।



# बंजार में कटे हुए गो-बछड़े का सिर मिलने से फैली सनसनी

**अनंत ज्ञान, बंजार**

**जिला** कुल्लू के उपमंडल बंजार में सड़क किनारे एक गौ के बछड़े का कटा हुआ सिर मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। सोशल मीडिया पर इसकी फोटो खूब वायरल हो रही है, जिसमें गो माता के बछड़े या बछड़ी का कटा हुआ सिर दिखाया जा रहा है। वायरल पोस्ट के अनुसार यह मामला बंजार उपमंडल की शिकारीघाट पंचायत के अंतर्गत शील गांव का है। पुलिस को सूचना मिलते ही बछड़े के सिर को कब्जे में लेकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

साथ ही बछड़े के कटे हुए सिर को पोस्टमार्टम व फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि बछड़ा पहले ही मृत था और उसके मालिक ने उसे दबा दिया था। बाद में जंगली जानवरों या आवारा कुत्तों ने उसे मिट्टी से बाहर निकाला हो सकता है। हालांकि, मामले की पूरी जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही अंतिम जानकारी मिलेगी। क्षेत्र के स्थानीय लोग इस घटना को लेकर गुस्से में हैं। उनका कहना है कि अगर यह मामला सच साबित होता है, तो यह किसी विधर्मी तत्व की गलत हरकत है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और पुलिस से मांग की है कि इस वायरल पोस्ट की तुरंत जांच करें और दोषियों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई करें। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि ऐसी घटनाएं समाज में तनाव और अशांति फैला सकती हैं, इसलिए पुलिस को इसे गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कदम उठाने चाहिए। उधर, देवभूमि जागरण मंच के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को एसपी कुल्लू से मुलाकात कर मामले की गंभीरता से जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

**सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा सड़क पर पड़ा कटे हुए बछड़े का सिर**

**पुलिस ने कब्जे में लेकर मामला दर्ज किया, पोस्टमार्टम व फोरेंसिक जांच के लिए भेजा**

# सेब सीजन में सड़क जाम की मुसीबत

## पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर से मिले किसान-बागवान, उठाई समस्याएं

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

मंगलवार को पतलीकूहल सब्जी मंडी में उझी घाटी के किसानों और बागवानों ने अपनी समस्याओं को लेकर पूर्व मंत्री एवं भाजपा उपाध्यक्ष गोविंद सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में किसानों ने विशेष रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगातार हो रहे भूस्खलन और सुस्त कार्यप्रणाली के कारण सेब और सब्जियों की समय पर ढुलाई न हो पाने पर चिंता जाहिर की। किसानों का कहना था कि फसल मंडियों तक समय पर नहीं पहुंच पाने के कारण उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। कई बार उन्हें फसल फेंकनी पड़ती है।

पहले भी सड़कों पर रुकावटें आती थीं, लेकिन तत्काल राहत मिल जाती थी, परंतु इस बार हालात काफी खराब हैं। किसानों ने बताया कि कुल्लू और लाहौल की नकदी फसलें जाम और रास्ते बंद होने के कारण सही दाम पर नहीं बिक पा रहीं। इससे उनकी आर्थिक स्थिति पर बुरा असर पड़ा है। साल भर की मेहनत के बावजूद उचित मूल्य न मिलने से वे आर्थिक संकट में हैं। पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ने कहा कि हिमाचल की अर्थव्यवस्था में सेब उत्पादकों की अहम भूमिका है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश की लगभग 6000 करोड़ रुपए की सेब अर्थव्यवस्था में शिमला जिले का योगदान 70 फीसदी है, जबकि कुल्लू ज़िले से 1200 से 1500 करोड़ का हिस्सा आता है। उन्होंने राज्य सरकार की निष्क्रियता पर चिंता जताई। किसानों और बागवानों ने गोविंद के माध्यम से राज्य और केंद्र सरकार को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें प्रमुख मांगें यह रहीं बजौरा से कांडी कटोला तक की सड़क को तुरंत दुरुस्त किया जाए। हनोगी माता से होकर जाने वाली वैकल्पिक सड़क को शीघ्र चालू किया जाए। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए।

**ट्रैफिक जाम व कलेक्शन सेंटर चिंता का कारण**

**गोविंद** सिंह ने कहा कि मंडी से कुल्लू तक जगह-जगह भूस्खलन हो रहा है। इससे ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस बल की कमी के कारण फल और सब्जी से लदे ट्रकों को 3-4 दिन जाम में फंसे रहना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कुल्लू घाटी में सेब की बंपर पैदावार हुई है, लेकिन सरकार की ओर से अब तक एक भी एचपीएमसी या हिमफेड कलेक्शन सेंटर शुरू नहीं किया गया है, जबकि पिछले वर्षों में कम गुणवत्ता वाले सेब की खरीद के लिए लगभग 20 कलेक्शन सेंटर खोले जाते थे।

**बड़े नेताओं से हस्तक्षेप की अपील**

**गोविंद** सिंह ठाकुर ने कहा कि वह इस विषय को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल के समक्ष उठाएंगे। उन्होंने सरकार पर ग्रामीण संपर्क मार्गों की अनदेखी का भी आरोप लगाया और कहा कि इससे किसानों और बागवानों की समस्याएं और बढ़ गई हैं।

# हमारी संस्कृति के आदान-प्रदान में मेलों की अहम भूमिकाः उपायुक्त


राज्य स्तरीय लादरचा मेले के शुभारंभ मौके पर मुख्यातिथि उपायुक्त लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना और अन्य।

**अनंत ज्ञान, काजा**

**जिला** लाहौल व स्पीति के प्रसिद्ध व पारंपरिक तीन दिवसीय राज्य स्तरीय लादरचा मेले का शुभारंभ आज काजा गोंपा से शोभायात्रा निकालकर किया गया। इस शोभायात्रा में उपायुक्त लाहौल एवं स्पीति किरण भड़ाना मुख्यातिथि रही। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुनों के साथ निकाली गई शोभायात्रा में स्थानीय गोंपाओं के लामागण, चोमोगण, महिला मंडल, जेएनवी लरी के छात्र सहित सैकड़ों लोग पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। किरण भड़ाना ने मेले का विधिवत शुभारंभ भगवान बुद्ध के चरणों में दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि मेले और उत्सव हमारी समृद्ध संस्कृति के प्रतीक हैं और संस्कृति के आदान-प्रदान में मेलों की अहम भूमिका होती है। लादरचा मेला प्रदेश के प्राचीन मेलों में से एक है, जिसका इतिहास व्यापारिक मेले से शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि मेलों से लोगों को एक-दूसरे से मिलने का अवसर मिलता है, साथ ही व्यापार को बढ़ावा मिलता है और युवाओं को अपनी संस्कृति जानने का मौका भी मिलता है। मेले के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम संस्कृति के संरक्षण के साथ-साथ मनोरंजन का भी माध्यम हैं। डीसी ने मेला समिति और विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित प्रदर्शनियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की। इस अवसर पर मेले के अध्यक्ष एवं कार्यकारी एडीसी काजा शिखा सिमटिया ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और उन्हें सम्मानित किया। जिला यूथ अध्यक्ष, ग्राम पंचायत के सदस्य, पुलिस अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बनाए रखने के लिए क्लब करेगा सक्रिय प्रयास



राजकीय महाविद्यालय आनी के सिडार इको क्लब की नई कार्यकारिणी।

**अनंत ज्ञान, आनी**

राजकीय महाविद्यालय आनी, हरिपुर के सिडार ईको क्लब ने सत्र 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया है। इस कार्यकारिणी का मुख्य उद्देश्य नए सत्र में महाविद्यालय में विभिन्न पर्यावरणीय गतिविधियों का आयोजन करना व परिसर में हरियाली बनाए रखना है। चयनित पदाधिकारियों में उपप्रधान के रूप में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा सुनिधि चौहान, महासचिव बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा दामिनी शर्मा, संयुक्त सचिव ऋषिका पॉल, कोषाध्यक्ष एशली तथा मीडिया प्रभारी के पद पर चांद किशोर और छआल सिंह शामिल हैं। क्लब की मुख्य सलाहकार प्रो. पुष्पा गुलेरिया, सलाहकार प्रो. राधिका नेगी तथा पैट्रन के रूप में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह होंगे। बैठक में ईको क्लब के सभी सदस्य उपस्थित थे। प्रो. पुष्पा गुलेरिया ने बताया कि क्लब परिसर में हरियाली बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा।

**आनी कॉलेज के सिडार ईको क्लब की नई कार्यकारिणी गठित**

**परेशानी** | मौसम की मार से कुल्लू के बागवानों को नहीं मिल रही राहत: प्रेम शर्मा

# सड़क बंद होने से मंडियों तक नहीं पहुंच रहा सेब

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल।** कुल्लू फलोत्पादक मंडल और पतलीकूहल व बंदरोल की सब्जी मंडी के पदाधिकारियों ने एक संयुक्त बैठक की। इस बैठक में बागवानों के हितों की रक्षा और मौजूदा खराब मौसम की स्थिति पर चर्चा हुई। बारिश और भूस्खलन के कारण नेशनल हाईवे पर यातायात बाधित हो रहा है। फलों से लदे ट्रकों को प्राथमिकता देने की मांग की गई है, ताकि बागवानों को हो रहे नुकसान को कम किया जा सके।

कुल्लू फलोत्पादक मंडल के अध्यक्ष प्रेम शर्मा ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि फल और सब्जियों से भरे ट्रकों को जल्द से जल्द सड़क पर निकाला जाए। खासकर दुआड़ा और पंडोह के बीच नेशनल हाईवे पर जहां बार-बार सड़क बंद हो रही है, वहां इन वाहनों को प्राथमिकता दी जाए। देरी से फलों का खराब होना और बागवानों का भारी नुकसान होना निश्चित है। मौसम की स्थिति को देखते हुए आढ़ती एसोसिएशन के साथ मिलकर यह निर्णय लिया गया है कि आवश्यकता पड़ने पर पतलीकूहल और बंदरोल की सब्जी मंडियां बंद की जा सकती हैं। प्रेम शर्मा ने बताया कि यदि ऐसा हुआ तो बागवानों को समय रहते सूचित किया जाएगा, ताकि वे अपनी तैयारी कर सकें। आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष कुंज लाल ठाकुर ने बताया कि बुधवार को पतलीकूहल सब्जी मंडी बंद रहेगी। बंदरोल सब्जी मंडी के अध्यक्ष नारायण सिंह ठाकुर ने कहा कि अगर मौसम की स्थिति इसी तरह बनी रही तो वीरवार को बंदरोल मंडी भी बंद रहेगी, जिसकी जानकारी बागवानों को दी जाएगी।

प्रेम शर्मा ने बागवानों से विशेष अपील की है कि वे कच्चा सेब न तोड़ें। उन्होंने बताया कि कच्चा सेब बाजार में लाने से उसकी गुणवत्ता खराब होती है, जिससे अंततः सभी बागवानों को मिलने वाले दाम पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। प्रेम शर्मा ने यह भी बताया कि बागवानों की समस्याओं को लेकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को एक मांग पत्र लिखा गया है, जिसमें परिवहन व अन्य संबंधित मुद्दों पर विशेष ध्यान देने का अनुरोध किया गया है।


प्रेसवार्ता के दौरान कुल्लू फलोत्पादक मंडल के पदाधिकारी।

**प्रशासन को दी चेतावनी फलों के ट्रकों को प्राथमिकता देने की मांग**

# निरमंड सिविल अस्पताल में डॉक्टरों की भारी कमी, स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** आनी विधानसभा क्षेत्र के निरमंड उपमंडल का सिविल अस्पताल गंभीर संकट से गुजर रहा है। यहां ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) का पद लंबे समय से खाली पड़ा है। मेडिकल ऑफिसर के कुल आठ स्वीकृत पदों में से सात रिक्त हैं, जिससे केवल एक महिला डॉक्टर पर ओपीडी, आईपीडी, एमएलसी, पोस्टमार्टम समेत सभी जिम्मेदारियां आ गई हैं।

अस्पताल की ओपीडी में रोजाना 200 से 230 मरीज आते हैं, जबकि आईपीडी में 110-120 मरीज भर्ती रहते हैं। डॉक्टरों की कमी के कारण छोटी बीमारियों के लिए भी मरीजों को 15 किलोमीटर दूर रामपुर के खनेरी जोनल अस्पताल जाना पड़ता है, जो पहले से ही आसपास के कई इलाकों के मरीजों से भरा रहता है। इसके अलावा डेंटल मेडिकल ऑफिसर का पद कई वर्षों से खाली है। स्टाफ नर्स के पांच पदों में से तीन और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पांच में से तीन पद रिक्त होने से काम का बोझ बढ़ गया है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। सीएमओ कुल्लू डॉ. नागराज ने बताया कि यह समस्या सरकार के संज्ञान में है। फिलहाल, निरमंड स्वास्थ्य खंड के विभिन्न संस्थानों के डॉक्टरों को प्रतिनियुक्ति पर यहां सेवाएं देने के निर्देश दिए गए हैं। निरमंड के हजारों निवासियों के लिए यह स्थिति चिंताजनक बनी हुई है, जिन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की सख्त जरूरत है।




**बीएमओ सहित सात पद रिक्त, केवल एक महिला डॉक्टर पर भारी जिम्मेदारी**

## न्यूज ब्रीफ

### परवाणू व ठेरा में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** 20 अगस्त को बिजली उपमंडल दाड़लाघाट के अंतर्गत नवगांव अनुभाग के परवाणू, ठेरा, चायखड़, बुघार, चमरोल, पलोदन, असनू व आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता ई.विमल अत्रि के अनुसार, 11 केवी नवगांव फीडर पर आवश्यक रखरखाव एवं मरम्मत कार्य के चलते सुबह 9 से शाम 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है तथा बताया कि कार्य मौसम की स्थिति पर निर्भर करेगा।

### नाहन में युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन के कच्चा टैंक क्षेत्र में एक 29 वर्षीय युवक ने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि वह लंबे समय से डिप्रेशन की समस्या से जूझ रहा था और इसी कारण उसने यह खौफनाक कदम उठाया। पुलिस के अनुसार रविवार रात करीब 9:45 बजे सूचना मिली कि शुभम कुमार नामक युवक ने अपने घर में आत्महत्या कर ली है। परिजन उसे तुरंत नाहन अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जांच में सामने आया है कि मृतक शुभम कुमार पुत्र दमन चंद लंबे समय से डिप्रेशन का शिकार था। उसका इलाज चंडीगढ़ के पीजीआई में भी चल रहा था। पुलिस निरीक्षण में गले और ठोड़ी पर फंदे के निशान पाए गए हैं। परिवार ने बताया कि उन्हें शुभम की मौत पर कोई संदेह नहीं है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। मामले की पुष्टि डीएसपी हेडक्वार्टर ने की और पुलिस ने धारा 194 बीएनएसएस के तहत जांच शुरू कर दी है।

### पुल निर्माण के लिए 3.50 करोड़ स्वीकृत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने सिरमौर जिले के पच्छाद क्षेत्र में सड़क संपर्क को बेहतर बनाने के लिए गिरि नदी पर पुल निर्माण हेतु 3.50 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि स्वीकृत की है। यह पुल चब्योग (पच्छाद) और सलामू (राजगढ़) के बीच बनेगा, जिससे करगाणु, राजगढ़, टिक्कर, पबियाना, ढाबली, वासनी और ढाड़ो देवरिया जैसी ग्राम पंचायतों को सीधा लाभ मिलेगा। पुल निर्माण से ग्रामीणों को निर्बाध और सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी, जिससे न केवल जनजीवन में सुधार आएगा बल्कि क्षेत्रीय विकास को भी गति मिलेगी। यह निर्णय मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के निर्देशों पर लिया गया है। लोक निर्माण विभाग के अनुसार, सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण इलाकों को मजबूत सड़क नेटवर्क से जोड़ना है, क्योंकि सड़कें और पुल किसी भी क्षेत्र की प्रगति की रीढ़ होते हैं। यह परियोजना सरकार की विकासशील सोच को दर्शाती है।

### आंगनबाड़ी में नौकरी के लिए करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** बाल विकास परियोजना नाहन के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र नाहन में एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी केंद्र बिरला में एक आंगनबाड़ी सहायिका का पद भरा जाएगा। इसके लिए पात्र महिला उम्मीदवार 8 सितंबर 2025 तक बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय नाहन में अपना आवेदन जमा करवा सकती हैं। साक्षात्कार 11 अगस्त को सुबह 10:30 बजे आयोजित किए जाएंगे। बाल विकास परियोजना अधिकारी इशाक मोहम्मद ने बताया कि उम्मीदवार की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10+2 होनी चाहिए, जबकि उच्च शिक्षा प्राप्त करने वालों को अतिरिक्त अंक मिलेंगे। आयु सीमा 18 से 35 वर्ष तक निर्धारित है। परिवार की वार्षिक आय 50,000 रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदक को हिमाचल प्रदेश का स्थायी निवासी और संबंधित आंगनबाड़ी पोषक क्षेत्र की सामान्य निवासी होना जरूरी है। साथ ही उसका नाम संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र के सर्वेक्षण रजिस्टर में दर्ज होना चाहिए। इसका प्रमाण आवेदन के साथ प्रस्तुत करना होगा।

### नगर पंचायत संगड़ाह बनने पर मांगे सुझाव

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना के अनुसार संगड़ाह क्षेत्र को बेहतर विकास और सुव्यवस्थित व्यवस्था के लिए नगर पंचायत संगड़ाह के रूप में घोषित करने का प्रस्ताव है। इसके तहत संबंधित क्षेत्र की आम जनता एवं हितधारकों से आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रस्ताव से संबंधित आपत्तियां या सुझाव 21 अगस्त तक लिखित रूप में उपायुक्त कार्यालय, संबंधित उपमंडल अधिकारी या खंड विकास कार्यालय में जमा करवाए जा सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि यह स्थानीय नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिसमें वे प्रशासनिक परिवर्तन पर अपनी राय दे सकते हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित समय सीमा से पूर्व अपनी आपत्तियां एवं सुझाव अवश्य प्रस्तुत करें।

### डीसी ने नशा मुक्त जीवन की प्रेरणा दी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन में मंगलवार को स्थापना दिवस समारोह का आगाज हुआ। मुख्यातिथि डीसी मनमोहन शर्मा ने कार्यक्रम में भाग लिया। चित्रकला विभाग की प्रदर्शनी का उन्होंने अवलोकन किया और सराहना की। संगीत विभाग द्वारा पहाड़ी नाटी, गीत और राजस्थानी लोक संगीत की प्रस्तुतियां हुईं, जिनसे कार्यक्रम रंगीन बना। प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने महाविद्यालय के इतिहास और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में आज लगभग 3500 छात्र विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत हैं। मुख्यातिथि ने छात्रों को नशे से दूर रहने और जागरूकता बढ़ाने की प्रेरणा दी। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्रशासन और एलुमनाई एसोसिएशन के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम में शिक्षक, गैर-शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### उमेश बने दाड़लाघाट जिला परिषद वार्ड अध्यक्ष




**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा अर्की मंडल की बैठक शिव मंदिर दाड़लाघाट में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष गंगा राम ने की। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई, जिसमें मोर्चा को जिला परिषद, वार्ड और पंचायत स्तर पर मजबूत करने पर विशेष बल दिया गया। मंडल अध्यक्ष गंगा राम ने जिला परिषद वार्ड दाड़लाघाट से उमेश कुमार को वार्ड अध्यक्ष के लिए प्रस्तावित किया, जिसे सभी सदस्यों ने समर्थन दिया और दाड़लाघाट जिला परिषद वार्ड अध्यक्ष के रूप में मनोनीत करने की अनुशंसा प्रदेश प्रधान सचिव को भेजी गई। गंगा राम ने बताया कि अर्की विधानसभा क्षेत्र के सभी जिला परिषद वार्डों और पंचायतों में कमेटियां गठित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि मोर्चा गरीब तबके की सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। इस बैठक में मुख्य रूप से सीडी बंसल (प्रदेश संगठन सचिव), ओम भाटिया (प्रदेश संगठन संयुक्त सचिव), पीएन बंसल (जिला सोलन मुख्य संरक्षक), गंगा राम (अर्की मंडल अध्यक्ष), राकेश चौहान, कमल कुमार (मंडल उपाध्यक्ष), बद्री दास (मुख्य सलाहकार), परस राम (उप सलाहकार), करम चंद चंदेल (कोषाध्यक्ष), दिनेश कुमार, संत राम पंवर, कमलजीत सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### हरियाली रोपकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, नाहन।** डॉ. वाई.एस. परमार राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन में वनस्पति विज्ञान विभाग और परिसर सौंदर्यीकरण एवं स्वच्छता समिति के संयुक्त तत्वावधान में एक पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विभव कुमार शुक्ला द्वारा एक गुलाब का पौधा रोपित कर किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के मुख्य प्रवेश द्वार के खुले प्रांगण में गुलाब, ऐलोवेरा और सदाबहार के पौधे लगाए गए। अभियान में लगभग 50 स्टूडेंट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने न केवल पौधारोपण किया, बल्कि परिसर में उगी खरपतवारों को भी हटाया, जिससे महाविद्यालय परिसर और अधिक स्वच्छ, हरित एवं आकर्षक बन सका। प्राचार्य डॉ. विभव कुमार शुक्ला ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करती हैं, बल्कि छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी और सकारात्मक सोच का भी विकास करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागी छात्रों और आयोजन समिति को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

# सोलन में बरसात से पीडब्ल्यूडी को अब तक 54 करोड़ 36 लाख का नुकसान

## बारिश का दौर जारी, बार-बार अवरुद्ध हो रहे सड़क मार्ग, लोग परेशान

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो



> पिछले दो दिनों की बारिश के कारण जिला में 22 मार्ग अवरुद्ध हुए थे, जिनमें से 19 को बहाल कर दिया गया है, अब तक विभाग को 54 करोड़ से अधिक का नुकसान हो चुका है। विभाग सड़क मार्गों की बहाली को लेकर लगातार कार्य कर रहा है।
> -ई. अजय शर्मा, अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग सोलन।

**सोलन।** प्रदेश में पिछले लगभग तीन महीने से जारी बरसात से जिला सोलन को खासा नुकसान हुआ है। बारिश के कारण सबसे अधिक नुकसान लोक निर्माण विभाग को हुआ है। जिले के चारों मंडलों में अब तक कुल 54 करोड़ 36 लाख रुपए का नुकसान हो चुका है। इनमें सबसे अधिक 18 करोड़ 83 लाख 91 हजार रुपए का नुकसान अर्की मंडल को हुआ है। वहीं, नालागढ़ मंडल को भी भारी नुकसान हुआ है, जिसमें नालागढ़ में 11 करोड़ 50 लाख 40 हजार और अर्की में 11 करोड़ 67 लाख 17 हजार रुपए का नुकसान दर्ज किया गया है। इसके अतिरिक्त सोलन मंडल में 2 करोड़ 8 लाख 80 हजार का नुकसान हुआ है। बारिश का दौर जारी रहने से जिला मुख्यालय को जोड़ने वाले सड़क मार्ग बार-बार अवरुद्ध हो रहे हैं, पर विभागीय कर्मचारी मरम्मत में लगे हुए हैं। जिलाभर में सोमवार रातभर और मंगलवार सुबह हुई बारिश से जनजीवन एक बार फिर अस्त-व्यस्त हो गया। इस लगातार हुई बारिश के कारण जिले के 22 मार्ग अवरुद्ध हुए, वहीं आधा दर्जन रूट प्रभावित हुए हैं। लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी दिनभर इन अवरुद्ध मार्गों को बहाल करने के लिए जुटे रहे। इसके अतिरिक्त पेयजल योजनाओं और बिजली बोर्ड को भी भारी नुकसान पहुंचा है। केवल एक दिन की इस बारिश से अकेले 2 करोड़ 73 लाख रुपए का नुकसान हुआ है, जबकि इस बरसात में कुल नुकसान का आंकड़ा 44 करोड़ के पार पहुंच चुका है। जिला भर में पिछले दो दिनों से बारिश दिनभर चलती रही, वहीं रात में भी रुक-रुक कर बरसात होती रही। मंगलवार सुबह भी बारिश जारी थी और दोपहर करीब 11 बजे के बाद ही रुकावट आई। बारिश के कारण जिले में 22 मार्ग अवरुद्ध हुए, जिनमें सबसे अधिक 7 मार्ग नालागढ़ मंडल में, सोलन व कसौली मंडल में 6-6 मार्ग और अर्की मंडल में 3 मार्ग अवरुद्ध हुए। लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी दिनभर इन मार्गों को खोलने के लिए मेहनत करते रहे और कड़ी मेहनत के बाद जिले के विभिन्न मंडलों में 19 मार्गों को बहाल कर दिया गया। अभी भी 3 मार्ग अवरुद्ध हैं, जिन्हें खोलने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

## युवा कांग्रेस ने वोट चोरी मामले को लेकर सोलन में किया धरना-प्रदर्शन



सोलन में केंद्र सरकार के खिलाफ रैली निकालते युवा कांग्रेस के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

**युवा** कांग्रेस ने सोलन में मंगलवार को वोट चोरी के आरोप को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ रैली निकाल कर प्रदर्शन किया। यह रैली रेस्ट हाउस से शुरू होकर माल रोड होते हुए उपायुक्त कार्यालय में संपन्न हुई।

इस दौरान उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भी सौंपा गया और लोकतंत्र की हत्या को रोकने का आग्रह किया गया। यह रैली युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष छत्तर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष छत्तर सिंह ने कहा कि देश भर में वोट चोरी की उचित जांच कराई जानी चाहिए, ताकि लोकतंत्र में मताधिकार के दुरुपयोग को रोका जा सके। इस दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ एनएसयूआई और युवा कांग्रेस के सदस्यों ने जमकर नारेबाजी की। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष अमित ठाकुर सहित दर्जनों पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## प्रोटेक टेलिक्स फार्मा फैक्टरी में पहाड़ से आए मलबे ने मचाई तबाही

अनंत ज्ञान, नाहन



**दीवारें टूटी, प्रशासन ने मौके का निरीक्षण कराने के दिए आदेश**

**कालाअंब** औद्योगिक क्षेत्र में स्थित प्रोटेक टेलिक्स फार्मा फैक्टरी भारी मलबे की चपेट में आ गई। इस हादसे में फैक्टरी की दीवारें टूट गईं और लाखों रुपए का पैकेजिंग मैटेरियल बर्बाद हो गया। सुकेती पंचायत के मोगीनाथ पटवार हल्का में स्थित फैक्टरी के पीछे की पहाड़ी दरकने से मलबा सीधे गोदाम की ओर आया। रिटेनिंग वॉल और गोदाम की दीवारें टूट गईं, जबकि पैकेजिंग सामग्री पूरी तरह नष्ट हो गई। प्लांट हेड विजय शर्मा ने बताया कि नुकसान करीब 35 से 40 लाख रुपए तक पहुंच गया है। मलबा गिरने के समय गोदाम के पास कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। हालांकि, पहाड़ से आए पत्थरों और मलबे का दबाव इतना अधिक था कि फैक्टरी के अन्य हिस्सों में भी दरारें आ गईं। मौके पर अभी भी मलबे का रिसाव जारी है। घटना स्थल के आसपास कई अन्य फैक्टरियां भी मौजूद हैं। इस हादसे के बाद उद्योगपतियों में डर व्याप्त है कि आने वाले दिनों में लगातार मलबा गिरने का खतरा बना रहेगा।

एसडीएम नाहन राजीव संख्यान ने कहा कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं मिली थी। उन्होंने संबंधित हल्का पटवारी को मौके का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

## करोड़ों से बनी सड़क की गुणवत्ता पर उठे सवाल, जांच के आदेश

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी एक सड़क की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल हुआ है। मामले को गंभीरता से लेते हुए लोक निर्माण मंत्री ने अभियंता प्रमुख (प्रोजेक्ट्स) को जांच के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की है।

इसमें अधीक्षण अभियंता को अध्यक्ष, कार्यकारी अभियंता और सहायक अभियंता को सदस्य नियुक्त किया गया है। समिति को निर्देश दिए गए हैं कि एक सप्ताह के भीतर सड़क की गुणवत्ता की गहन जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। जांच में सभी जरूरी दस्तावेज और तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। ग्रामीणों का मानना है कि यदि निष्पक्ष जांच हुई, तो निर्माण में हुई खामियां उजागर होंगी और दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई संभव होगी।

## 37739 करोड़ कर्ज लेकर सुक्खू सरकार ने जनता पर थोपा टैक्सः डॉ. राजीव बिंदल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

**भाजपा** प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने सोलन में पत्रकार वार्ता के दौरान सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार ने तीन साल में रिकॉर्ड 37739 करोड़ का कर्ज लिया और अब तक 1 लाख करोड़ से अधिक का कुल कर्ज राज्य पर चढ़ चुका है।

बिंदल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जनता को राहत देने के बजाय टैक्स का बोझ बढ़ाया है। डीजल पर 7.50 रुपए टैक्स, स्टांप ड्यूटी में 600 फीसदी बढ़ोतरी, दफ्तरों की बंदी और ट्रेनी पॉलिसी से युवाओं को नुकसान हुआ है। उन्होंने कांग्रेस की गारंटियों को 10 फुट गहरे गड्ढे में दफन बताया और कहा कि सरकार लॉटरी और शराब के ठेकों पर ज्यादा मेहरबान है।



### भाजपा जिला कार्यसमिति बैठक में भरा जोश

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने सोलन जिला भाजपा कार्यसमिति की बैठक में भाग लिया। बैठक में पूर्व मंत्री एवं प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. राजीव सहजल, जिला अध्यक्ष रतन पाल सिंह, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, डेजी ठाकुर, राकेश कश्यप, गोविंद शर्मा, विकास शर्मा, लखविंदर राणा सहित कई अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। डॉ. बिंदल ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि हिमाचल कांग्रेस का संगठन पिछले एक साल से पूरी तरह भंग है, न बूथ स्तर पर और न प्रदेश में कोई सक्रिय नेता है, जबकि भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता नई टीम के साथ नई ऊर्जा के साथ काम में जुटा हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 17 जिलों में कुल 874 जिला कार्यसमिति सदस्य हैं, जिनमें से 358 महिलाएं और 258 अनुसूचित जाति, जनजाति एवं ओबीसी वर्ग के सदस्य हैं। मंडलों की संख्या पहले 74 थी, जो अब बढ़कर 171 हो गई है, जिनमें कुल 7,587 मंडल कार्यसमिति सदस्य हैं, जिनमें 2,569 महिलाएं, और 3,532 अनुसूचित जाति, जनजाति व ओबीसी वर्ग के सदस्य शामिल हैं।

## नेपाली परिवार को कांग्रेस में शामिल कर भाजपा का बता रहे विनय कुमारः मेला राम

अनंत ज्ञान, नाहन

विधानसभा उपाध्यक्ष एवं रेणुका विधायक विनय कुमार द्वारा अपने क्षेत्र में कुछ नेपाली मूल के लोगों को कांग्रेस में शामिल करने को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। इस मामले पर पूर्व जिला भाजपा प्रवक्ता मेला राम शर्मा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम को हास्यास्पद बताते हुए कहा कि जिन्हें भाजपा कार्यकर्ता बताकर कांग्रेस में शामिल किया गया है, उनका कभी भी भारतीय जनता पार्टी से कोई संबंध नहीं रहा है।



शर्मा ने कहा कि विधायक विनय कुमार की क्षेत्र में हालत इतनी खराब हो चुकी है कि उन्हें अब स्थानीय कार्यकर्ता तक कांग्रेस में शामिल कराने के लिए नहीं मिल रहे हैं। मजबूरीवश वे अब नेपाली मूल के लोगों को भाजपा का बताकर कांग्रेस में शामिल कराने का राजनीतिक ड्रामा कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विनय कुमार आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी हार को लेकर आशंकित हैं और इसी कारण अब गोरखों को भाजपा कार्यकर्ता बताकर कांग्रेस में जोड़ने का नाटक कर रहे हैं। शर्मा ने कहा कि रेणुका की जनता अब विकास चाहती है, जो कांग्रेस शासन में पूरी तरह से ठप हो चुका है। मेला राम शर्मा ने आगे कहा कि रेणुका क्षेत्र में कई सरकारी विभागों में पद खाली पड़े हैं, जिससे विकास की गति थम गई है। सड़कें बदहाल हैं और मरम्मत के लिए कोई धनराशि उपलब्ध नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक को जनता के मुद्दों से कोई सरोकार नहीं है, उन्हें केवल चुनाव जीतने की चिंता है। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में रेणुका की जनता कांग्रेस के झूठे वादों के झांसे में नहीं आएगी और विकास की अनदेखी को लेकर कांग्रेस को करारा जवाब देगी।

## सिरमौर में मानसून से भारी नुकसान, अब तक 87 करोड़ की क्षति : डीसी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले में इस वर्ष मानसून की बारिश ने भारी तबाही मचाई है। जिला उपायुक्त प्रियंका वर्मा ने नाहन में मीडिया से बातचीत में बताया कि अब तक कुल 86.82 करोड़ रुपए का नुकसान दर्ज किया गया है। सबसे अधिक प्रभावित लोक निर्माण विभाग है, जिसे लगभग 49 करोड़ रुपए की क्षति हुई है, जबकि जल शक्ति विभाग को करीब 30 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।



डीसी ने जानकारी दी कि भारी बारिश के कारण जिले में कई सड़कें अवरुद्ध हुई थीं, जिनमें से 29 सड़कें अभी भी यातायात के लिए बंद हैं। इन सड़कों को बहाल करने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। उन्होंने बताया कि नाहन विधानसभा क्षेत्र की मातर पंचायत में भारी वर्षा के कारण कुछ मकानों को नुकसान पहुंचा है, जिस कारण 7 परिवारों के कुल 36 सदस्यों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है। डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन बारिश से हो रहे नुकसान को लेकर गंभीर है और प्रभावितों को राहत पहुंचाने के लिए समय-समय पर रिपोर्ट बनाकर राज्य सरकार को भेजी जा रही है ताकि सहायता राशि जल्द से जल्द उपलब्ध करवाई जा सके।

## दिल्ली स्वतंत्रता दिवस समारोह की विशेष अतिथि बनी कंडाघाट की अंजलि

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान**



**एनएसएस के 50 चुनिंदा सेवकों में अंजलि का चयन**

**पीएम के भाषण के दौरान अंजलि के भावुक पल**

**कंडाघाट।** उपमंडल के बीशा पंचायत के टेहल गांव की अंजलि कश्यप ने दिल्ली में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया और विशेषातिथि के रूप में शामिल हुईं। कंडाघाट कॉलेज में पढ़ने वाली अंजलि कश्यप को इस समारोह के लिए देश के 50 एनएसएस सेवकों में चयनित किया गया था।

नई दिल्ली के लाल किले में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होकर अंजलि ने इसे अपने जीवन का अविस्मरणीय पल बताया। उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को करीब से देखने और उनका भाषण सुनने का अवसर मिला। समारोह का सबसे भावुक पल उनके लिए ध्वजारोहण और हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा था। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर 14 अगस्त को सभी एनएसएस और माय भारत स्वयंसेवकों के लिए दिल्ली भ्रमण का आयोजन भी किया गया। इस उपलब्धि के लिए अंजलि अपने कॉलेज, आरडी चंडीगढ़, जय भगवान, मनसुख लाल मांडविया, भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय और माय भारत पोर्टल को श्रेय देती हैं। उनकी इस सफलता पर क्षेत्र के लोगों, शिक्षकों और कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी प्रशंसा की है।

## बारिश से सिरमौर में मिर्च की फसल बर्बाद, किसान निराश

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान, नाहन

सिरमौर जिले में लगातार हो रही बारिश ने मिर्च की खेती पर गहरा असर डाला है। भारी वर्षा के कारण खेतों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है, जिससे फसलों की जड़ें में कमजोरी आ गई है। इस स्थिति में स्टॉक रॉट नामक बैक्टीरियल रोग ने किसानों की चिंताओं को और बढ़ा दिया है। मिर्च के पौधे सूखने और गलने लगे हैं, जिससे उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।



कृषि विज्ञान केंद्र धौलाकुआं को किसानों की शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसके बाद विशेषज्ञों ने खेतों का दौरा कर स्थिति का आकलन किया। प्रधान कृषि वैज्ञानिक डॉ. पंकज मित्तल ने बताया कि स्टॉक रॉट से प्रभावित मिर्च की फसल को बचाने के लिए 'साफ' दवा का छिड़काव आवश्यक है। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि 1 ग्राम दवा प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें और इसे 10 दिन के अंतराल पर दोहराएं। इसके अलावा, मक्की की फसल को जलभराव से बचाने के लिए खेतों में ट्रेंच (नालियां) बनाकर जल निकासी की उचित व्यवस्था करने की सिफारिश की गई है।

सिरमौर जिले में लगभग 300 हेक्टेयर भूमि पर हरी मिर्च, शिमला मिर्च, मक्का और उड़द जैसी फसलें उगाई जाती हैं। यहां की मिर्च अपने तीखे स्वाद के कारण बाजार में विशेष पहचान रखती है। पिछले वर्ष जिले में 63,080 मीट्रिक टन मिर्च का उत्पादन हुआ था। कृषि उपनिदेशक डॉ. राज कुमार ने पुष्टि की कि यह रोग विशेष रूप से पांवटा साहिब के मैदानी क्षेत्रों में फैल रहा है और इसका मुख्य कारण लगातार बारिश व जलभराव है। प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

## कार्यक्रम सांस्कृतिक संध्या और खेल प्रतियोगिताएं होंगी महोत्सव की मुख्य आकर्षण

# अर्की में 16 सितंबर से राज्यस्तरीय सायर महोत्सव

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने बताया कि अर्की उपमंडल का ऐतिहासिक राज्य स्तरीय सायर महोत्सव इस वर्ष 16, 17 व 18 सितंबर, 2025 को चौगान मैदान में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने आज यहां इस महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में सभी संबंधित विभागों और स्थानीय लोगों के बीच समन्वय के लिए जरूरी पहलुओं पर चर्चा हुई।



सायर मेले को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते विधायक संजय अवस्थी।

**सुरक्षा, सफाई और सुविधाओं के लिए विभागों को दिए निर्देश**

**प्रदर्शनियों में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा**

विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि इस तीन दिवसीय मेले में सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहेंगे, जिनमें प्रदेश व स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने उपमंडलाधिकारी अर्की को निर्देश दिए कि वे मेले के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न उप समितियों का जल्द गठन करें। साथ ही पुलिस विभाग को मेले के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। संजय अवस्थी ने बताया कि युवाओं को नशे से दूर रखने व उनकी प्रतिभा निखारने के उद्देश्य से मेले में विभिन्न खेल-कूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा, सफाई व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, पेयजल व चिकित्सा सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा ताकि सभी नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। परिवहन विभाग को भी निर्देश दिए गए हैं कि मेले के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए रात्रि बस सेवा चलाई जाए, ताकि लोग आराम से मेले में आ-जा सकें। विधायक ने कहा कि मेले में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी, जिनमें प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। बेहतर प्रदर्शनियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त एवं राज्य स्तरीय सायर मेले के अध्यक्ष मनमोहन शर्मा ने की। इस अवसर पर नगर पंचायत अर्की के अध्यक्ष अनुज गुप्ता, बाघल लैंड लूजर सोसायटी के अध्यक्ष जगदीश ठाकुर, पुलिस अधीक्षक सोलन गौरव सिंह, उपमंडलाधिकारी अर्की निशांत तोमर, महाप्रबंधक उद्योग सुरेन्द्र ठाकुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय पाठक, जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता संजीव सोनी, लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता अजय शर्मा समेत कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम सिटी कुरुक्षेत्र सहित तीन जिलों के उपायुक्त बदले

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने सीएम सिटी कुरुक्षेत्र सहित तीन जिलों के उपायुक्तों का तबादला किया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की ओर से मंगलवार की शाम तबादला आदेश जारी किया गया है। मुख्य सचिव की ओर से जारी आदेश के मुताबिक 2017 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी विश्राम कुमार मीणा सीएम सिटी कुरुक्षेत्र के नए उपायुक्त होंगे। कुरुक्षेत्र की उपायुक्त नेहा सिंह के अवकाश पर होने के चलते यहां उपायुक्त का पद खाली था। एचएसवीपी पंचकूला के प्रशासक और अर्बन एस्टेट पंचकूला के अतिरिक्त निदेशक सचिन गुप्ता को रोहतक का उपायुक्त बनाया गया है, जबकि रोहतक के उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह को अभी नई नियुक्ति का इंतजार करना होगा। इसके साथ ही, नगर निगम यमुनानगर आयुक्त अखिल पिलानी को उपायपक्त नूंह और सीईओ मेवात विकास एजेंसी की जिम्मेवारी सौंपी गई है।

### चुनाव नहीं लड़ रहे 15 राजनीतिक दलों पर संकट

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चुनाव आयोग ने हरियाणा में पिछले 10 साल से कोई चुनाव नहीं लड़ रहे गैर मान्यता प्राप्त 15 राजनीतिक दलों को नोटिस जारी करके एक सप्ताह में जवाब मांगा है। इन राजनीतिक दलों के पंजीकरण को रद्द किया जा सकता है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि सुनवाई दो से तीन सितंबर तक चंडीगढ़ स्थित मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में होगी। निर्वाचन आयोग ने सभी दलों को सुनवाई का मौका देते हुए अलग-अलग तारीख और समय भी तय किए हैं। अगर यह दल 28 अगस्त तक अपना पक्ष नहीं रखते, तो यह माना जाएगा कि इनके पास कहने के लिए कुछ नहीं है। निर्वाचन आयोग ने जुलाई में भी 21 गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को नोटिस जारी किया था। इनमें से सिर्फ छह दलों ने ही आवश्यक कागजात जमा कराए हैं। बाकी सभी 15 राजनीतिक दलों को अपना पक्ष रखने के लिए फिर से नोटिस जारी किए गए हैं। निर्वाचन आयोग की ओर से जिन दलों को नोटिस जारी किया गया है, उनमें अपना राज फ्रंट झज्जर, हरियाणा स्वतंत्र पार्टी झज्जर, राष्ट्रीय बुजुर्ग शक्ति पार्टी झज्जर, भारत (इंटीग्रेटेड) रक्षक दल गुड़गांव, भारतीय जन हित विकास पार्टी गुड़गांव, गुड़गांव रेजिडेंट पार्टी गुड़गांव, हिंद समदर्शी पार्टी गुड़गांव, कर्मा पार्टी गुड़गांव और मेरा गांव-मेरा देश पार्टी गुड़गांव शामिल हैं। इसी तरह नेशनल जनहित कांग्रेस (एबी) गुड़गांव, समरस समाज पार्टी गुड़गांव, टोटल विकास पार्टी गुड़गांव, जनता उदय पार्टी फरीदाबाद, बेरोजगार आदमी अधिकार पार्टी फरीदाबाद, राष्ट्रीय आर्य राज सभा रोहतक, सेवा दल रोहतक, लोक परिवर्तन पार्टी (डीपी) पानीपत, हरियाणा जनरक्षक दल सोनीपत, हरियाणा कान्ति दल कुरुक्षेत्र, राष्ट्रीय कर्मयोग पार्टी करनाल और सुशासन पार्टी भिवानी को भी नोटिस दिए गए हैं।

### महिला के साथ दुष्कर्म के आरोप में मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, जींद।** जुलाना पुलिस को जीरो एफआईआर मिली है, जिसके तहत जुलाना क्षेत्र के एक युवक ने महिला के साथ रेप किया है। महिला ने झज्जर जिले में शिकायत दी तो जुलाना थाना में जीरो एफआईआर पहुंची। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। एक महिला ने झज्जर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह जुलाना थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक युवक के साथ अपने घर से बिना बताए 20 अप्रैल 2025 को आ गई। आरोपी युवक ने 21 अप्रैल को उसके साथ जुलाना के एक होटल में रेप किया। उसके बाद दिल्ली के एक होटल में भी आरोपी ने अपने दोस्तों सहित उसके साथ रेप किया। आरोपी ने उसे व उसके बच्चे को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मंगलवार को जानकारी देते हुए जुलाना थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस को जीरो एफआईआर मिली थी कि एक महिला के साथ जुलाना थाना क्षेत्र के गांव के युवक ने रेप किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पुस्तकालय में कॉमिक पुस्तकें हों उपलब्ध : पलीका

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ प्रशासन के समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभाग की निदेशक डॉ. पलीका अरोड़ा, पीसीएस की अध्यक्षता में, बच्चों के लिए संचालित बाल गृह 'स्नेहालय', मलोया, चंडीगढ़ का राज्य स्तरीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण दल में सुश्री शिप्रा बंसल, अध्यक्ष, चंडीगढ़ बाल अधिकार संरक्षण आयोग, सुमित काहलों, प्रधान मजिस्ट्रेट एवं डॉ. सतिंद्र कौर, सदस्य, किशोर न्याय बोर्ड, बिसमन आहूजा, प्रोग्राम मैनेजर, राज्य दत्तक संसाधन एजेंसी, ज्योत्सना चोपड़ा, सदस्य, बाल कल्याण समिति तथा डॉ. विवेक चोपड़ा, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य सेवाएं विभाग, चंडीगढ़। समिति ने गृह द्वारा रखे गए सभी अभिलेखों, जिनमें वहां निवासरत बच्चों की केस फाइलें भी शामिल थीं, का अवलोकन किया। पाया गया कि सभी बच्चे औपचारिक और अनौपचारिक शिक्षा प्रणाली से जुड़े हुए हैं।

समिति ने बच्चों की कला एवं शिल्प गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की सराहना की, जो उनके द्वारा बनाए गए लेखों और दीवारों पर किए गए सृजनात्मक कार्यों में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल हेतु स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से प्रत्येक तिमाही में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते हैं। किशोर न्याय बोर्ड के प्रधान मजिस्ट्रेट द्वारा सुझाव दिया गया कि पुस्तकालय में अधिक आयु-उपयुक्त कॉमिक पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि बच्चों में पठन-पाठन की आदत को बढ़ावा मिले। इससे पूर्व समिति ने बालिकाओं के लिए संचालित 'स्नेहालय' आश्रेय, प्रेक्षण गृह, विशेष गृह तथा किशोर सुरक्षा गृह का भी निरीक्षण किया।

# एमसीएम में साइबर सुरक्षा और सोशल मीडिया प्रबंधन पर हुआ सत्र

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय, चंडीगढ़ के इंडक्शन वीक के दूसरे दिन आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) ने साइबर सुरक्षा और सोशल मीडिया प्रबंधन विषय पर एक ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन किया। इस सत्र का उद्देश्य छात्राओं को साइबर अपराधों से स्वयं और दूसरों को सुरक्षित रखने के व्यावहारिक उपाय सिखाना तथा जिम्मेदार डिजिटल नागरिकता को बढ़ावा देना था।

इस ज्ञानवर्धक सत्र के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ और स्टेलर डेटा सॉल्यूशंस प्रा. लि. के संस्थापक राजेश राणा ने डिजिटल दुनिया में सुरक्षित और जिम्मेदारीपूर्ण तरीके से चलने के उपाय साझा किए। उन्होंने टेलीग्राम और व्हाट्सएप जैसे प्लेटफॉर्म्स पर बढ़ते म्यूल अकाउंट्स, मनी लॉन्ड्रिंग और ऑनलाइन ठगी की घटनाओं पर चिंता जताई और आज की साइबर दुनिया में सतर्कता की अनिवार्यता पर बल दिया। उन्होंने यह तथ्य भी साझा किया कि विश्व स्तर पर हर आठ में से एक बच्चा ऑनलाइन शोषण का शिकार होता है, जो साइबर सुरक्षा जागरूकता की तत्काल आवश्यकता को दर्शाता है।

उन्होंने यह भी बताया कि इंस्टाग्राम का दुरुपयोग साइबर अपराधियों द्वारा कैसे किया जा रहा है, इसकी विशाल युवा उपयोगकर्ता संख्या और चित्र-आधारित सामग्री इसे शोषण का केंद्र बना सकती है। श्री राणा ने मजबूत पासवर्ड, कड़े प्राइवेसी सेटिंग्स और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जिम्मेदाराना उपयोग पर जोर दिया।

साथ ही उन्होंने संतुलित स्क्रीन टाइम अपनाने तथा समाज में सौहार्द स्थापित करने वाले सकारात्मक कंटेंट साझा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने साइबर कानूनों की जानकारी और स्वस्थ डिजिटल आदतों को ऑनलाइन सुरक्षा के लिए आवश्यक साधन बताया।

कार्यवाहक प्राचार्या नीना शर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आज के आपस में जुड़े हुए विश्व में साइबर सुरक्षा विकल्प नहीं बल्कि अनिवार्यता है। उन्होंने छात्राओं को यह स्मरण दिलाया कि तकनीक और सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से उपयोग करना उनकी जिम्मेदारी है।

ऐसे सत्र उन्हें न केवल संभावित खतरों के प्रति जागरूक करते हैं, बल्कि स्वयं, अपने मित्रों और परिवार को ऑनलाइन खतरों से सुरक्षित रखने के लिए सक्षम भी बनाते हैं।

# हरियाणा में सेवानिवृत्ति से छह माह पहले नहीं मिलेगा एडवांस जीपीएफ

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार ने प्रदेश के सभी प्रशासकीय सचिवों को निर्देश दिए हैं कि सेवानिवृत्ति से पहले, अंतिम छह महीनों की सेवा अवधि में किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) अग्रिम की स्वीकृति न दी जाए। ये निर्देश सामान्य भविष्य निधि से संबंधित प्रक्रियाओं में अनियमितताओं को रोकने के उद्देश्य से जारी किए गए हैं।

हरियाणा के मुख्य सचिव एवं वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने मंगलवार को चंडीगढ़ में बताया कि कर्मचारी की सेवानिवृत्ति की तिथि से पूर्व 12 महीनों में स्वीकृत किए गए अग्रिम या निकासी की जानकारी अनिवार्य रूप से प्रपत्रों में दर्ज और प्रशासनिक विभाग द्वारा प्रमाणित की जानी चाहिए। इसके अलावा, अंतिम भुगतान का मामला प्रधान महालेखाकार के कार्यालय को भेजने के बाद, यदि किसी अपवादात्मक परिस्थिति में अग्रिम स्वीकृत किया जाता है, तो इसकी सूचना तुरंत आधिकारिक ईमेल या अन्य औपचारिक माध्यम से दी जानी चाहिए, ताकि भुगतान में आवश्यक समायोजन किया जा सके। वित्त विभाग के संज्ञान में आया है कि कुछ प्रशासनिक विभाग और आहरण एवं संवितर अधिकारी (डीडीओ), जीपीएफ अंतिम भुगतान मामलों को प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) के कार्यालय को भेजने के बाद भी वसूली योग्य या गैर-वसूली योग्य अग्रिम स्वीकृत कर रहे हैं।

# सीजीसी झंजेरी अब बना सीजीसी यूनिवर्सिटी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था के लिए एक ऐतिहासिक क्षण में चंडीगढ़ ग्रुप ऑफ कॉलेज झंजेरी ने आधिकारिक रूप से सीजीसी यूनिवर्सिटी मोहाली के रूप में अपने रूपांतरण की घोषणा की। यह घोषणा एक प्रभावशाली प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की गई, जो संस्था की 25 वर्षों से अधिक की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मोड़ को दर्शाती है। एक कॉलेज से एक टेक-ड्रिवन, स्वायत्त विश्वविद्यालय बनने तक का यह सफर भविष्य की पीढ़ी को आकार देने की प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है।

यह परिवर्तन उद्योग-एकीकृत शिक्षा की दिशा में एक साहसी रणनीतिक पहल है। सीजीसी यूनिवर्सिटी मोहाली का लक्ष्य भारत को एआई आधारित विकास, टेक-प्रथम लर्निंग और नवाचार का नया केंद्र बनाना है। मौजूदा समय में 90त्न से अधिक ग्रेजुएट्स उभरते क्षेत्रों में नौकरी के योग्य नहीं माने जाते हैं, इसको ध्यान में रखते हुए संस्थान का पाठ्यक्रम लाइव इंडस्ट्री एक्सपोज़र और कॉर्पोरेट्स के साथ मिलकर बनाए गए सर्टिफिकेशन पर आधारित है। यहां 50:50 शिक्षा मॉडल लागू है, जिसमें फैकल्टी और इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स समान रूप से छात्रों को प्रशिक्षित करते हैं। इसका उद्देश्य सिर्फ रोजगार नहीं, बल्कि भविष्य के डिजिटल युग में नेतृत्व के लिए छात्रों को तैयार करना है। कॉन्फ्रेंस में शिक्षा और उद्योग क्षेत्र की कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लिया। संस्थान डिजिटल और वोकेशनल प्रोग्राम के माध्यम से ग्रामीण-शहरी कौशल अंतर को पाट रहा है, वह भी क्षेत्रीय भाषाओं में। विवि टियर-2 और टियर-3 शहरों के फ्रीलांसर और गिग इकॉनमी प्रोफेशनल्स को भी समर्थन देगा।

### रास्ता पूछने के बहाने 1.43 लाख छीनकर फरार

**अनंत ज्ञान, हिसार।** रास्ता पूछने के बहाने कार सवारों ने बाइक चालक से लाखों की नकदी छीन ली और फरार हो गए। अभी युवकों का कोई पता नहीं चल पाया है। मिली जानकारी के अनुसार फतेहाबाद जिले के गांव टिब्बी का रविंद्र गांव गोरखपुर से उधार के एक लाख 43 हजार रुपये लेकर बाइक पर हिसार आ रहा था।

गंगवा बाइपास पुल पर सफेद रंग की स्विफ्ट में सवार दो युवकों ने उससे गोगामेड़ी का रास्ता पूछा। इसी दौरान ये दोनों युवक उससे 1 लाख 43 हजार रुपये छीनकर भाग निकले। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू की। पुलिस आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाल रही है ताकि युवकों बारे कोई सुराग मिल सके।

## देश-विदेश

# मुंबई में भारी बारिश से डूबीं सड़कें घरों और दुकानों में घुसा पानी

**एजेंसी, मुंबई/नई दिल्ली**



महाराष्ट्र के कई जिलों में मंगलवार को तेज बारिश जारी है। पिछले दो दिनों में बारिश से जुड़े हादसों में 6 लोगों की मौत हो गई। अगले 48 घंटे मुंबई, ठाणे, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिले में रेड अलर्ट है।

**मोनोरेल फंसी, 250 से ज्यादा फ्लाइट्स लेट नांदेड़ में 8 की मौत**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि नांदेड़ में बादल फटने से 8 लोगों की मौत हो गई। सेना रेस्क्यू में जुटी है। करीब 500 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। मुंबई में करीब 300 एमएम बारिश हुई है। मीठी नदी का जलस्तर घट रहा है। सुबह मीठी नदी का जलस्तर 3.9 मीटर बढ़ने के कारण कुर्ला क्रांति नगर एरिया से 350 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया गया। शहर में मगलवार को भी स्कूल-कॉलेज, गवर्नमेंट और सेमी-गवर्नमेंट ऑफिस बंद हैं। 250 से ज्यादा फ्लाइट देरी से उड़ रही हैं। अंधेरी सब-वे भी पानी भरने से आज भी बंद है। कई अंडर ब्रिज में 4 फुट तक पानी भरा है। लोकल ट्रेन सर्विस भी प्रभावित है। वहीं, तकनीकी खराबी से मोनोरेल भी फंस गई, जिसमें सैकड़ों यात्री सफर कर रहे थे। हार्बर लाइन का ट्रैक पानी में डूबा हुआ है। (अनंत ज्ञान)

### राहुल की नागरिकता पर अब लखनऊ हाईकोर्ट में सुनवाई

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की नागरिकता केस में ब्रिटेन से रिपोर्ट भारत आ गई है। इसमें पासपोर्ट की कॉपी, सिटिजन डिटेल समेत अन्य जानकारी शामिल है। यह जानकारी याचिकाकर्ता एस विग्नेश शिशिर ने दी। इस मामले में अगले सप्ताह इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में सुनवाई हो सकती है। उसी दौरान इन दस्तावेजों को भी बेंच के सामने रखा जाएगा। याचिकाकर्ता का आरोप है कि राहुल के पास ब्रिटिश नागरिकता है। इस पर हाईकोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा था। इसके बाद केंद्र सरकार ने ब्रिटेन सरकार को लेटर लिखकर जानकारी मांगी थी। ब्रिटेन सरकार ने जुलाई में पुष्टि की थी कि संबंधित जानकारी भारतीय दूतावास के जरिए भारत सरकार को भेज दी गई। (अनंत ज्ञान)

# ट्रेन सफर में ज्यादा सामान पर अब 6 गुना जुर्माना

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**जनरल में 35, एसी टू टियर में 50 और एसी कोच में 70 किलो लिमिट**

भारतीय रेलवे जल्द ही ट्रेन में ले जाने वाले सामान के वजन और साइज को लेकर सख्त नियम लागू करने जा रहा है। ये नियम एयरपोर्ट की तर्ज पर होंगे। लगेज के वजन और साइज को लेकर ये नियम पहले से हैं, लेकिन अब इन्हें सख्ती से लागू करने की तैयारी है। रिपोर्ट के मुताबिक अभी कुछ स्टेशनों पर ये लागू होंगे। इन स्टेशनों पर यात्रियों को अपने सामान को इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीनों से तौलना होगा। अगर सामान तय सीमा से ज्यादा भारी है या वजन कम होने के बावजूद बहुत बड़ा (बल्की) है, तो इसके लिए अतिरिक्त चार्ज या जुर्माना देना होगा।

उत्तर और उत्तर मध्य रेलवे ने इसकी शुरुआत लखनऊ और प्रयागराज मंडल के प्रमुख स्टेशनों से करने का फैसला किया है। इन स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक लगेज मशीनें लगाई जाएंगी। प्लेटफार्म पर एंट्री से पहले बैग का वजन और साइज चेक होगा। रेलवे ने तय किया है कि अब यात्रियों के सामान के वजन और साइज पर कड़ाई से नियम लागू होंगे। अलग-अलग टिकट क्लास के लिए अलग-अलग सामान की सीमा रखी जाएगी। जैसे एसी फर्स्ट क्लास में 70 किलो तक, एसी टू टियर में 50 किलो तक और जनरल क्लास में 35 किलो तक सामान ले जाया जा सकेगा। अगर कोई यात्री अपना सामान वजन के अंदर रखता है, लेकिन उसका साइज इतना बड़ा होता है कि ट्रेन में जगह नहीं बचती, तो उसे जुर्माना देना पड़ सकता है। (अनंत ज्ञान)

### मध्य प्रदेश में 8-9 प्रतिशत वोट की हुई चोरी: कांग्रेस

**एजेंसी, भोपाल।** लोकसभा में राहुल गांधी द्वारा वोटर लिस्ट में गड़बड़ी का मुद्दा उठाने के बाद अब मध्य प्रदेश में भी बड़ा राजनीतिक भूचाल आ गया है। प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने 2023 विधानसभा चुनाव में करीब 16 लाख वोटों का हेरफेर करने का आरोप लगाते हुए सीधे चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। भोपाल में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए सिंघार ने कहा कि 'मध्य प्रदेश में भाजपा ने फर्जी जनादेश से सरकार बनाई। चुनाव आयोग ने इसमें अहम भूमिका निभाई। 2023 के चुनाव से पहले 34 लाख से ज्यादा नए नाम जोड़े गए। सिर्फ दो महीनों में हर रोज 26 हजार वोट जोड़े गए। यानी कुल 16 लाख वोट अचानक बढ़ गए' सिंघार ने दावा किया कि '2018 में भाजपा और कांग्रेस के बीच वोट प्रतिशत का अंतर महज एक प्रतिशत था, जो 2023 में बढ़कर 8-9 प्रतिशत तक पहुंच गया। यानी 8-9 प्रतिशत वोट चोरी कर लिए गए।' सिंघार ने कहा कि चुनाव आयोग हर बार यह दावा करता है कि वह सभी राजनीतिक दलों को पारदर्शी तरीके से मतदाता सूची उपलब्ध कराता है, लेकिन हकीकत अलग है। उन्होंने आरोप लगाया कि '9 जून 2023 को आयोग ने आदेश निकाला था कि 30 जून के बाद जो वोटर हटाए या बढ़ाए गए हैं, उनकी लिस्ट न वेबसाइट पर डाली जाए और न ही किसी को दी जाए।' (अनंत ज्ञान)

### अनुष्का यादव के भाई ने वायरल की थी तस्वीरें: तेजस्वी

एजेंसी, पटना। जिस अनुष्का यादव वाली वायरल फोटो के चलते तेज प्रताप यादव को घर और आरजेडी से बेदखल होना पड़ा, अब उन्हीं तस्वीरों को लेकर विस्फोटक खुलासा हुआ है। यह खुलासा किसी और ने नहीं बल्कि खुद तेज प्रताप यादव ने किया है। उन्होंने इस बारे में बड़ा और धमाकेदार बयान भी दिया है। तेज प्रताप यादव ने कहा है कि आकाश यादव और कुछ जयचंदों के द्वारा हमारी फोटो को वायरल कर देना, हमारी राजनीति को खत्म करने की साजिश है, लेकिन इन जयचंदों को अभी पता नहीं कि हमारा नाम तेज प्रताप यादव है। तुम जैसे टटपूंजिया लोगों से हमारा राजनीतिक जीवन खत्म नहीं होगा बल्कि हम और मजबूती के साथ आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि कोई जयचंद कितनी भी बड़ी से बड़ी भी साजिश कर ले, लेकिन वह हमसे कभी जीत नहीं पाएगा। हम बिहार की राजनीति में अपने संगठन और सोशल प्लेटफार्म टीम तेज प्रताप यादव के माध्यम से पूरे राज्य में जन संवाद करेंगे और चुनाव भी लड़ेंगे। (अनंत ज्ञान)



# प्रधानमंत्री मोदी-वांग यी मुलाकात : भारत चीन रिश्तों में नए अध्याय की तैयारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर चीन के विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की। इससे पहले वांग यी ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ उच्च स्तरीय वार्ताएं कीं। दोनों देशों के बीच हुई यह बातचीत एशियाई दिग्गजों के रिश्तों को स्थिर और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

वांग यी की यह यात्रा शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन से कुछ दिन पहले हो रही है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी तियानजिन में भाग लेंगे। यह मुलाकात ऐसे समय में हो रही है जब भारत-अमेरिका संबंध टैरिफ विवाद के कारण तनावपूर्ण हैं। वार्ता के दौरान एनएसए डोभाल ने कहा कि पिछले नौ महीनों में भारत-चीन संबंधों में प्रगति हुई है और वास्तविक नियंत्रण रेखा पर शांति कायम है। उन्होंने इसे 2020 के गलवान संघर्ष के बाद विश्वास बहाली की दिशा में बड़ा कदम बताया। वहीं, वांग यी ने कहा कि दोनों देशों को रणनीतिक संवाद के जरिए आपसी भरोसा बढ़ाना चाहिए और सीमा से जुड़े मुद्दों का समाधान करना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की आगामी चीन यात्रा को बेहद अहम बताते हुए उम्मीद जताई कि इससे द्विपक्षीय संबंधों में नया अध्याय खुलेगा। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका में शांति वार्ता के बीच रूस का यूक्रेन पर हवाई हमला

**एजेंसी, कीव (यूक्रेन)**



**कई जगह विस्फोट से दहल गए दो शहर**

रूस की सेना ने यूक्रेन के पोल्टावा क्षेत्र पर बड़ा हवाई हमला किया है। रूस ने इस क्षेत्र के क्रेमेनचुक और लुबनी पर ड्रोन और क्रूज मिसाइलें दागीं। हमलों से कई जगह विस्फोट के बाद आग लग गई। क्रेमेनचुक शहर धुएं के गुबार से ढक गया। शहर में बिजली गुल हो गई।

कीव पोस्ट की खबर के अनुसार पोल्टावा क्षेत्र के क्रेमेनचुक पर 19 अगस्त की सुबह रूस ने बम बरसाए। लुबनी में एक साथ कम से कम 30 विस्फोट हुए। यूक्रेन की वायु सेना ने बताया कि रूस ने सुरक्षित हवाई क्षेत्र में दूर से गोलाबारी करने के लिए टीयू-95एमएस क्रूज मिसाइलों का इस्तेमाल किया। सुबह 5:08 बजे खार्किव क्षेत्र के ऊपर पोल्टावा की ओर उड़ती हुई पहली क्रूज मिसाइलों का पता चला। लगभग 5:26 बजे तक क्रेमेनचुक में विस्फोटों की आवाज सुनाई देने लगी।

मेयर विटाली मालेत्स्की ने कहा कि बमों से किए गए विस्फोटों ने शहर को हिलाकर रख दिया। बमबारी से ऊर्जा और परिवहन ढांचे को नुकसान पहुंचा। उन्होंने फेसबुक पर लिखा, 'जिस समय पुतिन फोन पर ट्रंप को शांति का आश्वासन दे रहे थे और जब राष्ट्रपति जेलेंस्की व्हाइट हाउस में यूरोपीय नेताओं के साथ शांति के बारे में बातचीत कर रहे थे, उसी समय पुतिन की सेना ने क्रेमेनचुक पर बड़ा हमला किया।' (अनंत ज्ञान)

### सेंसेक्स 371 अंक चढ़ा, निफ्टी 24950 पर बंद

**एजेंसी, मुंबई।** ब्रॉडर मार्केट चमके सेंसेक्स एक्सपायरी के दिन बाजार में तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स निफ्टी बढ़त के साथ बंद हुआ। मिडकैप, स्मॉलकैप शेयरों में अच्छी तेजी रही। निफ्टी बैंक रिकवरी के साथ बढ़त पर बंद हुआ। तेल-गैस, ऑटो, एफएमसीजी शेयरों में खरीदारी रही जबकि पीएसयू बैंक, एनर्जी, मेटल इंडेक्स बढ़त पर बंद हुआ। डिफेंस, फार्मा शेयरों पर दबाव रहा।



कारोबार के अंत में सेंसेक्स 370.64 अंक यानी 0.46 फीसदी की बढ़त के साथ 81,644.39 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 103.70 अंक यानी 0.42 फीसदी की बढ़त के साथ 24,980.65 के स्तर पर बंद हुआ। (अनंत ज्ञान)

# धराली में बने दलदल में 12 लोकेशन पर दबी कई लाशें

**एजेंसी, धराली**

धराली रेस्क्यू ऑपरेशन के प्रभारी एसडीआरएफ के कमांडेंट अर्पण यदुवंशी के अनुसार प्राकृतिक आपदा में तबाह हुए उत्तराखंड के धराली गांव में हालात बहुत खराब हैं। यहां मलबे में जिंदगी की उम्मीदें टूटती जा रही हैं। हम रोज सुबह 6:30 बजे चार टीमों में बंटते हैं। हर टीम में 40-40 जवान। फिर मौसम का अपडेट लेते हैं। इसके बाद करीब 80 एकड़ में फैले मलबे में जिंदगी खोजना शुरू करते हैं।

हमने आपदाग्रस्त इलाके को 4 सेक्टर में बांटा है और रोज 8 से 10 जगह खुदाई करते हैं। बड़ी मशीनें नहीं हैं, इसलिए हाथों से खुदाई कर रहे। एक-दो घंटे ही काम कर पाते हैं और तेज बारिश होने लगती है। पूरा इलाका दलदल बन जाता है। इसके बाद कुछ भी करने लायक नहीं बचते। पिछले 14 दिन से यही रुटीन है।

हमें पता है कि मलबे में 12 से 13 लोकेशन पर 20 से 25 फुट नीचे कई लाशें दबी हैं, लेकिन मजबूर हैं। ऐसे मलबे को हटाने के लिए भारी अर्थ मूविंग मशीनों की जरूरत है, लेकिन धराली तक रास्ता नहीं होने के चलते मशीनें नहीं आ पा रहीं। हेलिकॉप्टर से इन्हें ला सकते हैं, लेकिन मौसम बिगड़ा हुआ है। (अनंत ज्ञान)

## अभियान

### राहुल ने विरोध कर रहे भाजपा नेताओं को किया फ्लाइंग 'किस'

# बिहार में वोटर अधिकार यात्रा: राहुल की गाड़ी के नीचे आया जवान

**एजेंसी, नवादा**



बिहार के नवादा में 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान राहुल गांधी की सुरक्षा में तैनात एक पुलिसकर्मी गाड़ी के नीचे आ गया। अन्य सुरक्षाकर्मियों ने खींचकर पुलिसकर्मी को बाहर निकाला। राहुल गांधी ने भी उनका हालचाल पूछा।

वोटर लिस्ट रिवीजन (एसआईआर) के खिलाफ 'वोटर अधिकार यात्रा' के तीसरे दिन राहुल गांधी गयाजी से नवादा पहुंचे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग और बीजेपी के बीच पार्टनरशिप है। ये मिलकर वोट चोरी कर रहे हैं। नरेंद्र मोदी, अमित शाह और चुनाव आयुक्त मिलकर आपसे वोट छीन रहे हैं।

तेजस्वी ने कहा कि आप लोग आने वाले लोकसभा चुनाव में महागठबंधन की सरकार बनाइए और राहुल गांधी को देश का अगला प्रधानमंत्री। यात्रा के दौरान भाजपा नेताओं ने हिसुआ पुलिस थाने से राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाए। राहुल ने गाड़ी रुकवाकर उन्हें थम्स-अप किया, फिर फ्लाइंग किस देकर मुस्कुराते हुए आगे निकल गए। बरबीघा के श्रीकृष्ण चौक पर राहुल गांधी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार के युवा वोट चोरी नहीं होने देंगे। वोट हम सब का अधिकार है। हिंदुस्तान में गरीबों के पास आज सिर्फ वोट बचा हुआ है। अगर यह चला गया तो सब चला गया जाएगा। महाराष्ट्र, हरियाणा, मध्य प्रदेश के चुनाव में बीजेपी ने वोट चोरी की है। चुनाव आयोग वोट चोरी करवा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### आसाराम की अंतरिम जमानत 3 सितंबर तक बढ़ाई



**एजेंसी, अहमदाबाद।** दुष्कर्म के दोषी संत आसाराम बापू को गुजरात हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उनकी अस्थायी जमानत 3 सितंबर तक बढ़ा दी है। यह फैसला मंगलवार को आया। दरअसल आसाराम को 2013 के एक बलात्कार मामले में दोषी ठहराया गया था। गांधीनगर की अदालत ने उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मंगलवार को जस्टिस इलेश वोरा और जस्टिस पीएम रावल की खंडपीठ ने आसाराम की जमानत अवधि मामले में सुनवाई की अगली तारीख तीन सितंबर तक बढ़ा दी। आसाराम की जमानत 21 अगस्त को समाप्त हो रही थी। स्वास्थ्य कारणों से उन्हें यह राहत मिली है। उधर, राजस्थान हाईकोर्ट 29 अगस्त को बलात्कार के एक अन्य मामले में आसाराम की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई करेगा। इसके निर्देश पर आसाराम ने सोमवार को अहमदाबाद स्थित सिविल अस्पताल में चिकित्सा जांच कराई। इससे पहले गुजरात हाईकोर्ट ने मुख्य रूप से चिकित्सा आधार पर आसाराम की अंतरिम जमानत 21 अगस्त तक बढ़ा दी थी। (अनंत ज्ञान)

# राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी, अब बना कानून

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मंजूरी मिलने के साथ ही राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक अधिनियम बन गया है। इस विधेयक में भारत के खेल प्रशासन में सुधार का वादा किया गया है। केंद्र सरकार द्वारा जारी राजपत्र अधिसूचना में कहा गया है कि राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई। इसमें कहा गया है, संसद के निम्नलिखित अधिनियम को 18 अगस्त, 2025 को राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त हुई और इसे सामान्य जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025। खेल विधेयक एक दशक से अधिक समय से लंबित था।



इसे पिछले एक वर्ष में विभिन्न हितधारकों के साथ व्यापक विचार के बाद पारित किया गया। इस विधेयक को 23 जुलाई को लोकसभा में पेश किया गया और 11 अगस्त को इसे वहां पारित कर दिया गया। इससे एक दिन बाद राज्यसभा ने दो घंटे से अधिक समय तक चली चर्चा के बाद इसे पारित कर दिया था। नया कानून न केवल प्रशासनिक मानदंड निर्धारित करता है, बल्कि इसमें विवादों के त्वरित समाधान के लिए राष्ट्रीय खेल न्यायाधिकरण के गठन का भी प्रावधान है।

इस कानून में राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) में अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष के पदों के लिए चुनाव लड़ने हेतु मानदंड निर्धारित किए गए हैं। सभी हितधारकों के साथ परामर्श के बाद इसमें संशोधन कर इसे न्यूनतम एक कार्यकाल तक सीमित कर दिया गया है। इस बदलाव से भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की वर्तमान अध्यक्ष पीटी उषा और कल्याण चौबे के लिए दोबारा चुनाव लड़ने का रास्ता भी साफ हो गया है। (अनंत ज्ञान)

## अंतरराष्ट्रीय भागीदारी पर रोक लगाने का अधिकार

**इस** कानून के मुताबिक, केंद्र सरकार को 'राष्ट्रीय हित में निर्देश जारी करने और रोक लगाने की शक्ति' संबंधी धारा के तहत एक आदेश के द्वारा असाधारण परिस्थितियों में भारतीय टीमों और व्यक्तिगत खिलाड़ियों की अंतरराष्ट्रीय भागीदारी पर उचित रोक लगाने का अधिकार होगा। खिलाड़ियों की भागीदारी का मामला अक्सर पाकिस्तान के संबंध में सामने आता है। विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने को लेकर सरकार की नीति पिछले कुछ वर्षों से बेहद स्पष्ट रही है। अगर कोई ऐसी प्रतियोगिता हो जिसमें कई देश भाग ले रहे हों तो उसमें भागीदारी पर कोई रोक नहीं है।

## अधिनियम में राष्ट्रीय खेल न्यायाधिकरण का प्रस्ताव

**एक** और उल्लेखनीय विशेषता राष्ट्रीय खेल न्यायाधिकरण का है। इसके मुताबिक, एक सिविल कोर्ट के पास शक्तियां होंगी और वह महासंघों और एथलीटों से जुड़े चयन से लेकर चुनाव तक के विवादों का निपटारा करेगा। एक बार स्थापित होने के बाद, न्यायाधिकरण के निर्णयों को केवल सर्वोच्च न्यायालय में ही चुनौती दी जा सकेगी। यह कानून प्रशासकों के लिए आयु सीमा के मुद्दे पर कुछ रियायतें देता है, जिसमें 70 से 75 वर्ष की आयु के लोगों को चुनाव लड़ने की अनुमति दी गई है, बशर्ते संबंधित अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के नियम और उपनियम इसकी अनुमति दें। यह राष्ट्रीय खेल संहिता से अलग है, जिसमें आयु सीमा 70 वर्ष निर्धारित की गई थी।

## स्पोर्ट्स विंडो

### पीसीबी केंद्रीय अनुबंध : बाबर और रिजवान श्रेणी बी में खिसके

**एजेंसी, लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मंगलवार को केंद्रीय अनुबंध पाने वाले खिलाड़ियों की सूची जारी की जिसमें पूर्व कप्तान बाबर आजम और वर्तमान वनडे कप्तान मोहम्मद रिजवान को एक पायदान नीचे श्रेणी 'बी' में रखा गया है। पीसीबी को असल में कोई भी क्रिकेटर एलीट श्रेणी में शामिल होने लायक नहीं लगा और उसने 30 खिलाड़ियों को श्रेणी 'बी', 'सी' और 'डी' में रखा है। केंद्रीय अनुबंध एक जुलाई से प्रभावी माना जाएगा। श्रेणी बी (10 खिलाड़ी): अबरार अहमद, बाबर आजम, फखर जमां, हारिस रऊफ, हसन अली, मोहम्मद रिजवान, सईम अयूब, सलमान अली आगा, शादाब खान और शाहीन शाह अफरीदी। श्रेणी सी (10 खिलाड़ी): अब्दुल्ला शफीक, फहीम अशरफ, हसन नवाज, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद नवाज, नसीम शाह, नोमान अली, साहिबजादा फरहान, साजिद खान और सऊद शकील। श्रेणी डी (10 खिलाड़ी) : अहमद दानियाल, हुसैन तलत, खुर्रम शहजाद, खुशदिल शाह, मोहम्मद अब्बास, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद वसीम जूनियर, सलमान मिर्जा, शान मसूद और सुफयान मोकिम।(अनंत ज्ञान)

### रबाडा चोटिल होने के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला से बाहर

**एजेंसी, केर्न्स (ऑस्ट्रेलिया)।** दक्षिण अफ्रीका को ऑस्ट्रेलिया के



खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला से पहले तब करारा झटका लगा जब उसके तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा टखने की चोट के कारण बाहर हो गए। तीस वर्षीय रबाडा का सोमवार को स्कैन हुआ जिसमें उनके दाहिने टखने में सूजन की पुष्टि हुई। रबाडा ऑस्ट्रेलिया में टीम के साथ रहेंगे और रिहैबिलिटेशन से गुजरेंगे। पिछले सप्ताह टी-20 श्रृंखला में सर्वाधिक विकेट लेने वाले केवेना मफाका को रबाडा की जगह टीम में शामिल किया गया, लेकिन पहले वनडे के लिए उन्हें अंतिम एकादश में जगह नहीं दी गई। ऑस्ट्रेलिया ने पहले वनडे में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। (अनंत ज्ञान)

### ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी काइल एडमंड ने संन्यास लिया



**एजेंसी, लंदन।** ब्रिटेन के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी काइल एडमंड ने 30 वर्ष की उम्र में खेल से संन्यास लेने की घोषणा की। एडमंड ने दो एटीपी खिताब जीते और 2018 में एंडी मरे के बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले केवल दूसरे ब्रिटिश खिलाड़ी बने। वह 79 वर्षों में पहली बार डेविस कप जीतने वाली ब्रिटिश टीम का हिस्सा थे और उन्होंने 2016 में ओलंपिक खेलों में भी अपने देश का प्रतिनिधित्व किया था। एडमंड अपने करियर के दौरान घुटने की चोट से परेशान रहे जिसके लिए उन्हें तीन ऑपरेशन कराने पड़े। लॉन टेनिस एसोसिएशन द्वारा जारी एक बयान में एडमंड ने कहा, "पिछले पांच वर्षों में तीन सर्जरी और अन्य चोटों ने मुझे काफी परेशान किया है (और) मेरा शरीर मुझे बता रहा है कि अब खेल को अलविदा कहने का समय आ गया है।"(अनंत ज्ञान)

### बेहतरीन अंदाज में झेंग किनवेन

**झेंग** किनवेन (जन्म 8 अक्टूबर 2002) एक चीनी पेशेवर टेनिस खिलाड़ी हैं। उन्हें डब्ल्यूटीए द्वारा महिला एकल में विश्व में चौथा स्थान दिया गया है, जो जून 2025 में प्राप्त होगा, और ली ना के बाद शीर्ष 5 में पहुंचने वाली वह केवल दूसरी खिलाड़ी है।



## एशिया कप: चीफ सिलेक्टर आगरकर ने किया भारतीय क्रिकेट टीम का ऐलान

# सूर्यकुमार कप्तान और गिल उपकप्तान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

9 सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप टी-20 के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का ऐलान हो गया है। चीफ सिलेक्टर अजित आगरकर ने मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे टीम की घोषणा की। टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे, जबकि भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल को दौरे के लिए उपकप्तान बनाया गया है।

इस साल भारत क्रिकेट एशिया कप का मेजबान है। पाकिस्तान के भारत में खेलने से इनकार के बाद इसे यूएई में आयोजित किया जा रहा है। टीम इंडिया का पहला मुकाबला 10 सितंबर को यूएई से होगा। (अनंत ज्ञान)




### जायसवाल-सुंदर को स्टैंड बाय में रखा

### भारत का 15 मेंबर्स का स्क्वॉड तैयार

**सूर्यकुमार** यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह। स्टैंड बाय- प्रसिद्ध कृष्णा, वाशिंगटन सुंदर, रियान पराग, ध्रुव जुरेल और यशस्वी जयसवाल।

### टूनामेंट में भारत-पाक के हो सकते हैं 3 मुकाबले

**एशिया** कप में भारत-पाकिस्तान के बीच 3 मुकाबले हो सकते है। पहला मैच 14 सितंबर को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। **दूसरा मैच :** एशिया कप में लीग स्टेज के बाद सुपर-4 राउंड होगा। भारत-पाकिस्तान के सुपर-4 राउंड में पहुंचने पर 21 सितंबर को भारत-पाकिस्तान की दूसरी भिड़ंत हो सकती है।

**तीसरा मैच :** अगर दोनों टीमें फाइनल में पहुंचती हैं, तो 28 सितंबर को भारत-पाकिस्तान के बीच एशिया कप में तीसरा मुकाबला खेला जाएगा।

### ग्रुप-ए में भारत के साथ पाक, यूएई व ओमान

**भारतीय** टीम को ग्रुप ए में रखा गया है। उसके साथ पाकिस्तान, यूएई और ओमान की टीमें हैं। ग्रुप-बी श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हॉन्गकॉन्ग हैं। ग्रुप में सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 1-1 मैच खेलेंगी। भारत 10 सितंबर को यूएई, 14 को पाकिस्तान और 19 को ओमान से भिड़ेगा।

### एशिया कप शेड्यूल

9 सितंबर : अफगानिस्तान बनाम हांगकांग
10 सितंबर : भारत बनाम यूएई
11 सितंबर : बांग्लादेश बनाम हांगकांग
12 सितंबर : पाकिस्तान बनाम ओमान
13 सितंबर : बांग्लादेश बनाम श्रीलंका
14 सितंबर : भारत बनाम पाकिस्तान
15 सितंबर : श्रीलंका बनाम हांगकांग
15 सितंबर : यूएई बनाम ओमान
16 सितंबर : बांग्लादेश बनाम अफगानिस्तान
17 सितंबर : पाकिस्तान बनाम यूएई
18 सितंबर : श्रीलंका बनाम अफगानिस्तान
19 सितंबर: भारत बनाम ओमान

### सुपर फोर का शेड्यूल

20 सितंबर, बी1 वीएस बी2
21 सितंबर, ए1 वीएस ए2 (संभावित भारत बनाम पाक)
23 सितंबर, ए2 वीएस बी1
24 सितंबर, ए1 वीएस बी2
25 सितंबर, ए2 वीएस बी2
26 सितंबर, ए1 वीएस बी1
28 सितंबर, फाइनल

## मनु भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता कांस्य पदक

**एजेंसी, श्यामकेंट (कजाकिस्तान)**

ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली भारत की स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने मंगलवार को यहां एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप की महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। भाकर ने आठ महिलाओं के फाइनल में 219.7 अंक हासिल कर तीसरा स्थान हासिल किया। चीन की कियान्के मा ने 243.2 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि कोरिया की जिन यांग को 241.6 अंक के साथ रजत पदक मिला।



भाकर ने 583 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहकर फाइनल में प्रवेश किया था। कोरिया की येजिन ओह ने 585 अंक के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया, लेकिन रैंकिंग अंक के लिए भाग ले रही थीं, जिससे चीन की कियानक्सुन याओ शीर्ष रैंक की निशानेबाज के रूप में फाइनल में पहुंच गइ। ईशा 577 अंकों के साथ नौवें, सुरुचि सिंह 574 अंकों के साथ 12वें, पलक 573 अंकों के साथ 17वें और सुरभि राव 570 अंकों के साथ 25वें स्थान पर रहीं। भाकर, सुरुचि और पलक की तिकड़ी टीम स्पर्धा में 1730 के कुल स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रही।

## एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में खेलेंगी बांग्लादेश और कजाखस्तान की टीम

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पाकिस्तान और ओमान की जगह बिहार के राजगीर में 29 अगस्त से होने वाले पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में बांग्लादेश और कजाखस्तान खेलेंगे। मंगलवार को जारी टूर्नामेंट के कार्यक्रम में यह जानकारी दी गई। भारत सरकार ने कहा था कि वह टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा मुहैया कराएगी लेकिन पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने सुरक्षा कारणों से यात्रा करने से इनकार कर दिया।

## सिंकफील्ड कप शतरंज में प्रज्ञाननंदा ने गुकेश को हराया



**एजेंसी, सेंट लुई (अमेरिका)**

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में विश्व चैंपियन डी गुकेश को हराकर लाइव विश्व रैंकिंग में तीसरा स्थान हासिल कर लिया। प्रज्ञाननंदा अब अमेरिका के लेवोन अरोनियन के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। अमेरिकी खिलाड़ी ने सोमवार को पहले राउंड में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया।

पहले राउंड के अन्य मुकाबलों में अमेरिका के फैबियानो कारूआना ने पोलैंड के डुडा जान-क्रिजस्टोफ के साथ ड्रा खेला, जबकि वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले सैमुअल सवियन ने अपने अमेरिकी हमवतन वेस्ली सो के साथ अंक बांटे। फ्रांस के मैक्सिम वचियर-लाग्रेव ने भी हमवतन अलीरेजा फिरौजा के साथ ड्रा खेला। इस 350,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अभी आठ राउंड होने बाकी हैं। अभी प्रज्ञाननंदा और अरोनियन के बाद छह खिलाड़ी संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं, जबकि गुकेश और अब्दुसत्तोरोव को अभी खाता खोलना है। प्रज्ञाननंदा ने गुकेश के खिलाफ सफेद मोहरों से खेलने का पूरा फायदा उठाया और केवल 36 चाल में जीत दर्ज की। प्रज्ञाननंदा ने मैच के बाद कहा, "मुझे नहीं पता कि आज क्या हुआ। मुझे लगता है कि वह थोड़ा असहज था। दो साल से उसके खिलाफ क्लासिकल शतरंज में जीत हासिल नहीं की थी। (अनंत ज्ञान)

## आईएसएल विवादों को सुलझाएं एआईएफएफ और एफएसडीएल : फीफप्रो

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी संघ (फीफप्रो) ने मंगलवार को भारतीय क्लब फुटबॉल में बढ़ती अनिश्चितता पर चिंता व्यक्त करते हुए संकट के शीघ्र समाधान का आह्वान किया। फीफप्रो ने कहा कि देश की शीर्ष स्तरीय इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के भविष्य को लेकर अनिश्चितता के कारण क्लब फुटबॉल 'संकट से गुजर रहा है'। उसने इस खेल के हितधारकों से संकट से उबरने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आग्रह किया।

फीफप्रो ने एक बयान में कहा, 'फीफप्रो एशिया/ओशिनिया भारतीय पेशेवर फुटबॉल में बढ़ती अनिश्चितता से काफी चिंतित है और इसके त्वरित समाधान का आह्वान करता है।'

देश की शीर्ष फुटबॉल लीग के आयोजक एफएसडीएल (फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड) ने एमआरए (मास्टर्स राइट एग्रीमेंट) के नवीनीकरण के मुद्दे पर एआईएफएफ (अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ) के साथ टकराव के कारण आईएसएल को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया है। इसके बाद तीन क्लबों ने अपनी मुख्य टीम का या तो संचालन रोक दिया है या खिलाड़ियों और कर्मचारियों के वेतन को निलंबित कर दिया है।

फीफप्रो ने कहा, " आईएसएल को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया है। इससे खिलाड़ियों की आजीविका, करियर और कल्याण पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है।' खिलाड़ियों के श्रम अधिकारों का सीधा उल्लंघन है और काफी परेशानी का कारण बन रही है। (अनंत ज्ञान)

## अल्काराज ने सिनसिनाटी ओपन जीता, पहले सेट में **रिटायर** हुए सिनर

**एजेंसी, सिनसिनाटी**

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर के अस्वस्थ होने के कारण पहले सेट से



रिटायर होने के बाद कार्लोस अल्काराज ने सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम सुरक्षित किया।

यह दोनों खिलाड़ी इस साल चौथी बार और विंबलडन के बाद पहली बार फाइनल में आमने-सामने थे लेकिन सिनर की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहले सेट में लगातार गलतियों के कारण वह 5-0 से पीछे हो गए। ब्रेक के दौरान उनके सिर पर आइस पैक देखा गया और सिर्फ 22 मिनट खेलने के बाद ही उन्होंने मैच से हटने का फैसला किया। सिनर ने कहा, 'मुझे कुछ खास अच्छा नहीं लग रहा था। मुझे लगा था कि रातभर में स्थिति में सुधार हो जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मैं बस दर्शकों के लिए कोर्ट पर उतरने की कोशिश कर रहा था, लेकिन मेरे लिए खेल जारी रखना बहुत मुश्किल हो गया था। सिनसिनाटी ओपन में यह केवल तीसरा अवसर था जब किसी खिलाड़ी के हटने के कारण पुरुष वर्ग का फाइनल पूरा नहीं हो पाया। इससे पहले आखिरी बार 2011 में ऐसा हुआ था जब नोवाक जोकोविच ने कंधे की चोट के कारण दूसरे सेट में मैच से हटने का फैसला किया था। इससे सिनर का हार्ड कोर्ट पर 26 मैच जीतने का सिलसिला भी टूट गया। (अनंत ज्ञान)

### इगा स्वियातेक ने जैस्मीन पाओलिनी को हराया



**विश्व** में तीसरी रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने सातवें नंबर की जैस्मीन पाओलिनी को 7-5, 6-4 से हराकर पहली बार सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। स्वियातेक ने कहा, 'यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। इस साल के लिए मैंने जो लक्ष्य तय किए उनमें यहां खिताब जीतना भी शामिल था। अमेरिकी ओपन से पहले यहां जीत हासिल करके बहुत अच्छा लग रहा है।' पाओलिनी ने पहले सेट में 3-0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन स्वियातेक ने वापसी करते हुए स्कोर 5-3 कर दिया। पाओलिनी ने सर्विस तोड़कर स्कोर 5-5 से बराबर कर लिया, लेकिन स्वियातेक पहला सेट 56 मिनट में जीतने में सफल रही। स्वियातेक के मैच के आठवें ऐस ने उन्हें दूसरे सेट में 5-3 की बढ़त दिला दी। पाओलिनी ने दूसरे सेट में दो बार सर्विस तोड़ी लेकिन स्वियातेक मैच जीतकर अपने करियर का 24वां एकल खिताब हासिल करने में सफल रहीं।

## अर्पित गोल्ड, अक्षायनि सिल्वर व कशिश ने जीता कांस्य पदक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

फायर फॉर गोल्ड शूटिंग अकादमी के शूटरों ने 30वीं राज्य स्तरीय शूटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर कई पदक अपने नाम किए और प्री-नेशनल के लिए क्वालीफाई किया। यह चैंपियनशिप 14 से 18 अगस्त तक सिरमौर के धौलाकुआं में आयोजित की गई थी। अकादमी के होनहार शूटर अर्पित सिंह ने 10 मीटर यूथ मैन राइफल इवेंट में 385/400 के स्कोर के साथ गोल्ड मेडल जीतकर सबका ध्यान खींचा।




वहीं, शूटर अक्षायनि शर्मा ने 10 मीटर एयर राइफल सब यूथ वूमेन और यूथ वूमेन दोनों वर्गों में सिल्वर मेडल हासिल किए। उनका स्कोर 378/400 रहा, जो उनके कौशल का परिचायक है। कशिश शर्मा ने 10 मीटर एयर पिस्तौल वूमेन (आईएसएसएफ) कैटेगरी में 553/600 स्कोर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही कशिश शर्मा ने नेशनल के लिए क्वालीफाई किया। फायर फॉर गोल्ड अकादमी के अन्य शूटर गौरव जम्वाल, घनश्याम ठाकुर, किश्तिज चंदेल और अर्णव सिंह रावत ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए प्री-नेशनल के लिए क्वालीफाई कर लिया।

मुनीश गुलेरिया शूटिंग कोच ने बताया कि फायर फॉर गोल्ड शूटिंग अकादमी की स्थापना वर्ष 2017 में हुई थी, तब से लेकर यहां से 40 से अधिक शूटर क्षेत्र का नाम रोशन कर चुके हैं।

## वनडे सीरीज: 3 बैटर्स ने फिफ्टी लगाई, केशव महाराज को 5 विकेट

# साउथ अफ्रीका ने पहले वनडे में ऑस्ट्रेलिया को हराया

**एजेंसी, कैर्न्स**

साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को पहले वनडे में 98 रन से हरा दिया, इसी के साथ टीम ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। कैर्न्स में ऑस्ट्रेलिया ने बॉलिंग चुनी। साउथ अफ्रीका ने 3 प्लेयर्स की फिफ्टी के दम पर 296 रन बना दिए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया 198 रन बनाकर सिमट गई।

वहीं साउथ अफ्रीका से ओपनर ऐडन मार्करम, कप्तान टेम्बा बावुमा और मैथ्यू ब्रीट्जके ने अर्धशतकीय पारी खेली। मार्करम ने सबसे ज्यादा 81 बॉल पर 82 रन बनाए। इनमें 9 चौके शामिल रहे।

रायन रिकेल्टन ने 33 और वियान मुल्डर ने नाबाद 31 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ट्रैविस हेड ने 4 विकेट झटके। बेन ड्वारशस को 2 और एडम




जम्पा को एक विकेट मिला। 297 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी कंगारू टीम को ट्रैविस हेड और मिचेल मार्श ने मजबूत शुरुआत दिलाई। दोनों ने 7 ओवर में 60 रन की पार्टनरशिप कर ली।

हेड 27 रन बनाकर आउट हुए, उनके बाद तो विकेट की झड़ी लग गई। केशव महाराज ने पहले पावरप्ले के बाद ऑस्ट्रेलिया को बैकफुट पर धकेल दिया। मार्नस लाबुशेन 1, कैमरन ग्रीन 3, जोश इंग्लिस 5, आरोन हार्डी 4 और एलेक्स कैरी खाता खोले बगैर आउट हो गए। टीम ने 89 रन पर 6 विकेट गंवा दिए। (अनंत ज्ञान)

### केशव महाराज बने प्लेयर ऑफ द मैच

**कप्तान** मार्श ने फिर फिफ्टी लगाई और बेन ड्वारशस के साथ पारी संभाल ली। दोनों ने टीम को 150 के पार पहुंचा दिया। ड्वारशस 33 रन बनाकर आउट हुए, उनके बाद मार्श भी 88 रन के स्कोर पर पवेलियन लौट गए। नाथन एलिस 14 और एडम जम्पा 14 रन बनाकर आउट हुए, इसी के साथ टीम 198 रन पर सिमट गई। साउथ अफ्रीका के लिए केशव महाराज ने 5 विकेट लिए। उन्हें ही प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी मिला। नांद्रे बर्गर और लुंगी एनगिडी ने 2-2 विकेट लिए। प्रेनेलन सुब्रायन को 1 विकेट मिला। सीरीज का दूसरा वनडे 22 अगस्त को मैकाय में खेला जाएगा।

## शटल के संकट से जूझ रहा है बैडमिंटन, विकल्प तलाशना जरूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बैडमिंटन की जीवन रेखा कही जाने वाली शटलकॉक इस खेल की सबसे बड़ी चिंता बन गई है, क्योंकि चीन में कच्चे माल की भारी कमी के कारण पिछले एक साल में पंख वाले शटलकॉक की कीमतें दोगुनी से भी अधिक हो गई हैं।

फ्रांसीसी समाचार पत्र एल'इक्विप में हाल ही में प्रकाशित एक लेख में इस संकट के लिए चीन में खान-पान की बदलती आदतों को जिम्मेदार ठहराया गया है, जहां बत्तख और हंस के मांस की अपेक्षा सूअर के मांस को प्राथमिकता दिए जाने के कारण इन पक्षियों का पालन कम कर दिया है। बैडमिंटन की विश्व भर में बढ़ती लोकप्रियता भी इसका एक और कारण माना जा रहा है। इस दबाव ने भारत के शीर्ष हितधारकों को यह स्वीकार करने के लिए मजबूर कर दिया है कि खेल अब केवल हंस और बत्तख के पंखों पर निर्भर नहीं रह सकता। मुख्य राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद ने पीटीआई से कहा, "आज नहीं तो कल हमें पंखों वाली शटल का विकल्प तलाश करना ही होगा। यह खेल पिछले कुछ वर्षों में तेजी से आगे बढ़ा है। अकेले चीन, इंडोनेशिया और भारत में शटल का बहुत अधिक उपयोग किया जाता है।" उन्होंने कहा, "यह कमी सिर्फ बत्तखों या हंसों की कम संख्या के कारण नहीं है, बल्कि इसलिए भी है क्योंकि ज्यादा लोग बैडमिंटन खेल रहे हैं। यह एक अच्छा संकेत है। भारतीय बैडमिंटन संघ के सचिव संजय मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय शिविरों के लिए शटल की कमी नहीं होने दी जाएगी लेकिन उन्होंने माना कि भविष्य में यह एक बड़ी चुनौती होगी। उन्होंने कहा, "योनेक्स ने हमें 20 अगस्त के बाद शटल की खेप भेजने का आश्वासन दिया है।(अनंत ज्ञान)